सुप्रभात
रांची, मंगलवार
31.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 198



06 इस बजट में सरकार को जीडीपी की चिंता नहीं


## 74 वें गणतंत्र दिवस
के पावन अवसर पर चंदवा प्रखंड समेत समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



आईये हम सभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथो को मजबूत करें व उनके द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभारी बने।

**अमित कुमार गुप्ता**
भाजपा मंडल अध्यक्ष
चंदवा

### भाजपा परिवार चंदवा

आशिष सिंह, संजय साहू, विजय दुबे, जयराम साहू, मंजू देवी, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मनिष गुप्ता, हिरामणी देवी, भुनेश्वर प्रजापति, राजेश गंझू, विभा साहू, विनोद कुमार बिनू,सेट्टी सिंह, सचिन कुमार, रिकी वर्मा, संटू कुमार गुप्ता, दुर्गा ठाकुर, सूर्य नारायण साहू, विरेन्द्र प्रसाद, प्रेमनाथ साहू, सुनिल मुंडा, उमेश गंझू, देवमणि वैद्य, आशिष लाल, प्रदीप ठाकुर, राजन भगत, साजिद खान, शषि देवी, श्रुति देवी, शंकर मुंडा, मनोज पाठक, मुरारी साव, रामकिशुन गंझु, जनक महतो, अमित सिंह, शर्मा गंझु, संतन साहू, अर्जुन यादव, रविन्द्र साव, यमुना चौधरी, मदन साव, अमित कुमार व समस्त भाजपा कार्यकर्ता।

**निवेदकः- भाजपा मंडल कमिटि चंदवा**



74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बारियातू प्रखंडवासियों को
## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आईये हमसभी मिलकर बारियातू प्रखंड के चहुंमुखी विकास में अपना योगदान दें।



**दीपाली भगत**
बीडीओ सह सीओ



**सुरेश राम**
सीआई





प्रखंड सह अंचल कार्यालय बारियातू

प्रखंड नाजीरः-महेंद्र कुमार विधिकर, संजीव कुमार
बीपीओः- रवि कुमार यादव,
पीएम आवास समन्वयकः-शशी कुजुर
मनरेगा जेईः- प्रदीप कुमार भगत, प्रभात उरांव,
15वें वित्त जेईः- निशांत कुमार, शशीभुषन उरांव,
पंचायत सेवकः-प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, रामदेव नगेसीया, अनेश्वर प्रसाद, अर्विन्द पाण्डेय
राजस्व कर्मचारीः-शोएब अख्तर, लाल बिहारी उरांव, अमित कुमार,
अमीनः- संजय यादव
रोजगार सेवकः-संतोष यादव, आजाद वर्मा, नईम खान, शिव प्रसाद, राजदेव सिंह रेखा कुमारी, अविनाश रंजन

**बारियातु प्रखंड सह अंचल परिवार**



# प्रखंड सह अचंल परिवार लातेहार
### 74 वें गणतंत्र दिवस पर समस्त लातेहार जिला व प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई
आइये हम सभी मिलकर लातेहार जिले के विकास में अपनी भुमिका निभाएं एवं लातेहार प्रखंड को राज्य का सबसे आदर्श व विकसित प्रखंड बनाये



**मेघनाथ उरांव**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
लातेहार



**रुद्र प्रताप**
अंचल अधिकारी
लातेहार



**उदल राम**
अंचल निरीक्षक
लातेहार



**जन वितरण प्रणाली संघ**
लातेहार

### राजस्व उप निरीक्षक
•वृदा उरांव •सुलेमान अंसारी
•कृष्णा उरांव
•फिबियानुस टोप्पो •ओमप्रकाश
•प्रेम एक्का •सुलेमान अंसारी
•कृष्णा राम •गुलाम साबिर



**केतन गुप्ता**
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी
लातेहार



**रघुनंदन कुमार**
प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी
सह गोदाम प्रबंधक लातेहार



**हीरा सिंह**
लातेहार

### रोजगार सेवक लातेहार प्रखंड
•जितेन्द्र कुमार यादव •निर्मला कुमारी •संजीव कुमार भगत
•सत्येन्द्र उरांव •दिनदयाल सिंह •बबीता कुमारी •सुरेश उरांव
•राजकुमार उरांव •प्रदीप सिंह •रेखा कुमारी •विशाल प्रसाद
•उषा जयसवाल •अकतर हुसैन •उमेश पाठक •मंजु देवी
•सुशिला देवी •मेराजुल हक •धनदेव सिंह

### पंचायत सेवक लातेहार प्रखंड
•करमा उरांव •साकेत कुमार •मनोज प्रसाद
•योगेन्द्र प्रसाद •उमेश कुजूर •सामु उरांव •संतोष उरांव
•नागेश्वर रजक •सेराफिनुस खालखों •अर्पण तिग्गा
•सुदेसर प्रसाद •विलसन लकड़ा •बिनोद उरांव



## राजभवन से 1932 खतियान आधारित विधेयक लौटाये जाने से झामुमो लाल, कहा

# विधेयक को दोबारा राजभवन भेजेगी सरकार

### राज्यपाल मूलवासी और आदिवासियों के हित में लें फैसला : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झामुमो के मुताबिक 1932 का खतियान और इस पर आधारित स्थानीय नीति राज्य के मूलवासियों, आदिवासियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। सोमवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस पर राजनीति से बचने की जरूरत है। झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में कहा कि राज्यपाल ने विधेयक को पूरी तरह नहीं देखा होगा। वैसे विधेयक वापस लौटाये जाने से पूर्व उन्होंने इस पर कानूनविदों से राय ली होगी। खुद भी वे विद्वान हैं। पर इतने महत्वपूर्ण और बड़े विधेयक को विस्तृत तौर पर देखा जाना चाहिये। आर्टिकल 21-बी में स्पष्ट लिखा है कि विधानसभा किसी जरूरी विषय को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को भेज सकती है। वैसे राज्य सरकार इतने अहम विधेयक के मसले पर कानूनविदों, संविधान के जानकारों की मदद लेगी। दोबारा राज्यपाल के पास भेजेगी।

**सही परिपाटी नहीं दिखा रहा राजभवन** : सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक जब जब मूलवासी, आदिवासियों के हक, अधिकार से जुड़े मुद्दों पर सरकार प्रयास करती है, तब तब ऐसी स्थिति आ जाती है। झारखंड विरोधी और बाहरी तत्व आंखें तरेरने लगते हैं। राज्यपाल विधानसभा के संरक्षक भी हैं। उनकी सरकार बजट भी आने वाले समय में पेश करेगी। वही विधानसभा अपने संरक्षक को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विधेयक केंद्र को भेजने को कहती है तो उन्हें आर्टिकल 12, 15, 16, 18 सब याद आने लगता है। ऐसी परिपाटी रही भी नहीं है। राजभवन अगर राज्य के लोगों के हक, अधिकारों के संरक्षण का काम नहीं करेगा तो पांचवीं अनुसूची में इस राज्य का जो हक है, उसकी सुरक्षा कौन करेगा। राज्यपाल न केवल केंद्र सरकार के प्रतिनिधि हैं, बल्कि संविधान के संरक्षक राष्ट्रपति के भी प्रतिनिधि हैं। निश्चित तौर पर झामुमो इस तरह की चीजों से आहत है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब बाहरी जनता पार्टी हो गयी है। वह खुलकर खतियान का विरोध करे। कहे कि वह खतियान के खिलाफ है। आने वाले समय में झामुमो भाजपा के मनोभाव को एक्सपोज करेंगी। कानूनी विकल्पों पर पहल करेगी।

### स्थानीय नीति संबंधी विधेयक की आपत्तियों पर पुनर्विचार करे राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति वाला विधेयक राजभवन से लौटाये जाने पर हेमंत सरकार को गौर फरमाना चाहिये। उन्होंने राज्य सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि विधेयक में राज्यपाल की आपत्तियों पर गंभीरतापूर्वक विचार करें क्योंकि यह मामला झारखंड की जनता के हित से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसमें बार-बार राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के हित में झारखंड की धरती पर ही विधि-सम्मत निर्णय ले सकती है। राज्य सरकार को राजनीति बंद कर अपने संविधान सम्मत अधिकारों का सदुपयोग करना चाहिए। राज्य सरकार को नीति बनाने का पूरा अधिकार है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति का मामला तो राज्य हित से जुड़ा है इसलिए इस मामले में नामी कानूनविदों, वकीलों को महंगी फीस देकर सलाह लेने से राज्य सरकार को परहेज नहीं करना चाहिए।

# कैडर आवंटन मामले में याचिकाकर्ता को नोटिस

### छठी जेपीएससी : रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों का मामला

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को छठी जेपीएससी में रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों के मेरिट को कंसीडर कर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किये जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो एवं कुमार अविनाश की अपील याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने कार्यरत अनुशंसित अभ्यर्थी चंदन कुमार, गौतम कुमार, कुमार अविनाश की अपील पर सुनवाई करते हुए उनको प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया। वहीं कार्यरत अभ्यर्थी संजय कुमार महतो पहले से ही प्रतिवादी बनाए गए थे, कोर्ट ने उन्हें भी नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी।

यह मामला छठी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाए थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था। जबकि याचिकाकर्ता का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था।

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कैटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किए जाने को सही ठहराया था। वहीं याचिकाकर्ता का कहना था कि उनका कैडर आवंटन उन्हीं की रिजर्व कैटेगरी में होना चाहिए था। याचिकाकर्ता ने एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी है।


Govt. of Jharkhand Energy Department
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**Short Tender Notice (Very Urgent)**
**Tender reference no.: 40/JREDA/SI/DEO-BAS/22-23**
**Dated: 28.01.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply of 50W 130 nos. of Street Light Luminary, 1200 Mtrs 25²mm 3.5 Core Armoured Cable and 20 Nos. of 07 Meters Steel Tubular Pole for Street Lights installed at Dhibarisar Solar Power Plant, Deoghar-Basukinath Highway, Jharkhand. |
| 2 | Tentative estimate cost (Rs.) | **Rs. 9.00 (Nine) Lakh** |
| 3 | Completion of work | **15 (Fifteen) days** |
| 4 | Date of publication of Tender on website: www.jreda.com | **01.02.2023 (Wednesday)** |
| 5 | Last date & time for receipt of offline bids | **09.02.2023 (Thursday)** upto 05:00 PM |
| 6 | Tender Opening Date & Time | **10.02.2023 (Friday)** at 3.00 P.M. |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 8 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61/9570086777 |
| 9 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website:** www.jreda.com. **Further details can be seen on website:**www.jreda.com

**Sd/-**
**Director,**
**JREDA, Ranchi**

PR 288752 Energy (22-23)D


### अनुबंध स्वास्थ्यकर्मियो की मांगों पर होगी संवैधानिक पहल : मुस्ताक आलम

# सात फरवरी को स्वास्थ्य मंत्री ने होगी बातचीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि पर कल झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राँची जिला समिति द्वारा मोराबादी स्थित बापू वाटिका में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उसके बाद जिलाध्यक्ष मुशताक आलम 7 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ्य का जायजा लेने धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान कुछ स्वास्थ्य कर्मी की हालत बिगड़ती देख एम्बुलेंस मंगवा कर अस्पताल भेजवाया। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों के 6 प्रतिनिधियों को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पास लेकर गए। जगरनाथ महतो ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से बात की और आन्दोलनरत स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर विचार करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री ने सात फरवरी को वार्ता के लिए बुलाया। वहीं झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में आन्दोलन पर बैठे लोगों से आग्रह किया कि आमरण अनशन खत्म कर दें। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर संवैधानिक तरीके से विचार किया जाएगा।

मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, अंतु तिर्की, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू , जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जनक नायक, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, परवेज आलम गुड्डू, अब्दुल्ला हबीब, सुजीत कुजुर, जावेद अख्तर अन्सारी, बेलाल अन्सारी, संध्या गुड़िया, रोमा सरकार, राधा हेंब्रोम, सुषमा बरदेवा, कमरान, गोपाल पाण्डे, वसीम राबिया खान, सद्दाम, पपली ओझा, निखिल मिश्रा, अवधेश यादव, सूरज मुंडा, संकी, गुलाम रब्बानी आदि शामिल थे।

## स्वास्थ्य कर्मियों के आंदोलन को माले विधायक विनोद सिंह का मिला समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने झारखंड जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आंदोलन को समर्थन दिया है। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। श्री सिंह ने कहा कि भाकपा माले आंदोलन का समर्थन करती है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं की विशाल संख्या सशक्तिकरण का सबसे उत्कृष्ट मॉडल है। बावजूद केंद्र व राज्य सरकार उदासीन है। पिछली गैर भाजपा सरकार के समय में ही वर्ष 2014 में अनुबंध पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की सेवा नियमित हुई थी। इस बार भी स्थायी नियुक्ति करने के लिए सरकार को बाध्य होना पड़ेगा। अगर इससे बात नहीं बनी तो इस बार के बजट सत्र में नियुक्तियों को स्थायी करने की मांग जोरदार तरीके से उठाया जायेगा और सरकार को कर्मचारियों के पक्ष में फैसला करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए 20 प्रतिशत ग्रेस देने की घोषणा से बात नहीं बनेगी, बल्कि राज्य सरकार आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की सेवा स्थायी करने की दिशा में ठोस पहल करें। इस दौरान माले राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, नंदिता भट्टााचार्य समेत अन्य लोग मौजूद थे।


**Jan Shikshan Sansthan**
**Palamu, Jharkhand**
Email: jsspalamu@gmail.com

**Requires Director**

**Qualification:**

- **ESSENTIAL :**
  1. Minimum Graduation/ Master's Degree with Second Class from a recognized University/Institution or Equivalent.
  2. Seven Years Experience in a supervisor capacity preferably but not necessarily in the field of education or social sciences.
  3. Conducting Skill Development Programs and Experience in livelihood promotions
  4. Working Knowledge of the local language
- **DESIRABLE :**
  1. Vocational Degree/Diploma B.sc IT/M.Sc. IT/ BCA/MCA/BBA/ MBA/PGDM/PGDRD with relevant Experiences of conducting Skill Development Program.
  2. Experience in Administration /Management/Accounts
  3. Experience in Guiding/Conducting Research or Education
- **AGE: -** Minimum 30 Years and Maximum 50 years as on the last date of receipt of application.
- **EMOLUMENTS:** Consolidated salary of Rs. 30,000/- to 40,000/- per month (all Inclusive). No other allowance will be paid.
- **CONTRACT:** Initially for three years, out of which first year of the first term will be the probation period and extendable for two years based on satisfactory performance and mutual agreement.

**Apply within 30 days from the date of publication of advertisement through e-mail- "jsspalamu@gmail.com " only. Shortlisted candidates at the time of interview has to bring original and duplicates copies of academic, experience, two references, proof of Aadhar and passport size photograph duly Signed.**



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन0आर0ई0पी0, चतरा।
ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/06/2022-23 दिनांक– 28.01.2023

1. मद का नामः राज्य योजना अनाबद्ध के अन्तर्गत :–

| क्र० सं० | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कुंदा | कुंदा | कुंदा | बेरियावक में संजय विश्वकर्मा के घर से आम गाछ होते हुए कैल गंझु के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2499700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 31.03.23 |
| 02 | कुंदा | बौधाडीह | बौधाडीह | पंचायत भवन से अम्बा टोला होते हुए जयराम भारती के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2467500.00 | 49500.00 | 5000.00 | 31.03.23 |
| 03 | कुंदा | कुंदा | लेवाड़ | उमेश यादव के घर से सतेन्द्र यादव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2493500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 31.03.23 |
| 04 | कुंदा | मरगड़ा | मेदरा | इंद्रदेव गंझु के घर से टिटहिंमरगांव विनोद गंझु के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2484600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 31.03.23 |
| 05 | हंटरगंज | उरैली | उरैली | आरइओ मेन रोड से राजेन्द्र राम के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2492900.00 | 50000.00 | 5000.00 | 31.03.23 |
| 06 | हंटरगंज | केंदलीकला | केन्दलीखुर्द | नंदलाल ठाकुर के घर से नहर होते हुए रामदीन के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2466400.00 | 49500.00 | 5000.00 | 31.03.23 |
| 07 | चतरा | सिकीद | सिकीद | रजगुरूवा देवी मंडप से तीन मुहाना से गराजातरी तक पी०सी०सी० पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 1994200.00 | 40000.00 | 5000.00 | 31.03.23 |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.02.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 10.02.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 11.02.2023पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 13.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487–9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 288664 NREP(22-23)D


### आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के प्रथम दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

# अपनी उपलब्धियों से राज्य का नाम रोशन करें और विद्यार्थियों के लिए प्रेरक बनें : राज्यपाल

**हिंदी को देश की एकता, अखण्डता व समृद्धशाली के लिए जरूरी बताया**

**पद्मश्री मुकुंद नायक को विश्वविद्यालय ने दर्शनशास्त्र में मानद उपाधि दी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग/दारू।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरवा खरबा स्थित मुख्य कैंपस में सोमवार को आयोजित विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 148 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि कुलाधिपति सह राज्यपाल रमेश बैस ने उपाधि प्रदान की। इसमें 56 मेधावियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उपाधि ग्रहण करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पदक हासिल करने वाले विद्यार्थी विशेष रूप से प्रशंसा के पात्र हैं। यह उनकी लगन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि वे एक अभिभावक के रूप में विद्यार्थियों को प्रेरित करने की कोशिश करते हैं और आशा व्यक्त करते हैं कि राज्य का हर विद्यार्थी बेहतर करे। उन्होंने विद्यार्थियों से उम्मीद जतायी कि आप यहाँ अर्जित ज्ञान एवं व्यक्तिगत अनुभव से जीवन में आनेवाली विभिन्न चुनौतियों का कुशलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होंगे और प्रतिस्पर्द्धा के इस युग में अपनी उपलब्धियों से इस विश्वविद्यालय ही नहीं, राज्य का नाम भी रौशन करेंगे और साथ ही साथ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेंगे। हिंदी को देश की एकता, अखंडता और समृद्धशाली भारत के लिए जरूरी बताते हुए बोलचाल के साथ साथ कामकाज की भाषा बनाने की अपील भी की। उन्होंने बताया इसरो, एनटीपीसी जैसे ख्याति प्राप्त संस्थाओं के द्वारा आज भी हिंदी को अपने संस्थान में कामकाज की भाषा के रूप में अपनाया गया है। साथ ही विद्यार्थियों को अपने ज्ञान बढ़ाने के लिए अन्य वैश्विक भाषाओं को भी सीखने, परंतु हिंदी का सम्मान करने व दैनिक जीवन में हिंदी के प्रचार प्रसार, बढ़ावा देने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित भी किया।

# भारत जोड़ो यात्रा ने देश को एक अलग विजन दिया: राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का समापन सोमवार को श्रीनगर के शेरे-ए-कश्मीर स्टेडियम में रैली के आयोजन के साथ हुआ। इस ऐतिहासिक यात्रा के समापन का गवाह झारखंड भी बना। समापन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा के राज्य संयोजक सुबोधकांत सहाय ने शिरकत किया।


यात्रा के समापन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस यात्रा का लक्ष्य लोगों को जोड़ना था, नफरत खत्म करना था और यह सुखद संदेश है कि इस यात्रा में कांग्रेसजनों से ज्यादा आमजनता, शिक्षाविद्, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, आरबीआई के पूर्व गर्वनर, फिल्म अभिनेता-अभिनेत्री कई गणमान्य हस्तियों ने यात्रा में शामिल होकर अपना विजन स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने देश को एक अलग विजन दिया है। जहां केन्द्र में बैठी भाजपानीत सरकार देश को नफरत और अहंकार से भरा विजन दिया। वहीं इस यात्रा के जरीय कांग्रेस ने देश को मोहब्बत और भाईचारे का विजन देने का काम किया है। कांग्रेस ने हर मुश्किल समय में भारत को जोड़ने का काम किया है। आमलगीर आलम ने कहा कि आज देश की विविधता खतरे में है। विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता को देश के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस हमेशा इन बुराईयों के खिलाफ लड़ता रहेगा। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक भाषा से दूसरे भाषा से, एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है। लोगों के दिलों में असुरक्षा और डर पैदाकर समाज में नफरत का बीज बोया जा रहा है। लेकिन इस यात्रा ने नफरतों की दीवार गिरा दी।

## राजभवन से 1932 खतियान आधारित विधेयक लौटाये जाने के बाद पक्ष-विपक्ष में झकझूमर

# झारखंड की राजनीति को फिर झकझोरने लगा 1932 का जिन्न

**उदय चौहान**





**रांची।** 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति को राजभवन ने लौटाये जाने के बाद राजनीतिक पारा चढ़ गया है। जहां सत्ताधारी झामुमो ने इसे भाजपा का खुटचाल बताया है। झामुमो ने राजभवन पर झारखंडी जनता की अनदेखी करने का भी आरोल लगाया है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने नसीहत दी है कि वह कानूनी सलाह लेने के लिए बड़े वकीलों को हायर कर सकती है जबकि, राज्यपाल रमेश बैस के मुताबिक इस विधेयक के लागू होने से विवाद बढ़ेगा। इसकी फिर से समीक्षा हो। इससे पूर्व राज्यपाल ने 6 विधेयकों को लौटाया था लेकिन, 1932 के खतियान वाले विधेयक के वापस लौटाये जाने से सियासी तपिश उफान पर आ गया है। हालांकि कोई भी दल इसके समर्थन, विरोध में खुलकर कुछ नहीं कह रहा है। सभी संवैधानिक पहलुओं को देखने, समझने की बात कह रहे हैं। यह संभावना तो जरूर बनती दिख रही कि 1932 के खतियान की राजनीतिक झकझूमर तेज होने वाली है। इस मुद्दे पर रामगढ़ उपचुनाव में लाभ लेने की कोशिश हो सकती है।

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन सरकार ने 11 नवंबर 2022 को जब विधानसभा में 1932 के खतियान का विधेयक पारित कराया था। तभी विपक्ष ने विरोध किया था। भाजपा ने कहा था कि बगैर चर्चा के सरकार इस विधेयक को ला रही है, इस पर विवाद की संभावना बनेगी। इसमें तमाम खामियों को इंगित करते कहा था कि सरकार की मंशा ईमानदार और साफ होती तो वह संकल्प लाकर नियोजन नीति पर फैसला ले सकती थी। जान बूझकर नियोजन नीति लाकर इसे नौवीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास किया गया है, जो संभव नहीं होगा। विधि विभाग ने भी नियोजन नीति की पहलुओं को लेकर अपनी आपत्ति जतायी थी। हालांकि सदन में विपक्ष को नकारते सरकार ने बहुमत से इसे पास करा दिया था। राजभवन ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति की वैधानिकता पर सवाल उठा दिया है।

सत्तारूढ़ झामुमो सभी पहलुओं को देखने की बात कह रहा है। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक राज्यपाल ने जिन बिंदुओं को इंगित करते विधेयक वापस किया है उसका अध्ययन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कानूनविदों से परामर्श लेकर आगे बढ़ने की रणनीति बनाने की बात कही है। हालांकि वे यह भी कहते हैं कि 1932 का खतियान आम लोगों की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा है। इस पर सियासत ना हो। भाजपा के बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेता पूर्व में कई बार कह चुके हैं कि सरकार विधेयक लाकर युवाओं को नियोजन और दूसरे लाभ दे सकती थी। हालांकि विधानसभा में 1932 के खतियान का प्रस्ताव लाए जाने के दौरान इसका खुल कर विरोध करती नहीं दिखी थी। आजसू पार्टी ने इसे राज्य सरकार की विफलता बताया है। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत के मुताबिक राज्य सरकार कोई भी नीति संविधान के प्रावधानों के अनुरूप नहीं बना पा रही है।


## सरकारी कार्यक्रमों में अब केवल जोहार शब्द से होगा अभिवादन

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों और सरकारी समारोहों में अभिवादन के लिए अब जोहार शब्द का उपयोग होगा। इसी जोहार शब्द से अभिवादन किया जाएगा। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सभी सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, विभागाध्यक्ष, सभी उपायुक्तों को आदेश जारी कर दिया है। वहीं, सभी तरह के राजकीय कार्यक्रमों और सरकारी समारोहों में अतिथियों के स्वागत के लिए अब बुके (पुष्प गुच्छ) का उपयोग नहीं होगा। कार्यक्रमों में पौधा, पुस्तक, शॉल, मेमेन्टो देकर स्वागत किया जा सकता है। अपने आदेश में प्रधान सचिव ने लिखा है कि झारखंड की पहचान एक जनजातीय बाहुल्य राज्य के रूप में है। झारखंड की संस्कृति में जोहार बोलकर अभिवादन की परंपरा है, जो इस राज्य की विशिष्ट संस्कृति एवं समृद्ध परंपरा को दर्शाती है।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
31.01.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 198



**पुण्यतिथि पर पूरे देश ने राष्ट्रपिता को किया नमन**

## न्यूज डायरी

### आतंकी मुर्तजा को फांसी की सजा

**लखनऊ।** गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले मुर्तजा अब्बास को एनआइए कोर्ट ने फांसी की सजा सुनायी है। सुनवाई के लिए आतंकी को कड़ी सुरक्षा में लखनऊ अदालत में लाया गया। उसने अप्रैल 2022 में गोरखनाथ मंदिर पर हमला किया था। लगातार 60 दिन के रिकॉर्ड सुनवाई के बाद सोमवार को सजा का ऐलान हुआ है।

### देवघर में इफको लगायेगा नैनो यूरिया का प्लांट

**जमशेदपुर।** रसायनिक खाद के उत्पादन, विपणन और बिक्री के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कोऑपरेटिव कॉरपोरेट कंपनी इफको देवघर जिले में 400 करोड़ की लागत से नैनो यूरिया प्लांट लगायेगा। इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर ने खबर मन्त्र के साथ एक विशेष बातचीत में उक्त जानकारी दी है।

### आसाराम दुष्कर्म के दोषी सजा का फैसला आज

**अहमदाबाद।** आसाराम बापू की मुश्किल बढ़ने वाली है। 2013 के बलात्कार मामले में सेशन्स कोर्ट द्वारा उसे दोषी पाया गया है और कल सजा का ऐलान होगा।

### दिउड़ी मंदिर जा कर माही ने की पूजा-अर्चना

**रांची।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उर्फ माही सोमवार को रांची तमाड़ में स्थित प्राचीन दिउडी मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना कर माता के दरबार में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया।

# झारखंड में वही होगा जो सरकार चाहेगी : हेमंत

## भाजपा के इशारे पर राज्यपाल जो चाहेंगे, वह नहीं होगा

### सरायकेला पहुंची जोहार यात्रा

खबर मन्त्र टीम



**सरायकेला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को यहां राज्यपाल और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। सरायकेला में खतियानी जोहार के दौरान स्थानीयता विधेयक वापस करने को लेकर राज्यपाल पर सीधा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार यहां के मूल निवासियों के भावना के आधार पर काम करेगी। उन्होंने मंच से स्पष्ट तौर पर कहा कि जो राज्यपाल चाहेंगे वो नहीं जो सरकार चाहेगी वही होगा। हमें आज भी लोग बोका सोचते हैं। अब यही बोका लोग ठोकेगा। खतियानी जोहार यात्रा के दौरान 1932 आधारित स्थानीय नीति पर सीएम ने खुलकर बयान दिया है। उन्होंने कहा, झारखंड , दिल्ली या अंडमान निकोबार नहीं है। यहां सरकार जो चाहेगी वही लागू होगा। विधेयक को लौटाने को लेकर उन्होंने कहा कि राज्यपाल, भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। यह नहीं चलेगा। वह संवैधानिक कसम खा कर बैठे हुए हैं, पर उसकी धज्जियां उड़ेगा सरकार यह नहीं होने देगी। राज्यपाल कहते हैं कि कानून नियम संगत नही बनाया है अजीब बात है। सोमवार को सीएम खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण के तहत सरायकेला स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

**भाजपा के प्रभाव में हैं राज्यपाल :** सीएम ने राज्यपाल रमेश बैस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि राजभवन भाजपा के प्रभाव में आकर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को लौटाया है। महामहिम सरकार के विपरीत चल रहे हैं। विधेयक वापस किया गया यह नयी बात नहीं है, केंद्र सरकार द्वारा राज्यपाल के माध्यम से सरकार को परेशान करने का काम किया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### दोबारा राज्यपाल को भेजा जायेगा विधेयक

सरायकेला के मंच से विधायक और कई नेताओं ने हेमंत सोरेन से अपील की है कि दोबारा विधेयक को राज्यपाल के पास भेजा जाये। झारखंड झारखंडियों के लिए बना है। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नहीं। 1985 का नियम लागू होने से बाहरी लोग झारखंड में प्रवेश मिला। झामुमो ने भी कहा है कि खतियान आधारित विधेयेक फिर राज्यपाल के पास भेजा जायेगा।

राष्ट्रपति के पहले संबोधन से संसद का बजट सत्र आज से

# पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण, कल बजट

### सर्वदलीय बैठक में सरकार ने मांगा सहयोग विपक्ष ने उठाये कई मुद्दे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संसद का बजट सत्र मंगलवार से शुरू हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपना पहला अभिभाषण देंगी। सत्र के दौरान सरकार की नजर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट आदि पर सुचारू रूप से चर्चा कराने पर रहेगी, वहीं विपक्षी दलों ने अदाणी समूह से जुड़ा विषय, कुछ राज्यों में राज्यपालों के कामकाज, जाति आधारित गणना, महंगाई, बेरोजगरी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने के स्पष्ट संकेत दिये हैं। सत्र के दौरान 31 जनवरी को ही सरकार संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी।

**एक को आम बजट :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होकर छह अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान 27 बैठक होंगी। यह केंद्र सरकार का आखिरी पूर्ण बजट होगा, क्योंकि अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। (शेष पेज 11 पर)

## आज से नामांकन, बड़े दलों ने नहीं खोले पत्ते

**रामगढ़ उपचुनाव**

सुधीर

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव को लेकर मंगलवार से नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। वहीं दूसरी ओर इस उप चुनाव को लेकर एनडीए एवं यूपीए की ओर से दावे तो किये जा रहे हैं, पर अब दोनों में से किसी ने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। विधायक ममता देवी के जेल जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई है। ममता देवी का उत्तराधिकारी कौन होगा, इसे लेकर अब तक सिर्फ कयास ही लगाये जा रहे हैं। हालांकि यह माना जा रहा है कि कगंग्रेस इस चुनाव में ममता देवी के पति बजरंग महतो को पार्टी प्रत्याशी बना सकती है। **आजसू की यह**

**पंरपरागत सीट रही है :** यह सीट आजसू की परंपरागत सीट रही है, पर पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यह सीट आजसू से छीन ली थी। तब सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी आजसू प्रत्याशी थीं। इसबार भी आजसू यह सीट छोड़ेगा, इसकी संभावना कम ही दिख रही है। अब सभी को यूपीए एवं एनडीए खेमा से प्रत्याशी ऐलान का इंतजार है। बिहार से अलग होने के बाद से रामगढ़ विधानसभा सीट पर तीन बार चुनाव हो चुके हैं। यह सीट हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा होने के साथ ही जिला मुख्यालय भी है। इसी वजह से यहां बड़े पैमाने पर विभिन्न दलों की राजनीतिक गतिविधियां संचालित होती है। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम तीन को बजट पर विशेषज्ञों संग करेंगे चर्चा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन फरवरी को राज्य सरकार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट को लेकर अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक करेंगे। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस बैठक में राज्य और देश के लगभग 10 प्रमुख अर्थशास्त्रियों के शामिल होने की संभावना है। वहीं झारखंड कैबिनेट की बैठक नौ फरवरी शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। सीएम की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।

## पाकिस्तानी मस्जिद में धमाका, 50 की मौत

### करीब 550 नमाजियों के बीच हमलावर ने खुद को उड़ाया, 147 घायल

एजेंसी

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर शहर में सोमवार को पुलिस लाइन्स में बनी मस्जिद में फिदायीन हमले में करीब 50 पुलिसकर्मियों की मौत की खबर है। 150 से अधिक लोग घायल हैं। इनमें से 66 की हालत गंभीर है। ब्लास्ट इतना ताकतवर था कि करीब दो किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनायी दी। मस्जिद का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। इमाम नूर-अल अमीन की भी मौत हो गयी। एक चश्मदीद ने कहा- दोपहर की नमाज के वक्त मस्जिद में करीब 500 लोग मौजूद थे। फिदायीन हमलावर बीच की एक लाइन में मौजूद था। यह साफ नहीं हो सका कि वो पुलिस लाइन्स पहुंचा कैसे, क्योंकि अंदर जाने के लिए गेट पास दिखाना होता है। हमले के बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। मस्जिद से कई शवों को बाहर निकाला गया। मलबे में दबे लोगों को खोज के लिए मशीनों के जरिये मलबे साफ किये जा रहे हैं। धमाके के बाद अफरा-तफरी मच गयी।

**टीटीपी ने जिम्मेदारी ली :** पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। आर्मी ने इलाके को घेर लिया। (शेष पेज 11 पर)



## आज का राशिफल 31-01-2023

मेष : समय शानदार होगा। कोई छुटा कार्य पूरा कर ले। पर जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सामाजित रूप से भी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृष : लग्न में चंद्र मंगल है आय में अधिकता होगा। शेयर मार्केट में लाभ होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। कोई निवेश किया जा सकता है। कुत्ता को रोटी दे।

मिथुन : खर्च को लेकर मन खिन्न होगा। साथ ही अचानक खर्च होगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। गणेश जी पर दुब अर्पण करें।

कर्क : लग्न का मालिक उच्च का है। मन प्रसन्न रहेगा। समय अनुकूल है। कोई शुभ कार्य होगा। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। अतिथि का आगमन होगा।

सिंह : पिता से लाभ होगा। भाग्य और धन का लाभ होगा। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। माता पिता का सेवा करें।

कन्या : धर्म मे मन लगेगा। ससुराल पक्ष वाले प्रसन्न रहेंगे। समय अनुकूल है। समस्या का हल सहज ही प्राप्त नही होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। मंदिर में झाड़ू का दान करें।

तुला : कोई विवाद नही हो ऐसा कार्य करें। पिता से मनमुटाव होगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सूर्य को जल दे और विष्णु भगवान को दीपक दिखावें।

वृश्चिक : ब्यापार में लाभ होगा, बस क्रोध पर काबू रखें। कार्य सुलभ ही बनेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। हनुमानजी को सिंदूर अर्पण करें।

धनु : आपके किये कार्य से सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

मकर : किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शनि के मंत्र का जाप करें।


कुंभ : कल मानसिक तनाव होगा। बेकार के बहस से बचें। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। आलस त्यागे साथ ही योग का सहारा ले।

मीन : मंगल जोश भर देगा, किसी से विवाद हो सकता है। कार्य मे धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पीला वस्तु का दान करें।

### जेपीसी को टीजीटी के 1294 व पीजीटी के 987 शिक्षकों के चयन को सौंपा रोस्टर

# देवघर समेत 5 जिलों ने नहीं सौंपी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी मॉडल और आदर्श विद्यालयों में संविदा पर शिक्षकों के नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। राज्य के 24 जिलों में 80 मॉडल स्कूल और 325 प्रखंडों में आदर्श विद्यालयों को बनाया जा रहा है। इन विद्यालयों में प्लस टू शिक्षक (पीजीटी) और हाईस्कूल शिक्षक (टीजीटी) शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल (जेइपीसी) की बीते दिनों इससे संबंधित बैठक हुई। इसके बाद जानकारी आयी कि पांच जिलों को छोड़ बाकी के 19 जिलों में कुल 2281 शिक्षकों के चयन के लिए जिलों द्वारा जेइपीसी को रोस्टर भेजा गया है। 2281 शिक्षकों में कुल 1294 शिक्षक पीजीटी के लिए और 987 शिक्षक टीजीटी के हैं। देवघर, दुमका, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा जिलों ने अब तक रिपोर्ट नहीं सौंपी है।

**शिक्षकों की जिलावार नियुक्ति की स्थिति :** सबसे ज्यादा गिरिडीह जिला में शिक्षकों की नियुक्ति रोस्टर मिली है। यहां कुल 390 शिक्षकों (पीजीटी के 179 और टीजीटी के 211) की नियुक्ति होगी। वहीं, बोकारो में 92, चतरा में 144, धनबाद में 182, गढ़वा में 207, गोड्डा में 57, गुमला में 67, हजारीबाग में 142, कोडरमा में 115, पलामू में 211 और पश्चिमी सिंहभूम में 187, साहिबगंज में 73 और सरायकेला-खरसावां में 169 शिक्षकों की नियुक्ति रोस्टर को फाइनल एप्रूवल मिल गया है।

**अलग-अलग मानदेय पर होनी है शिक्षकों की नियुक्ति :** बताते चलें कि संविदा पर नियुक्त होने वाले पीजीटी और टीजीटी को अलग-अलग मानदेय जैसे - पीजीटी शिक्षक को 27,500 और टीजीटी शिक्षक को 26,500 रुपये दिये जायेंगे। पीजीटी शिक्षक के लिए जिस संबंधित विषय में चयन होना है, उसमें 50 प्रतिशत अंक के साथ पीजी और बीएड की डिग्री अनिवार्य की गयी है। वहीं, टीजीटी शिक्षक बनने के लिए संबंधित विषय में 45 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक और बीएड की डिग्री होनी चाहिए।

शिक्षकों की नियुक्ति कुल 14 विषयों में की जानी है। इन विषयों में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, हिस्ट्री/सिविक्स, संस्कृत, गणित/फिजिक्स, इकोनॉमिक्स, केमिस्ट्री/बायोलॉजी, कॉमर्स, ज्योग्राफी, स्पोर्ट्स, होम साइंस और सोशियोलॉजी शामिल है।

### अगले शैक्षणिक सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**405** स्कूलों में (80 मॉडल स्कूल और 325 प्रखंडों में आदर्श विद्यालय) अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई शुरू की जानी है। विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति जिला स्तर पर होगी, इसलिए आरक्षण रोस्टर जिला स्तर का होगा। यह नियुक्ति केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर 11 माह के संविदा पर होगी। जिलों को एक वर्ष का पैनल तैयार करने का निर्देश दिया गया है। सभी जिलों को फरवरी 2023 तक नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश जेईपीसी द्वारा दिया गया है।

## 'टेरा लॉरेट' में शारदा ग्लोबल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेगा इवेंट 'टेरा लॉरेट' में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। इवेंट का विषय स्टॉक मार्केट स्टीमुलेशन रखा गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में शारदा ग्लोबल स्कूल 11वीं कक्षा के ओम कुमार उज्जवल, ग्यारहवीं कक्षा के तनिष्क, कक्षा नवम के मिलनप्रीत तथा कक्षा नवम के शुभम वर्मा शामिल हैं। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक डॉ रंजना स्वरूप तथा प्रधानाचार्य जसमीत कौर ने छात्रों की विशिष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ये छात्र हमारे विद्यालय की गरिमा को प्रतिष्ठित करते रहे हैं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।

### थर्ड राउंड काउंसिलिंग के बाद भी बीएड कॉलेजों की बड़ी संख्या में सीटें खाली

**रांची।** झारखंड के विभिन्न बीएड महाविद्यालयों में तीसरे राउंड की काउंसिलिंग समाप्ति तक लगभग 9500 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। अब भी करीब 4000 सीटें रिक्त हैं। नामांकन के लिए चौथे चरण का काउंसलिंग का कार्य मंगलवार से शुरू हो रहा है। इसमें आवेदन करने के लिए 2 फरवरी 2023 तक का समय दिया गया है। सभी इच्छुक सीएमएल रैंक वाले अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि वे विभिन्न महाविद्यालयों में खाली सीटों के आधार पर तथा अपना सीएमएल रैंक देखते हुए ही 10 महाविद्यालयों का चयन प्राथमिकता के आधार पर करें, ताकि उन्हें संबंधित महाविद्यालय में चयन हो सके। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि जहां वे नामांकन चाहते हैं, उस महाविद्यालय में उनके केटेगरी की सीटें रिक्त हैं या नहीं। इस काउंसलिंग का परिणाम 3 फरवरी को घोषित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन का कार्य 4 से 5 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

# जेपीएससी पीटी का ऑल इंडिया फ्री मॉक टेस्ट कैटेलिस्ट आइएएस रांची में 5 फरवरी को होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** कचहरी रोड स्थित कैटेलिस्ट आइएएस रांची में आगामी 5 फरवरी को निःशुल्क ऑल इंडिया जेपीएससी पीटी फ्री मॉक टेस्ट का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी संस्थान में जाकर या 7091978029 पर संपर्क कर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। ये बातें कैटेलिस्ट आइएएस के निदेशक विशाल कुमार ने सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से कही।

उन्होंने कहा कि यह टेस्ट दो पालियों में लिया जायेगा। प्रथम पाली 10:30 से 12:30 बजे तक और द्वितीय पाली 2:00 से 04:00 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अभ्यर्थी जेपीएससी की परीक्षा देते हैं, ठीक उसी प्रकार टेस्ट लिखने से अभ्यर्थियों में जहां एक ओर आत्मविश्वास बढ़ेगा, वहीं अभ्यर्थी परीक्षा की कई बारीकियों से भी अवगत होंगे। टॉप 10 छात्रों को 25 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही जेपीएससी परीक्षा में हो रही देरी के मद्देनजर छात्रों की पढ़ाई में निरंतरता को बनाये रखने में सहायक होगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्रों को स्वमूल्यांकन एवं आत्मावलोकन का अवसर प्राप्त होगा। बताते चलें की कैटेलिस्ट आइएएस ने पिछले आठ वर्षों में यूपीएससी एवं जेपीएससी परीक्षा में 200 से ज्यादा छात्रों के अंतिम चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह संस्थान बदलते परिवेश के अनुरूप नये-नये तकनीकों को अपना रहा है, ताकि झारखंड के छात्रों को बड़े शहरों जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं एवं प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मुहैया कराया जा सके।

वर्तमान समय में संस्थान द्वारा चलाये जा रहे सभी कोर्स को ऑफलाइन, ऑनलाइन, हाइब्रिड एवं रेकॉर्डेड क्लास के रूप में छात्रों को प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक ने बताया की कैटेलिस्ट आइएएस में आगामी 13 फरवरी 2023 (सोमवार) से जेपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए नये बैच हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में अलग-अलग प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही, 7 फरवरी से यूपीएससी 2023 एवं 2024 के लिए सी-सैट बैच प्रारंभ किया जायेगा। जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए टेस्ट सीरीज का आयोजन मार्च के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ किया जायेगा, जिसकी विस्तृत सूचना फरवरी के अंतिम सप्ताह में जारी की जायेगी।

## खबर एक नजर में

### महाशिवरात्रि को ले कर एसडीएम से मिला श्री शिव बारात आयोजन महासमिति



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू की अध्यक्षता में एसडीएम दीपक कुमार दूबे से मिला। इस दौरान उन्हें मोमेंटो एवं चुनरी देकर समानित किया। साथ ही महाशिवरात्रि में निकलने वाले भव्य झांकियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो साल बाद इस साल का महाशिवरात्रि भव्य और विशाल होगा, जो पूरे शहर भ्रमण करते हुए विश्वनाथ मंदिर पिस्का मोड़ में पहाड़ी बाबा का शुभ विवाह सनातन विधि अनुसार होगा। मिलने वालों में मुख्य रूप से राजेश साहू , दीपक नन्दा , राजू काठपाल , दिलीप गुप्ता, राजू तनेजा , गुलशन मिठा , बादल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### छह मार्च को होलिका दहन और आठ को होली मनाना शास्त्रसम्मत : पंडित रामदेव



**रांची।** राजधानी के प्रख्यात ज्योतिर्विद पंडित रामदेव रामदेव पाण्डेय के अनुसार 6 मार्च सोमवार को दोपहर 3:57 से पूर्णिमा आयेगी, जो 7 मार्च की शाम 7:40 तक होगी। इसलिए 6 मार्च (सोमवार) को भद्रा दिन 3:57 से रात 4:49 तक है। होलिका दहन पूर्णिमा में रात्रि काल में तथा भद्रा रहित या भद्रा के निकलते हुए समय भद्रा पुच्छ काल में होना चाहिए। जिसका उचित समय सोमवार को रात 12:23 बजे से 1:35 के बीच होता है। इसी समय होलिका दहन/अगजा होता है। जबकि होली काशी में 7 मार्च को होगी और शेष विश्व में होली 8 मार्च बुधवार को होगी। बीच में 7 मार्च को आंतर जायेगा। यानी होली दो दिन हो जायेगी।

### जोमैटो कर्मियों और प्रबंधन की वार्ता विफल, मामला श्रम न्यायालय को रेफर

**रांची।** डोरंडा स्थित श्रम भवन में सोमवार को जोमैटो प्रबंधन और ऑल इंडिया गिग वर्कर्स यूनियन के बीच तीसरे दौर की त्रिपक्षीय वार्ता हुई। यूनियन की तरफ से सौंपे गए मांगपत्र पर प्रबंधन का अड़ियल रवैया जारी रहा। जोमैटो ने अपने कामगारों के साथ मालिक-श्रमिक संबंध को नहीं माना। समझौते की संभावना ना देखते हुए श्रम विभाग ने मामले को लेबर कोर्ट में रेफर करने का फैसला किया। प्रबंधन की ओर से बातचीत में कंपनी की पब्लिक पॉलिसी प्रमुख जसकीरत एवं स्थानीय नेतृत्व ने हिस्सा लिया। कार्रवाई के बाद डिलीवरी कामगारों ने जोमैटो के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की, परंतु प्रबंधन का ढुलमुल रवैया जारी रहा और निष्कर्ष की संभावना नहीं बनी। यूनियन की तरफ से वार्ता में महासचिव प्रतीक मिश्रा, अध्यक्ष रोहित यादव और सीटू राज्य कमिटी सदस्य सुब्रतो बिस्वास शामिल हुए।

### इनर व्हील क्लब का वृद्धाश्रम में राशन वितरण



**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज के द्वारा क्लब की अध्यक्षा डॉ कविता तिवारी के नेतृत्व में नगड़ी स्थित वृद्धाश्रम में 2 महीने भर का राशन का वितरण किया गया। इसमें चावल, आटा, दाल, मसाले, फल, मूढ़ी की यवस्था थी। साथ ही क्लब के लोगों ने वहां के बुजुर्गों के साथ यादगार पल भी बिताये । उस वृद्धाश्रम में 35 वृद्ध रहते हैं, जो अपनों से दूर रहते हैं। यह सारा कार्यक्रम क्लब की अध्यक्षता डॉ कविता तिवारी के नेतृत्व में किया गया। मौके पर क्लब की सचिव पिंकी पॉल , रानी सिंह , सुनीता सिंह आदि भी उपस्थिति थीं।

# फ्री आयुष्मान कार्ड बनाने को पंचायत स्तर पर 1 फरवरी से लगेगा कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची जिले में फ्री आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायत स्तर पर कैंप लगाया जाएगा। उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आयोजित बैठक में इससे संबंधित दिशा-निर्देश दिए। वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में निदेशक डीआरडीए, जिला योजना पदाधिकारी, सिविल सर्जन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, एमओआईसी, सीएससी मैनेजर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**15 फरवरी तक कैंप का आयोजन :** गुलाबी/पीला/हरा राशन कार्डधारी योग्य परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 1 से 15 फरवरी 2023 तक कैंप लगाया जाएगा। कैंप में योग्य व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए टीम उपस्थित रहेगी। उप विकास आयुक्त ने सहिया, पीडीएस डीलर, एसएचजी की महिलाएं, सेविका को योग्य परिवारों को कैंप तक लाने में सहयोग करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि वैसे व्यक्ति जो आयुष्मान कार्ड बनाने में असमर्थ हैं, उन्हें सहिया, राशन डीलर, एसएचजी की महिला, सेविका नजदीक के प्रज्ञा केंद्रों में ले जाएं। उप विकास आयुक्त ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी पंचायतों में कैंप का आयोजन करने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सहिया, एसएचजी की महिलाएं, राशन डीलर लोगों को नजदीक के प्रज्ञा केंद्र लाने में करेंगे सहयोग

### 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज

**कैंप** में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लाभुक को गुलाबी/पीला/हरा राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर के साथ आना होगा, ताकि कार्ड तुरन्त बन सके। आयुष्मान कार्ड बनाने के बाद प्रत्येक पात्र परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत राज्य एवं देश के सभी सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त किया जा सकता है।

## 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम से हुई सरस्वती पूजा



**रांची/धनबाद।** कोयला नगर धनबाद के अन्नपूर्णा भवन में 'आजादी का अमृत महोत्सव व बीसीसीएल' थीम पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। पूजा का भव्य आयोजन दीक्षा लेडीज क्लब के तत्वावधान में हुआ। मूर्ति का निर्माण अभिजीत चटर्जी, वरिष्ठ वित्त अधिकारी, सिजुआ क्षेत्र, बीसीसीएल धनबाद ने किया था। अभिजीत चटर्जी द्वारा मूर्ति निर्माण का यह 49वां वर्ष है। उन्हें विशेष वस्तुओं जैसे कि सुतली, कोयला, साबुन, चावल, थर्मोकोल आदि से प्रतिमा निर्माण करने में महारत हासिल है। इस बार उन्होंने पठन-पाठन सामग्री से मां शारदे की प्रतिमा का निर्माण किया था। उनकी कई पुस्तके भी प्रकाशित हुई हैं। उन्हें कई पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

# बीएयू में शैक्षणिक प्रमाण पत्र व अभिलेख हुए डिजिटल

## सात महाविद्यालयों के रिजल्ट को डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर किया गया अपलोड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (रांची) के विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र व अभिलेखों की डिजिटल और सात महाविद्यालयों के रिजल्ट को डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म से अपलोड करने की व्यवस्था शुरू की गई है। इसका उद्घाटन 30 जनवरी 23 को आयोजित समारोह में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने रिमोट का बटन दबाकर किया। मौके पर कुलपति ने कहा कि हर रोज विवि में छात्र-छात्राओं के आवेदन में शैक्षणिक प्रमाण-पत्र व अभिलेखों के खोने या गुम होने का आवेदन प्राप्त होता था। विवि छात्रों को अंतिम परीक्षा के बाद किसी दूसरे संस्थान में नामांकन या नियोजन के लिए तत्काल शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों व अभिलेखों की जरूरत होती थी। छात्रों की इन्हीं समस्याओं के निदान के लिए इस नई तकनीकी व्यवस्था को विवि में शुरू किया गया है।

**5 वर्षों से चल रहे प्रयास पर फरवरी में लगेगा विराम :** कुलपति ने सभी संस्थानों से विवि के छात्रों के प्रमाण-पत्र नहीं भेजने का भी आग्रह किया और संस्थानों को ऑनलाइन पंजीयन से सत्यापन करने का अनुरोध किया। उन्होंने बदलते शैक्षणिक परिवेश में कुलसचिव कार्यालय एवं आईटी सेल के प्रयासों की सराहना की। कहा कि फरवरी में बीएयू के सभी महाविद्यालयों के छात्रों का शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों को अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। मालूम हो कि विश्वविद्यालय में इस दिशा में करीब 5 वर्षों से प्रयास चल रहा था। वर्तमान कुलपति के गंभीर प्रयासों से ही विश्वविद्यालय में यह नई व्यवस्था लागू की गई है। विवि द्वारा सात महाविद्यालयों के सत्र 2017-18 तक के शैक्षणिक अभिलेखों को नेशनल एकेडेमिक डेपोजिटरी डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया है।

**डाउनलोड करने में सुविधा :** विश्वविद्यालय की इस पहल से छात्र-छात्राओं को किसी भी जरूरत के लिए शैक्षणिक अभिलेखों को डाउनलोड करने में सुविधा होगी। विश्वविद्यालय से पास आउट विद्यार्थी अपने अभिलेखों/प्रमाण-पत्रों को क्यू आर कोड द्वारा भी अपलोड कर सकते है। इसके प्रमाणीकरण के लिए पब्लिक आधारित क्यूआर कोड भी डाला गया है। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को डिजिटल डाटा उपलब्ध कराने में कुलसचिव डॉ एन कुदादा, उपकुलसचिव (परीक्षा) डॉ रमेश कुमार, उपकुलसचिव (एकेडेमिक) डॉ एस चप्तोपाध्याय, डिप्टी नोडल ऑफिसर डॉ बीके अग्रवाल, कुलपति कोषांग के संजय कुमार राय एवं देव प्रकाश शुक्ला का योगदान रहा। डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर डाटा अपलोड करने में आईटी सेल के सचिन कुमार, एहतेशामूल हक की भूमिका रही।

### डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित

**विश्वविद्यालय** द्वारा विद्यार्थियों के सभी शैक्षणिक अभिलेखों को डिजिटली हस्ताक्षरित किया गया है, ताकि अभिलेखों/प्रमाण-पत्रों की प्रमाणिकता बनी रहें। बीएयू के कदम से विद्यार्थियों को अपने अभिलेखों/प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए संस्थान के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी।

# आशीर्वाद प्राप्त करने को भगवान बिरसा की जन्मस्थली आया : लोबिन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू पंचायत में सोमवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक व विधायक लोबिन हेंब्रम की अध्यक्षता में एक विशाल उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपवास कार्यक्रम की शुरुआत करने से पूर्व लोबिन हेंब्रम के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा को माला पहना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद वहीं पर एक उपवास कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मौके पर विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा, आज मैं भगवान बिरसा मुंडा से आशीर्वाद एवं शक्ति प्राप्त करने के लिए भगवान बिरसा की जन्मस्थली में उपस्थित हुआ हूं। ताकि, झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार की लड़ाई को मंजिल तक पहुंचा सकूं। यहां के आंदोलनकारियों के देखे गये सपनों को पूरा कर सकूं और उनके भावनाओं को सम्मान दे सकूं। सबसे बड़ा दुख का विषय है कि आज भी उलीहातू पंचायत विकास से कोसों दूर है। यहां के लोग आज भी डाड़ी से पानी पीने को मजबूर हैं। और तो और, यहां पर शिलालेख में जो बातें लिखी गयी हैं, उनमें भी कुछ बातें गलत लिखी गयी हैं। मैं सरकार के सचिव से बात कर उलीहातू पंचायत को समग्र विकास एवं आदर्श गांव के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल करूंगा। उन्होंने कहा कि 2 फरवरी को सिदो कान्हू चांद भैरव के जन्म स्थल भोगनाडीह में ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित हों, ताकि झारखंड के हक और अधिकार की लड़ाई को गति दी जा सके। इस अवसर पर विरसा मुंडा के पोता सुखराम मुंडा भी उपस्थित थे। यह जानकारी झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने दी।

### उलीहातू पंचायत में विधायक हेंब्रम के नेतृत्व में हुआ उपवास कार्यक्रम

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि पर मोरहाबादी के बापू वाटिका स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमसभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार, आदर्श तथा संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आज का दिन देश के लिए स्मरणीय दिन है।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चरखा चलाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया। मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर मेयर आशा लकड़ा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त प्रवीण टोप्पो, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, खादी बोर्ड के मैनेजर विभूति राय, टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टेरर फंडिंग मामले में मृत्युंजय सिंह को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को एनआईए के मामले में आरोपित मृत्युंजय कुमार सिंह को जमानत प्रदान कर दी। एनआइए का कहना है कि मृत्युंजय कुमार के पास से बरामद राशि सीपीआइ माओवादियों की है। वे माओवादियों को आर्थिक रूप से मदद करते थे। एनआईए ने वर्ष 2021 में इस मामले को अपने हाथों में लिया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मृत्युंजय कुमार संतोष कंस्ट्रक्शन के मालिक हैं। उनके घर से एक बड़ी रकम बरामद हुई थी, जिसके बाद वर्ष 2020 में मृत्युंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच एनआइए कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ऋषभ कुमार, अविनाश कुमार ने पैरवी की।

### सर्विस लेन के गड्ढों को भरने का काम जारी, 6 पिलर कैप की भी हुई कास्टिंग

# कांटाटोली फ्लाईओवर को लेकर ट्रैफिक में हो रही परेशानी को दूर करने की कवायद शुरू


खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के कारण सर्विस लेन में यातायात में हो रही परेशानी को दूर करने की कवायद शुरू हो गई है। सर्विस लेन के किनारे पक्के नाले का निर्माण किया जा रहा है। इससे घरों का पानी सर्विस लेन पर नहीं आयेगा। लेन में गड्ढे नहीं होंगे। इधर दोनों ओर सर्विस के गड्ढों को भी भरने का काम भी शुरू हो चुका है। फ्लाईओवर के निर्माण में भी तेजी आ गई है।



**पक्के नाले का निर्माण शुरू :** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य करने वाली मेसर्स दिनेशचन्द्र आर अग्रवाल इंफ्राकान प्राइवेट लिमिटेड ने सर्विस लेन की दोनों ओर परियोजना साईट तक पक्के नाले का निर्माण शुरू कर दिया है। पक्का नाला शांति नगर से योगदा मठ तक बनेगा। यातायात सुचारू बनाने और वाहन चालकों की सुविधा के लिए सर्विस लेन के गड्ढों को भी भरने का आरंभ कर दिया है। सर्विस लेन का रखरखाव कार्य किये जाने से लोगो को कुछ हद तक वाहन चलाने में सुविधा होगी।

**पक्का सर्विस लेन भी बनेगा :** फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो जाने के बाद पक्के सर्विस लेन का निर्माण किया जायेगा। वर्तमान में पक्का सर्विस लेन बनाने से फ्लाईओवर के पिलर पर गडर चढ़ाने के लिए चेन के पहिये वाले बड़े क्रेन के संचालन से सर्विस लेन टूट जायेगा। इसलिए फ्लाईओवर के निर्माण तक सर्विस लेन का रखरखाव कर उसे यातायात के लिए बनाया जायेगा। बहुबाजार चौक पर अतिक्रमण जिला प्रशासन द्वारा हटाये जाने के बाद उस क्षेत्र में नाले का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा।



फ्लाईओवर के काम में प्रगति

इधर काटाटोली फ्लाईओवर के काम की प्रगति अब दिखने लगी है। कुल 44 पिलर बनना है, जिसमें 25 पिलर बन चुके हैं। 25 पिलर में से 6 पर पिलर कैप भी बन गया है। इसके आलावा पेट्रोल पम्प के निकट कलवर्ट का भी निर्माण शुरू हो गया है।

## महात्मा गांधी की विचारधारा विश्व के लिए प्रेरणास्रोत : गीता कोड़ा

### भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कन्याकुमारी से राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर पार्टी द्वारा सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी दी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मौजूद थे। इसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम में गीता कोडा ने कहा कि महात्मा गॉधी का विचारधारा सत्य और अहिंसा का पथ एवं सहिष्णुता का संदेश संपूर्ण विश्व के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि गांधी जी एक महान दार्शनिक थे, जिनके सिद्धांतों को न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया आत्मसात कर रही है। यही वजह है कि गांधी जी को आज पूरी दुनिया में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाना जाता है। गांधी जी का झारखण्ड से अपार स्नेह था। इस अवसर पर मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, डॉ राकेश किरण महतो, सुनील सिंह, मनोज सहाय पिंकू, अभिलाष साहु, सुरेन राम, जगदीश साहू, प्रभात कुमार, परवेज आलम, विनंजय भारती बल्कू, पूर्णिमा सिंह, नीलम सहाय, संगीता टोप्पो, जाकिर हुसैन, शहीद अहमद, जितेन्द्र त्रिवेदी, संजय कुमार, छोटू सिंह, श्याम नारायण सिंह, विकास सिंह, कृजीवन महतो, राखी कोर, नीलाबंर साहु, अजय सिंह, चंदन बैठा, उमेश चैधरी, शंकर साहु, राजेश चन्द्र राजू, राजू राम, मनीष कुमार, प्रदीप साहु, मो मोहसीन, अख्तर हुसैन, मनिष कुमार, रामानंद केशरी थे।

## हाइकोर्ट में नक्सली गंझू की जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सोमवार को उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस से भीखन गंझू के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों की जानकारी और केस डायरी मांगी है। यह मामला आर्म्स एक्ट से जुड़ा हुआ है, जिसमें चतरा जिले के पिपरवार थाने में भीखन गंझू के खिलाफ कांड संख्या 57/2018 दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। वह पिपरवार के अशोका, टंडवा के मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग के केस में भी आरोपित है। इसके साथ ही नागालैंड से हथियार की तस्करी में भी एनआईए ने भीखन पर चार्जशीट दायर की है।

## बिजली बिल नहीं मिलने पर करें शिकायत, नंबर जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम इन दिनों राजस्व संग्रहण और बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चला रहा है। जेबीवीएनएल ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नबंर जारी किया है। इन नंबरों पर उपभोक्ता बिजली बिल समय पर नहीं मिलने की शिकायत कर सकते है। इसके लिए निगम ने टीम गठित की है, जो इस उपभोक्ताओं की त्वरित मदद करेगी। निगम की मानें तो इन नबंरों पर शिकायत करने पर निगम जल्द से जल्द टीम रिप्लाइ करेगी। वहीं, उपभोक्ताओं को घर पर ही बिजली बिल देने की व्यवस्था की गयी है। इन नबंरों में 9431708974, 9431709171, 9431135535, 9431135503, 9431135515 है।

निगम की माने तो इन नंबरों पर शिकायत मिलने पर सेंटर एग्जीक्यूटिव समस्या को संबधित अधिकारी को बताते हैं। हर समस्या और डिवीजन के अनुसार अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यभार दिया गया है। मामले की हर शाम समीक्षा भी होगी।

### समय पर बिजली बिल भरने की अपील

सोशल मीडिया में निगम समय पर बिजली बिल भरने की अपील कर रहा है। निगम की मानें तो उपभोक्ताओं का समय पर बिजली बिल भरना जरूरी है। वहीं, लंबे बकायेदारों को बिल भरने में किस्तों की छूट भी दी जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को इन सुविधाओं का लाभ लेना चाहिये। जिन उपभोक्ताओं का बिल समय पर नहीं भरा जाता। उसे निगम की ओर से नोटिस भेजा जाता है। नोटिस पर भी उपभोक्ता की ओर से बिल नहीं भरने पर निगम की ओर से बिजली कनेक्शन काटने का निर्देश दिया गया है। वहीं, अधिक बकायेदारों के मामले में एफआईआर का भी प्रावधान है।

## खबर एक नजर में

### मृणालिनी ने गांधी प्रतिमा के समक्ष बांधा समा



**रांची।** गांधी जी की पुण्यतिथि पर बापू वाटिका मोराबादी में डॉक्टर मृणालिनी अखौरी एवं उनकी पूरी टीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गवर्नर रमेश बैस के समक्ष गांधी भजनों की प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम झारखंड सरकार और खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के तरफ से आयोजित किया गया था। गांधी भजनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित किया गया था। इसमें डॉ मृणालिनी अखौरी के अलावा उनकी टीम मेंश्रुति देशमुख, सीमा महतो, स्वाति कुमारी, बसंत शर्मा, मोहित कुमार, नीरज साहू, संजीव पाठक और अतनु चटर्जी थे।

### देश में सांप्रदायिक सौहार्द है जरूरी : भाकपा



**रांची।** पिछले कुछ सालों में देश में संविधान को कमजोर करने की कोशिश कई बार हुई। वर्तमान में केंद्र सरकार कुछ ऐसा ही कर रही है। संविधान के उल्लंघन के कारण ही कई बार सांप्रदायिकता को भी बढ़ावा मिला है। ये बातें भाकपा राज्य कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। वक्ताओं ने कहा कि देश को चलाने के लिए गांधीवादी विचारधारा जन जन तक पहुंचाना जरूरी है।

### एक को झारखंड राजद की बैठक पटना में

**रांची।** राजद के प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक 1 फरवरी को पटना में बुलायी गयी है। गोड्डा के पूर्व विधायक व प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में होगी। बैठक में झारखंड के विधायक पूर्व सांसद, पूर्व विधायक ,सभी प्रदेश पदाधिकारियों तथा सभी जिलाध्यक्ष,महानगर अध्यक्ष शामिल होंगे।

### एंटी लेप्रोसी-डे पर डॉक्टर व कर्मियों ने ली शपथ

**रांची।** एंटी लेप्रोसी डे के मौके पर कुष्ठ रोग को जड़ से मिटाने, रोगियों से भेदभाव व छुआछूत को खत्म करने का सदर अस्पताल के चिकित्सकों-कर्मियों ने सोमवार को शपथ ली। 30 जनवरी से 13 फरवरी 2023 तक शहरी और प्रखंड स्तर पर कुष्ठ मरीजों की पहचान और संपूर्ण इलाज के लिए जागरूकता का लक्ष्य रखा गया है। शपथ ग्रहण में जिला के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. अजीमुर रब मुस्तफी, जिला डीआरसीएचओ डॉ शशि भूषण खलखो, डॉ असीम कुमार मांझी, डॉ शोभा किस्पोट्टा, डॉ दीप शिखा और कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### कुत्ता चोरी के आरोपी को कोर्ट से बेल

**रांची।** सीजेएम कोर्ट ने कुत्ता चोरी करने के दो आरोपी मोहम्मद आबिद को जमानत दे दी है। पिछले दिनों कोतवाली थाना क्षेत्र में कुत्ता चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें मोहम्मद आबिद अंसारी और मोहम्मद शाहनवाज को आरोपी बनाया गया है। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आरोपी की जमानत याचिका पर सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कुत्ता चोरी करने के आरोपी को बेल दे दी है। जो कुत्ता चोरी हुआ था वह जर्मन शेफर्ड नस्ल का था। कुत्ता चोरी के केस में मोहम्मद आबिद को दो दिन जेल में रहना पड़ा।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

**रांची।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब पहली बार जीतने पर पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड ने हर्ष व्यक्त किया है। पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के संजय सर्राफ ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत कर पूरे विश्व में देश के गौरव को बढ़ाया है। बधाई देने वालों में डॉ शिवाजी कुमार, शशि रंजन प्रसाद, विजय कुमार दत्ता, सुगंध नारायण, सुनील कुमार विश्वास, कमल कुमार अग्रवाल, कुमार गौरव, संदीप खेड़वाल, अजय कुमार, गोवर्धन रजक, अतुल चंदन, मंजीत सिंह, विवेक राज, उज्जवल घोष, रश्मि लकड़ा आदि शामिल है।

### श्री श्री शतचंडी महायज्ञ आयोजक मंडली की बैठक आयोजित, कार्यालय खुला



**रांची।** श्री श्री शतचंडी महायज्ञ की आयोजक मंडली की बैठक सोमवार को ललितनारायण मिश्रा कॉलोनी में हुई। आयोजन समिति की कुमुद झा ने बताया कि इस बैठक में निर्णय लिया गया कि महायज्ञ का स्थल आइटीआई मैदान इटकी रोड बाजरा होगा। आयोजन कमिटी का गठन भी किया गया। कुल 58 लोगों की कमिटी बनी है। आयोजन का तारीख 22 मार्च से 31 मार्च होगा। आयोजन में कथावाचक मनुश्री जी महाराज जी बृंदावन वाले का आगमन होगा। आचार्य निरंजन दास जी का टीम महायज्ञ कराएगी। साथ ही मंगलवार को इस समिति का अकॉउंट खोलने का निर्णय लिया गया। इस दौरान श्री श्री शतचंडी महायज्ञ समिति का कार्यालय का उद्घाटन ललितनारायण मिश्रा कॉलोनी में रवि रस्तोगी के सहयोग से किया गया। कार्यालय का समय शाम 4 बजे से 7 बजे तक रहेगा। महायज्ञ संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आयोजन में जो भी तन मन धन से हिस्सा लेना चाहते हैं वे 9113751389, 90311 42441 नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ को वक्फ एक्ट का नॉलेज नहीं, भ्रम न फैलायें : अली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली ने पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ द्वारा रविवार को वक्फ प्रॉपर्टी कानून पर उठाये गये सवाल का खंडन किया और कहा है कि उनका सवाल बेबुनियाद है। उन्हें वक्फ एक्ट की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया पर एक खास नैरेटिव वक्फ बोर्ड के खिलाफ जो चल रहा है उसे फैलाने के लिए रांची आये हैं। सोशल मीडिया में ये झूठा दावा किया जा रहा है कि वक्फ बोर्ड देश की किसी भी संपत्ति खासकर हिंदुओं की निजी घर पर कब्जा कर सकता है, उस झूठ को फैलाने पुष्पेन्द्र जी रांची आये थे। उन्होंने कहा कि सही तथ्य ये है कि वक्फ एक्ट के मुताबिक वक्फ बोर्ड उन्हीं संपत्तियों पर दावा कर सकता है जो इस्लाम धर्म को मानने वाले ने धार्मिक/ सामाजिक कार्य के लिए दान में दी हो, वो भी तब जब संपत्ति किसी ट्रस्ट या संस्था के नाम पर रजिस्टर्ड हो। निजी संपत्ति पर वक्फ दावा नहीं कर सकता। गैर-मुस्लिम व्यक्ति की संपत्ति पर वक्फ न तो दावा कर सकता है न ही नोटिस भेज सकता है। वक्फ की पहली शर्त है कि व्यक्ति इस्लाम धर्म को मानने वाला हो और उसने संपत्ति धार्मिक काम के लिए दान में दी हो।

पुष्पेन्द्र जी ने कहा है कि 2013 में पूयीए सरकार के समय जो वक्फ एक्ट में संशोधन हुआ था उससे देश का अस्तित्व संकट पर है। उनको ये मालूम होना चाहिए 2013 में वक्फ एक्ट में हुए कुछ संशोधनों को लेकर केंद्र सरकार ने गजट जारी किया था, लेकिन इस गजट में सेक्शन 40 को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। अपने आपको राष्ट्रचिंतक कहने वाले पुष्पेन्द्र जी हमेशा मुस्लिम इसाई के खिलाफ ऐसे बातो को उठाते हैं जो झूठी और तथ्य से परे होती है।

## 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए विभिन्न स्कूलों में आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**रांची।** राजधानी रांची के कई स्कूलों ने आने वाले शैक्षणिक कैलेंडर में 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। फॉर्म ऑफलाइन और ऑनलाइन उपलब्ध हैं। सरला बिरला स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल सहित स्कूलों ने 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए पंजीकरण फॉर्म स्वीकार करना शुरू कर दिया है। बताते चलें कि रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है और स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट और ऑफलाइन मोड में जमा किया जा सकता है। बच्चों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म के आधार पर, आवेदकों को अंतिम प्रवेश दिया जाएगा।

**प्रवेश परीक्षा के आधार पर 11वीं कक्षा में प्रवेश :** रांची के कुछ स्कूलों में छात्रों को प्रवेश परीक्षा के आधार पर 11वीं कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। जिन उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, वे अंतिम प्रवेश ले सकेंगे।

## नर्सों ने विधायक राजेश कच्छप का हाथ पकड़ न्याय की लगायी गुहार

### विधायक बोले- जल्द आएगा मिठाई खाने का समय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर एनआरएचएम की अनुबंधित नर्सें और पारा मेडिकलकर्मी 24 जनवरी से आमरण अनशन पर हैं। सोमवार को राजभवन स्थित आमरण अनशन स्थल पर कांग्रेस के खिजरी से विधायक राजेश कच्छप पहुंचे। कांग्रेस विधायक ने अनशन पर बैठे सभी आंदोलित नर्सों और पारा मेडिकलकर्मियों को भरोसा दिलाया न्याय होगा। अनशन पर बैठी एक अनुबंधित नर्स ने राजेश कच्छप का हाथ पकड़ कर सेवा स्थायीकरण की गुहार लागते हुए कहा कि क्या आपकी सरकार, हमारी सेवा का यह ईनाम दे रही है? राजेश कच्छप ने सभी आमरण अनशनकारियों से कहा कि वह अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें और थोड़ा समय दें, जल्द मिठाई खाने का समय आएगा।



ज्ञात हो कि 24 जनवरी से 29 जनवरी तक आमरण अनशन पर बैठे 21 स्वास्थ्य कर्मियों में से 6 की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। अब तक 9 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ चुकी है।

बता दें कि राज्य के आठ हजार से ज्यादा अनुबंधित नर्सें और पारा मेडिकल स्टाफ 15 वर्षों से भी अधिक समय से एनआरएचएम के तहत अनुबंध पर सेवा दे रही हैं।

## झारखंड राज्य की विशिष्टताओं पर गौर करें राज्यपाल : केवट

**रांची।** भाकपा माले ने 1932 खतियान आधारित विधेयक को राज्यपाल द्वारा लिटाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि विधानसभा से पारित विधेयक को लौटाना राज्यपाल का अधिकार है लेकिन 1932 खतियान आधारित विधेयक को लौटाये जाने से झारखंड के युवाओं आघात लगा है। राज्यपाल को झारखंड की विशिष्टताओं पर गौर करना चाहिए। पिछले दिनों गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह से 1932 खतियान आधारित स्थानीयता के खिलाफ सिंहभूम में जिस तरह का भाषण दिया था। इससे ही स्पष्ट हो गया था कि राजभवन से विधेयक को वापस किया जायेगा। भाजपा झारखंडी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाकपा हेमंत सरकार से मांग करती है कि विधानसभा से विधेयक पुनः पारित कर राज्यपाल के पास भेजे।

## पुलिस ने पांच सड़क लुटेरों को किया गिरफ्तार, एसीबी और ह्यूमन राइट्स का अधिकारी बन करता था लूटपाट



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी पुलिस ने लुटेरा गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरा एसीबी और ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन का अधिकारी बनकर लूटपाट की घटना को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपियों में नगड़ी के अमित कुमार, लोहरदगा के अमर कुमार महतो, गुमला के आफताब अंसारी और रइस अंसारी के साथ साथ बिहार के बांका जिला के लालू कुमार यादव शामिल है। नामकुम थाने की पुलिस ने इन लुटेरों के पास से लूटे हुए कोयला लदा ट्रक और ह्यूमन राइट्स अध्यक्ष का बोर्ड लगा कार बरामद किया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि गिरोह के सदस्य कोयला लदे ट्रक को टारगेट करता था। उन्होंने कहा कि लुटेरा एसीबी या फिर ह्यूमन राइट्स के अधिकारी बनकर ट्रक रोकवाता और चालक को धौंस जमाता। इसके बाद थाना में जब्त करने का बहाना बनाकर ट्रक लेकर निकल भागता था। आरोपी कोयला को दूसरे शहर में बेचने के बाद ट्रक को कबाड़ी दुकान में कटवा देता था।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को नामकुम थाना क्षेत्र के टाटा रोड स्थित कबिल ढ़ाबा में रात करीब डेढ़ बजे कोयला लदा ट्रक खड़ा था। इस ट्रक का ड्राइवर लालू यादव ढाबा में खाना खा रहा था। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन से आए तीन लोग उतरे और खुद को एसीबी अधिकारी बताते हुए ट्रक चालक से कागजात की मांग की। कागजात जांच करने के बाद तीनों ने चालक को परमिट फेल बताते हुए केस करने का धौंस दिखाने लगा। ट्रक ड्राइवर ने घटना की सूचना अपने मालिक को फोन पर दी। घटनास्थल पर ट्रक मालिक पहुंचते, उससे पहले तीनों ने उस ट्रक को लेकर निकल गए। ट्रक मालिक ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कांके के आईटीबीपी के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों की निशानदेही पर तीनों आरोपियों को कांके इलाके से गिरफ्तार किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से तीन नेम प्लेट मिला है। एक पर ह्यूमन राइट्स के अध्यक्ष, दूसरे पर एसीबी और तीसरा न्यूज चैनल का बोर्ड है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी गाड़ी का नेम प्लेट बदलते रहता था, ताकि घटना को अंजाम देकर आसानी से निकल जाए। ग्रामीण एसपी ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के समय एसीबी का बोर्ड लगाकर पहुंचता था। घटना को अंजाम देने के बाद नेम प्लेट बदल लेता, ताकि पुलिस गिरफ्त से बच सके।

## जेएसएससी ने नियुक्तियां रोकी लेकिन जिलों में साक्षात्कार शुरू

### पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता ने किया इंटरव्यू कॉल

### अभ्यर्थियों ने सीएम, मुख्य सचिव और विभागीय सचिव से की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में नयी या कंटैक्ट की सभी नियुक्तियां फिलहाल रोक दी गयी है। ऐसा नयी नियोजन नीति के लागू नहीं होने के कारण की गयी है परंतु पेयजल स्वच्छता विभाग को नियम-कानून से कोई मतलब नहीं है।

रांची पूर्वी और पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए एक फरवरी को इंटरव्यू कॉल किया है। इसकी परीक्षा 25 सितंबर को ली गयी थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने कंट्रैक्ट और एजेंसी की नियुक्तियों पर रोक लगा दिया था। बाद में सरकार ने 1932 खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनाने का निर्णय लिया, जो फिलहाल पेंडिंग है। बताते चलें कि राज्य स्तर पर पहली ही नियुक्तियां रोक दी गयी है। परंतु इंजीनियरों ने राज्य के बाहर के चयनति अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए डीडीसी को अंधकार में रखकर इंटरव्यू की तिथि तय कर ली है। हालांकि इसे लेक पूर्व में भी स्थानीय अभ्यर्थियों ने सीएम, गवर्नर, सीएस और विभागीय सचिव से लिखित शिकायत की थी और संबंधित कार्यालयो में आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी है। परंतु स्थानीय कार्यालयों से उन्हें किसी तरह की सूचना अब तक नहीं दी गयी है।

# महंगाई और जॉब

देश के बजट से हर वर्ग को एक उम्मीद होती है। वहीं केन्द्र सरकार के बजट की कुछ मजबूरियां भी होती है। गांव और शहर में बंटे देश की बड़ी समस्या रोजगार और महंगाई को लेकर है। सरकारी आकड़ा से हटकर उत्पादों के मूल्य को लाभकारी बनाने का निजी क्षेत्र का उपक्रम और सरकार को लोक कल्याणकारी बने रहने की जिम्मेदारी साथ-साथ चलती है। सरकार के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के पीछे इन वादों और नारों का हाथ होता है। बजट में संतुलन और देश के अंदर की समस्या और पूरी दुनिया के साथ व्यापार निवेश का संतुलन भी केन्द्र सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है। आज देश में निजीकरण का माहौल बना रहे यह अतिआवश्यक हो गया है। पाकिस्तान और श्रीलंका का जो हाल हुआ उससे भारत सबक ले सकता है। लोकलुभावन नारों एवं तर्कों से हटकर देश के आधारभूत संरचना का विकास, निजीकरण तेज करना, करों में सुधार और कर कम किया जाना, बैंकिंग सुधार, शिक्षा पर अधिक व्यय, स्वास्थ्य सेवा सस्ती और सर्वसुलब हो राज्यों में विकास की गति तेज हो जैसी अनेक जबावदेही के साथ महंगाई पर नियंत्रण और जॉब चाहे वह निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में बनाये रखने की आवश्यकता है। आजादी के 75 वें साल में हमें 2047 की तैयारी पूरी ताकत से आंरभ कर देना चाहिए। आज देश में सात करोड़ परिवार सर्व सुविधा भोगी है वहीं 18 करोड़ परिवार आज भी न्यूनतम आय और गरीबी से जूझ रहा है। देश की बड़ी आबादी संपन्नता की ओर नहीं जाती है तो भारत सिर्फ सात करोड़ परिवार के व्यापार वाला देश बन जाएगा। कई सामाजिक समस्या सामने खड़ी है। रक्षा और सुरक्षा से किसी हाल में समझौता नहीं किया जाना चाहिए। देश में पर्यटन और खेती-किसानी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# तेल की कीमत

यह स्थिति तब है जब अगस्त में कच्चे तेल की कीमतों में 17.44 फीसद की गिरावट आई। माना जाता है कि तेल की कीमतों में कमी होने से वस्तुओं की माल ढुलाई का खर्च कम होता है और इससे कीमतें गिरती हैं। विडंबना यह है कि हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तो कर दी जाती है, लेकिन उसमें गिरावट के मुताबिक कमी नहीं की जाती। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि महामारी के दौरान लागू पूर्णबंदी की वजह से पहले ही लोगों के रोजगार और आमदनी पर बहुत नकारात्मक असर पड़ा है। भारी तादाद में नौकरियां जाने और व्यवसायों के ठप होने के चलते लोग अपने खर्च में कटौती करने पर मजबूर हुए हैं। क्रयशक्ति बेहद कम हो जाने की वजह से वे सिर्फ अनिवार्य खरीदारी ही कर पा रहे हैं और दूसरे तमाम सामानों की बिक्री में गिरावट देखी जा रही है। जाहिर है, अगर रोजी-रोजगार और आय में बढ़ोतरी के मद्देनजर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई ठोस पहलकदमी नहीं हुई तो इसका असर वित्तीय और मौद्रिक नीतियों पर भी पड़ेगा, क्योंकि सरकार इससे संबंधित फैसले थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर के हिसाब से भी करती है। तेल का रिजर्व आखिर कोरोना जैसी विपति के लिये ही था लेकिन केन्द्र और राज्यों की सरकारों ने तेल मूल्यों को दोगुना दरों पर कर दिया और अब चुनाव आने पर कीमत कम करने की ओर ध्यान दे रहें हैं। आखिर देश की सौ करोड़ आबादी कम आय माने निर्धन और अति निर्धन वर्ग से आते हैं। इन पर महंगाई का बड़ा असर पड़ता है। धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों में इन पर आर्थिक मुद्दा सबसे अधिक प्रभावी होता है। जो सरकारें इसे समझ नहीं सकी उनका सत्ता में रहना असंभव है। संभवत यह बात अब समझ में आ रही है।

# इस बजट में सरकार को जीडीपी की चिंता नहीं




**कल** देश का आम बजट आने वाला है। आम बजट आने से पहले सकल घरेलू उत्पाद के बारे में सरकार के शीर्ष स्तर की सोच एकदम स्पष्ट है। उसे लगता है कि जीडीपी में 6 से 6.5 फीसदी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024 और लघु से मध्यम अवधि में आसानी से पाया जा सकता है। इसलिए सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने पर ध्यान देना चाहिए ताकि ऊंची ब्याज दर के इस माहौल में उधारी पर सरकार का खर्च बहुत अधिक न हो जाए। आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर निवेश और कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च के बीच संतुलन बिठाने की कोशिश की जाएगी। मगर 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले आखिरी पूर्ण बजट होने के बाद भी यह बजट लोकलुभावन नहीं होगा।

2022-23 की आर्थिक समीक्षा अभी आने वाली है मगर उसमें अगले वित्त वर्ष के लिए 6-6.5 फीसदी जीडीपी वृद्धि का ही अनुमान जताए जाने की संभावना है।

केंद्र सरकार का मौजूदा रुख कठिन वैश्विक वृहद आर्थिक माहौल के मुताबिक ही है। ऐसे में सरकार मध्यम अवधि में 7-8 फीसदी की वृद्धि के पिछले अनुमान से नीचे आ सकती है। मगर भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार रह सकता है।

बजट से पहले प्रधानमंत्री कार्यालय और वित्त मंत्रालय के बीच हो रहे विचार-विमर्श की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा, ह्यमाना जा रहा है कि लघु से मध्यम अवधि में 6-6.5 फीसदी की वृद्धि बरकरार रह सकती है और अर्थव्यवस्था के किसी भी क्षेत्र पर इसका बोझ नहीं पड़ेगा। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 में मुद्रास्फीति का दबाव भी वित्त वर्ष 2023 की तरह नहीं होगा।

अधिकारी ने कहा, भले ही भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी घरेलू खपत की मजबूती के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था से कम प्रभावित होती है मगर विकसित अर्थव्यवस्थाओं और चीन में मंदी का असर हम पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने विश्व आर्थिक अनुमान पर अपनी ताजा रिपोर्ट में आशंका जताई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का करीब एक तिहाई हिस्सा कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान मंदी के चपेट में आ जाएगा। मुख्य आर्थिक जोर केंद्र और राज्यों का राजकोषीय घाटा काबू में करने पर हो सकता है, जो कुल मिलाकर जीडीपी के 10 फीसदी को छू रहा है। राजकोषीय घाटा कम करने की केंद्र सरकार की मध्यम अवधि की योजना के तहत बजट घाटे को वित्त वर्ष 2026 तक जीडीपी के 4.5 फीसदी पर लाने का लक्ष्य है। चालू वित्त वर्ष में इसे 6.4 फीसदी पर लाने की कोशिश जारी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले बजट में वित्त वर्ष 2024 में घाटे को जीडीपी के 5 से 5.6 फीसदी पर समेटने का लक्ष्य रख सकती हैं। पहले ही बताया जा चुका है कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी शायद नहीं करेगी।



- सीए रंजीत सिंह

> ज्यादा रोजगार वाले क्षेत्रों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का लाभ देने के लिये इसका विस्तार किया जा सकता है।सरकार पहले ही लगभग दो लाख करोड़ रुपये की पीएलआई योजना वाहन और वाहन कलपुर्जे, बड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औषधि, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, उच्च क्षमता वाले सौर पीवी मॉड्यूल्स, उन्नत रसायन सेल और विशिष्ट इस्पात समेत कुल 14 क्षेत्रों में लागू कर चुकी है।

**सरकार बजट में कुछ और क्षेत्रों के लिए ला सकती है पीएलआई योजना**

सरकार आगामी बजट में खिलौनों, साइकिल, चमड़ा और जूता-चप्पल के विनिर्माण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि ज्यादा रोजगार वाले क्षेत्रों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का लाभ देने के लिये इसका विस्तार किया जा सकता है।

सरकार पहले ही लगभग दो लाख करोड़ रुपये की पीएलआई योजना वाहन और वाहन कलपुर्जे, बड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औषधि, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, उच्च क्षमता वाले सौर पीवी मॉड्यूल्स, उन्नत रसायन सेल और विशिष्ट इस्पात समेत कुल 14 क्षेत्रों में लागू कर चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि योजना का लक्ष्य इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माताओं को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी और ह्यचैंपियनह्ण बनाना है। पीएलआई योजना को खिलौनों और चमड़ा जैसे विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रस्ताव स्वीकृत होने के अंतिम चरण में है और इसकी संभावना है कि बजट में इसे लाया जा सकता है। एक सूत्र ने बताया कि इस दो लाख करोड़ रुपये में से कुछ राशि बची है।

इसे अन्य क्षेत्रों में लगाने पर विचार किया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आम बजट एक फरवरी को पेश करेंगी। उद्योग मंडल फिक्की ने सरकार से आगामी आम बजट में घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को समाप्त करने की मांग की है। उद्योग मंडल ने कहा है कि इस तरह का कर निवेश आधारित तेल एवं गैस खोज क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। उद्योग मंडल ने आम बजट के लिए सरकार को दी सिफारिशों में यह मांग की है। देश ने पहली बार पिछले साल एक जुलाई को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। भारत उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के सामान्य से अधिक मुनाफे पर कर लगाते हैं। उस समय घरेलू कच्चे तेल पर 23,250 रुपये प्रति टन (40 डॉलर प्रति बैरल) का अप्रत्याशित लाभ कर लगाया गया था। पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन एटीएफ के निर्यात पर भी नया कर लगाया गया है। प्रत्येक पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर इसकी समीक्षा की जाती है। उद्योग मंडल फिक्की ने बजट के लिए अपनी सिफारिशों में कहा है कि इस तरह का कर अन्य सभी मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त है।

फिक्की ने कहा, पेट्रोलियम कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को हटा दिया जाना चाहिए या यदि असाधारण उपाय के रूप में कुछ समय के लिए इसे जारी रखने की आवश्यकता है, तो इसकी दर को सीमित किया जाना चाहिए।

फिक्की ने कहा कि यह अप्रत्याशित लाभ कर अन्य शुल्कों के अतिरिक्त है। फिक्की ने कहा कि इसके अलावा अप्रत्याशित लाभ कर की गणना प्रति टन उत्पादन के आधार पर की जाती है। इसकी गणना प्राप्त मूल्य के प्रतिशत के हिसाब से नहीं होती। ऐसे में दाम घटने पर तेल उत्पादकों के लिए दिक्कतें आती हैं।

## खास बात

### 116 करोड़ उपभोक्ता

**देश** में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या 1989 के 40 लाख से बढ़ाकर शताब्दी के अंत तक 3 करोड़ करनी थी। इसके अलावा एक सक्षम निर्णय लेने वाली संस्था का गठन करना भी एक लक्ष्य था। भारत में मोबाइल टेलीफोन के आगमन के बाद भारत में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ गई।

दूरसंचार क्षेत्र के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2001-02 की पहली तिमाही में नए मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या (5,01,000) लैंडलाइन कनेक्शन की संख्या (4,89,000) को पार कर गई। खबरों के अनुसार यद्यपि 2000 में मंदी थी मगर शुल्क दरों में कटौती के दम पर अगले कैलेंडर वर्ष में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में 85 प्रतिशत से अधिक तेजी देखी गई।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़े भारत में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार का कहानी बयां करते हैं। दिसंबर 2002 में समाप्त तिमाही में कुल उपभोक्ताओं की संख्या 5.06 करोड़ थी जो दिसंबर 2003 में समाप्त हुई तिमाही में बढ़कर 7.05 करोड़ हो गई। उस समय दूरसंचार घनत्व तब भी एक अंक में था। दो दशक बाद ट्राई के आंकड़े एक अलग भारत की तस्वीर पेश करते हैं।

जून 2022 कि तिमाही के विश्लेषण से पता चलता है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की संख्या क्रमशः 64.9 करोड़ और 52.3 करोड़ के साथ लगभग बराबर है। शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार घनत्व 134.72 प्रतिशत के साथ कहीं ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में यह घनत्व 58.56 प्रतिशत है इस तरह, देश में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार का लक्ष्य लगभग हासिल कर लिया गया है, वहीं डीसीसी डिजिटल कम्युनिकेशन पॉलिसी, 2018 से जोड़ दिया गया। इस नीति में नागरिकों और उद्यमों की दूरसंचार से जुड़ीं जरूरतें पूरी कर भारत को डिजिटल रूप से सक्षम एक अर्थव्यवस्था के मार्ग पर ले जाना था। इसके अलावा इस नीति के तहत 2022 तक सभी को ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ना था। वायरलेस ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 82 करोड़ हो गई है।

**रिम्स** के सर्जरी विभाग में पहली बार रोबोट की मदद से गाल ब्लैडर की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। बेल्जियम की कंपनी एवं मेरिल इंडिया के द्वारा आधुनिक तकनीक की रोबोट हैंड एक्स के द्वारा यह ऑपरेशन किया गया।
– रिम्स संस्थान, रांची

## रोचक ट्वीट

ये जो बिखरे हैं
शॉल बनके
हर शाने-शाने,
इन्हीं धागों ने बुने हैं मेरे ताने-बाने!
– कुमार विश्वास, कवि





**जीत** उनकी भी है
जो लौट के घर ना आए।
हार उनकी ही है
जो अन्नदाताओं की जान बचा ना पाए।
–राहुल गांधी

# प्रकाश की ओर

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** जी ने कहा मुझे जीवन में कुछ नहीं चाहिए। मगर थोड़ा भी आपका काम कर सकूं तो मेरा जीवन धन्य है। यही मैं सोचती हूं। ठीक वही हुआ जो मुनि अगस्त्य ने बताया था। इन लोगों की शिविर लगने के बाद शूर्पणखा सुंदर स्त्री का वेश बनाकर एक दिन आ गयी। आते ही राम के पास जाकर उसने कहा आपकी सुंदरता देखकर लगता है कि प्रकृति ने आपका किस प्रकार निमार्ण किया और मेरा भी निमार्ण प्रकृति ने आपके लिये किया है। आपकी तरह पुरुष है न मेरी तरह स्त्री। अतः आप मेरा वरण करें। मैं आपको पति स्वीकार करना चाहती हूं। रामजी ने कहा कि मेरी शादी हो चुकी हैमेरी पत्नी हैं। वह मेरा भाई है और वहां चले जाओ। जब शूर्पणखा वहां गयी तो लक्ष्मण जी ने कहा कि तुम राम के पास ही जाओ। वे मालिक हैं तो एक नहीं दो चार पत्नियां रख सकते हैं। मैं तो दास हूं मुझे पत्नी रखने का हक कहा है। मैं तो सेवा में आया हूं। इसलिये वहीं जाओ वे रख सकते हैं। बार-बार जब उसने यही आग्रह किया तो लक्ष्मण जी ने उसके नाक-कान काट लिये। वह नाक-कान से रहित होकर भयंकर रूप से धारण कर भागी और खर-दूषण को जाकर कही कि अयोध्या के दो राजकुमार आये हैं उनके साथ एक स्त्री है उन्होंने ही मुझे इस प्रकार कुरुप बना दिया है। सुनते ही खर-भूषणक्रोध में आकर पूरी सेना लेकर चल दिया। रास्ते में धूल गर्दा उड़ते देखकर राम ने कहा लक्ष्मण निशाचरों की सेना आ रही है, आप गुफा में सीता को ले जाए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम )

## कॉटून वर्ल्ड




साभार कॉटूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### ज्ञान की खोज

**ब्रह्म** को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था। हमारी दुनिया जिस प्रकार गतिमान हो रही है और हम अपनी दुनियावी समस्याओं से जिस प्रकार धिरते जा रहें हैं उससे हमारी सोच उन्हीं में घूमती रहती है। उनके मुक्ति के लिये गुरु के शरण में आना और उनका अनुसरण करना ही एक मात्र मार्ग है। **–रवि, रांची**

### बढ़ती महंगाई

**खाद्य** वस्तुओं में खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में जिस तेजी से बढ़ोतरी शुरू हुई, वह अप्रत्याशित है। हरी सब्जियों की कीमतें बहुत सारे लोगों की पहुंच से बाहर हो रही हैं और दूध का मूल्य अब 60 से 75 रुपये तक जा पहुंचा है जो आम आदमी के लिये कष्टदायी स्थिति है। ताजा आंकड़ों में महंगाई कुछ कम होती दिखाई देती है लेकिन वह हॉलसेल इंडेक्स पर। **– विवेक, हजारीबाग**

# प्राकृतिक न्याय और कानून का भी विकास के क्रम में ख्याल हो



**मृत्युजय प्रसाद**

**नदी** के किनारे स्थित किसी गांव के बारे में सोचिए जिसे अधिकारियों ने बताया हो कि वहां कुछ दिनों में बाढ़ आ सकती है। आप गांववासियों से क्या कदम उठाने की आशा करेंगे? किसी भी पारंपरिक समाज में लोग साथ मिलकर अपने बचाव की कोशिश करेंगे और ज्यादा संकटग्रस्त लोगों को बचाएंगे। उच्चाधिकारी भी हो सकते हैं जो चेतावनी दें और प्रासंगिक होने पर उन लोगों की पहचान करें जिनके कारण यह खतरा उत्पन्न हुआ। जरूरत पड़? पर बाढ़ के प्रबंधन में उनकी सहायता लें।

क्या जलवायु परिवर्तन को लेकर ऐसी वैश्विक प्रतिक्रिया हो रही है? करीब 30 वर्ष पहले 200 या उससे अधिक देशों ने मिलकर ऐसे वैश्विक गांव की स्थापना की थी और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दो प्रणालियां विकसित की थीं-जलवायु परिवर्तन से जुड़े तथ्यों और पूवार्नुमानों को लेकर सहमति बनाने के लिए एक वैज्ञानिक संस्था यानी जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल (आईपीसीसी) तथा विभिन्न देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्या करना चाहिए इसके लिए यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) की स्थापना की गई।

इनमें से पहले की बात करें तो कह सकते हैं कि आईपीसीसी ने अब तक पांच आकलन पेश किए हैं। छठे आकलन के जो शुरूआती संकेत हैं

## पर्यावरण

उन्होंने तथ्यों और पूवार्नुमानों पर वैज्ञानिक सहमति को मजबूत किया है। तापमान के पूवार्नुमानों की विश्वसनीयता पर संदेह तथा जलवायु पर मानव विकास के प्रभाव अब बहुत सीमित हैं। ये अब प्रायः उन लोगों तक सीमित हैं जिनके वाणिज्यिक हित जीवाश्म ईंधन से जुड़े हुए हैं। आईपीसीसी की रिपोर्ट तथा तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के कारण बढ़ते विपरीत प्रभावों ने निश्चित रूप से वैज्ञानिक दायरे में जागरूकता बढ़ाई है लेकिन इसने उन लोगों में भी चेतना बढ़ी है जिनके वाणिज्यिक हित जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से प्रभावित हो रहे हैं। क्या इस बढ़ती जागरूकता और तथ्यों तथा पूवार्नुमानों को लेकर बढ़ती सहमति के कारण ऐसी आपात भावना पैदा हुई है जो इतनी मजबूत है कि आपातकालीन कदमों की प्रेरणा बन सके? कई बार जलवायु परिवर्तन संबंधी बैठकों के बाद अल्प समय के लिए ऐसा लगता है। लेकिन हकीकत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी के घातक परिणाम भविष्य में बहुत बाद में घटित होने वाले हैं और यही वजह है कि वे सही मायनों में न तो लोकतांत्रिक देशों और न ही तानाशाही वाले देशों में निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित कर पा रहे हैं। तत्काल कदम उठाने की भावना की अनुपस्थिति को इस बात में महसूस किया जा सकता है कि विशुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य दशकों पहले तय कर लिए गए हैं लेकिन उस दिशा में अब तक के कदम संतोषजनक नहीं हैं।

संयुक्त जवाबदेही की बात करें तो वह साझा किंतु अलग-अलग जवाबदेही की प्रतिबद्धता में नजर आता है जो जलवायु संधि में निहित है। दिक्कत यह है कि जलवायु न्याय का सिद्धांत जिसके जरिये इसे संचालित होना था, उसका कभी उल्लेख नहीं किया गया। इस बात पर भी कोई सहमति नहीं है कि जवाबदेही शब्द को अभियोज्यता के रूप में समझा जाए या कर्तव्य के रूप में। चूंकि जलवायु परिवर्तन के जोखिम ग्रीनहाउस गैसों के समग्र उत्सर्जन पर केंद्रित हैं इसलिए अहम मसला जिसे कभी हल नहीं किया गया है वह यह है कि आखिर अतीत के उत्सर्जन के लिए पश्चिमी देशों को किस हद तक जवाबदेह माना जाए।

# केन्द्र के बजट से आमलोगों को बड़ी उम्मीद

**अनल कुमार**

**केंद्र** सरकार 1 फरवरी, 2023 को आगामी वित्त वर्ष (2023-24) के लिये केंद्रीय बजट प्रस्तुत करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये यह बजट काफी महवपूर्ण होगा। निरंतर गिरती आर्थिक वृद्धि दर और मुद्रास्फीति संबंधी हालिया आँकड़ों ने बजट निर्माण की प्रक्रिया को काफी जटिल बना दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को मुद्रास्फीति से उबारना और वर्ष 2024 तक भारत को 5 ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करना बजट निर्माताओं के समक्ष बड़ी चुनौती होगी। क्या होता है बजट? 1.भारतीय संविधान में शासन प्रणाली की त्रि-स्तरीय व्यवस्था अपनाई गई है। सर्वप्रथम केंद्रीय सरकार फिर राज्य सरकारें और अंत में स्थानीय सरकारें (जैसे- नगर निगम, नगरपालिका और जिला परिषद)। 2. उक्त सरकारें अपना-अपना बजट तैयार करती हैं जिसमें अपेक्षित राजस्व और प्रस्तावित व्यय का अनुमान होता है, इन्हें केंद्रीय बजट, राज्य बजट और नगरपालिका बजट कहते हैं। 3.वर्ष 2017 से पूर्व सरकार द्वारा अपने अपेक्षित राजस्व और अनुमानित व्यय का विवरण यानी केंद्रीय बजट को फरवरी माह के अंतिम कार्य दिवस पर प्रस्तुत किया जाता था, किंतु वर्ष 2017 में इस प्रथा को बदलते हुए सरकार ने पहली बार 1 फरवरी को बजट प्रस्तुत किया था और तब से प्रत्येक

## बजट

वर्ष 1 फरवरी को ही बजट प्रस्तुत किया जाता है। 4.भारतीय संविधान में 'बजट' शब्द का कहीं भी प्रयोग नहीं किया गया है। इस संदर्भ में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 में 'वार्षिक वित्तीय विवरण' का प्रयोग किया गया है। 5.इस प्रकार कहा जा सकता है कि बजट एक वार्षिक वित्तीय विवरण होता है, जो वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षित राजस्व और अनुमानित व्यय को दर्शाता है। 6.सरकार अपने उद्देश्यों के आलोक में व्यय की योजना बनाती है और फिर प्रस्तावित व्यय को पूरा करने के लिये संसाधन जुटाने की कोशिश करती है। आमतौर पर कर, शुल्क और जुर्माना, राज्यों द्वारा लिये गए ऋण का ब्याज और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लाभांश केंद्र सरकार के लिये राजस्व प्राप्ति के प्रमुख स्रोत है। बजट मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित होता है: क राजस्व बजट राजस्व बजट में राजस्व प्राप्तियाँ और इस प्राप्ति से किये जाने वाले व्यय शामिल होते हैं। राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व (जैसे- आयकर, उत्पाद शुल्क आदि) और गैर-कर राजस्व (जैसे- ब्याज रसीदें, लाभ आदि) दोनों शामिल होते हैं। बी. पूंजीगत बजट पूंजीगत बजट में पूंजी प्राप्तियाँ (जैसे- उधार, विनिवेश) और लंबी अवधि के पूंजीगत व्यय (जैसे- संपत्ति, निवेश का सृजन) शामिल होती हैं। पूंजी प्राप्तियाँ सरकार की वे प्राप्तियाँ होती हैं जो या तो देनदारियों का सृजन करती हैं या वित्तीय परिसंपत्तियों को कम करती हैं, जैसे- बाजार उधार, ऋण की वसूली आदि। वहीं पूंजीगत व्यय सरकार का वह व्यय होता है जो या तो संपत्ति का निर्माण करता है या देयता को कम करता है।

**केंद्रीय बजट के उद्देश्य**

1.आर्थिक वृद्धि केंद्रीय बजट का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को बढ़ावा देना होता है, ताकि आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया जा सके। ज्ञात हो कि आर्थिक वृद्धि देश के सकल घरेलू उत्पाद में निरंतर वृद्धि को सूचित करती है।

जारी...

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
प्रधान संपादक
**अभय कुमार सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
स्थानीय संपादक
**अविनाश ठाकुर***
**फोन :0651-2974033**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## धारदार हथियार से शिक्षा विभाग के अधिकारी की हत्या

**गोला।** थाना क्षेत्र के संग्रामपुर बाजार टांड़ के समीप शिक्षा विभाग के सोसोकलां संकुल साधन सेवी विज्ञान के गयाराम महथा की हत्या सोमवार हुई। गोला प्रखंड क्षेत्र के कुम्हदगा निवासी गयाराम महथा दैनिक रिपोर्ट लेने के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरूड़ीह व उत्क्रमित उच्च विद्यालय संग्रामपुर गए हुए थे। घात लगा कर बैठे दो अपराधियों ने धारदार हथियार से प्रहार किया। गांव वालों की मदद से आनन-फानन में सीआरपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची भेज दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 73वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**चरही।** चरही चौक पर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 73 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रधांजलि अर्पित किया। साथ ही राष्ट्रीय गान भी गाये। वक्तायों ने श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं उनके कर्म संघर्ष पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल कर राज्य और देश के विकास कार्यों में हाथ बटाएं ताकि देश में चहुमुखी विकास कर सके। मौके पर लखराज सिंह, भानुप्रताप सिंह, नौशाद आलम, मुस्लिम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## गैपाहडी जंगल में लगी आग

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के गैपाहडी जंगल में सोमवार को करीब ग्यारह बजे दिन में आग लग गई। धीरे धीरे आग पूरे जंगल में फैलने लगा। लोगों ने इसकी सूचना जिप सदस्य और भाजपा नेत्री कुमकुम देवी को सूचना दिया। उन्होंने थाना प्रभारी विक्रम कुमार को सूचित किया। थानाप्रभारी खुद दमकल गाड़ी को लेकर जंगल पहूंचे। आग बुझाने में उन्होंने सहयोग किया। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी को त्वरित संज्ञान में लेने के लिए बधाई दिया है।

## स्टेशन कमांडर रामगढ़ छावनी ने इसीएचएस धनबाद का किया दौरा

**रामगढ़।** स्टेशन कमांडर रामगढ़ छावनी ने 30 जनवरी को ईसीएचएस धनबाद का दौरा किया। मौके पर उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारी पॉलिक्लीनिक सेवानिवृत कमांडर विश्वजीत त्रिवेदी और पूर्व सैनिकों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों ने उनसे भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील की। जिसपर स्टेशन कमांडर ने उन्हें दी जानेवाली सेवाओं में सुधार का आश्वासन देते हुए मदद का भरोसा दिलाया।

## मुक्तिधाम संस्था ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी



**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सोमवार को दामोदर नद किनारे स्थित मुक्तिधाम में सोमवार को गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस स्थान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि मरणोपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अस्थि कलश को पूरे देश के विभिन्न जगहों पर स्थापित किया गया था जिसमें एक कलश रामगढ़ के गांधी घाट पर भी स्थापित किया गया था। मुक्तिधाम संस्था के संस्थापक कमल बगड़िया ने बताया कि यह एक छोटा राजघाट के रूप में स्थापित है क्योंकि यहां गांधीजी का एक अस्थि कलश रखी गई है यहां पर शहर के गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि सभा की और गांधी जी के प्रिय भजनों को दोहराते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। हम लोगों ने संकल्प लिया कि गांधी जी के बताए रास्ते पर चलते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में आदित्यनाथ त्रिपार्ठी,प्रदीप सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

# न्यू बिरसा परियोजना पोटंगा में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# हर परियोजना में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को मिलेगा कार्य : फागू बेसरा

▶▶ झारखंड सरकार से मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा का हुआ नागरिक अभिनंदन, 51 किलो का माला पहनाकर किया स्वागत, शिक्षा, रोजगार व एकजुटता पर दिया गया बल, जल, जंगल व जमीन की रक्षा का लिया गया संकल्प



सिद्धो-कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण के दौरान एकजुटता दिखाते झामुमो के लोग।



51 किलो का माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** न्यू बिरसा परियोजना पोटंगा में झारखंड सरकार से मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा के लिए सोमवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसकी मंडली के अध्यक्ष अध्यक्षता सोनाराम मांझी व संचालन पोटंगा पंचायत के उप मुखिया रविन्द्र सोरेन ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सह झारखण्ड राज्य समन्वय समिति सदस्य कैबिनेट मंत्री फागू बेसरा एवं झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया, रैयत विस्थापित मोर्चा केन्द्रीय महासचिव सैनाथ गंझू, रैयत विस्थापित मोर्चा केन्द्रीय कार्यवाहक कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, झामुमो हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली ने उरीमारी चेक पोस्ट स्थित झारखंड के वीर शहीद सिद्धो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के बीच मुख्य अतिथि फागू बेसरा व विशिष्ट अतिथि संजीव बेदिया को न्यू बिरसा परियोजना पोटंगा समारोह स्थल लाया गया। जहां दोनों को झारखंडी रीति-रिवाज से युवतियों व महिलाओं ने तीलक लगातर व बैच पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि फागू बेसरा व संजीव बेदिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान दिशोम गुरू शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन जिन्दाबाद, झामुमो जिन्दाबाद का नारा बुलंद किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि फागू बेसरा व संजीव बेदिया को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ 51 किलो का फूल माला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फागू बेसरा ने विस्थापितों की समस्याओं का हर हाल में समाधान होगा। उन्होंने कहा कि गुरू जी शिबू सोरेन व सीएम हेमंत के मार्ग-दर्शन में मुझे झारखंड सरकार में मंत्री का जो दर्जा दिया गया है यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं बल्कि आपसभी भी इसके हकदार हैं। 40 साल की लंबाई लड़ाई लड़कर गुरू जी झारखंड को अलग राज्य बनाया। अभी गुरू जी के सपनों का झारखंड नहीं बना है, लेकिन आपसभी एकजुट रहें हमसभी मिलकर शिबू सोरेन के सपनो का झारखंड बनायेंगे। श्री बेसरा ने कहा कि कारोना काल के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने विकास के ताबड़तोड़ कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि सीएमडी से मेरी बात हुई है इसमें कहा गया है कि किसी भी परियोना में ई-ऑक्सन का 40 प्रतिशत कोयला लोकल सेल में दिया जाए। साथ यहां के 75 प्रतिशत लोगों को कार्य दिया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि उच्च शिक्षा के लिए झारखंड सरकार ने छात्रवृत्ति योजना लागू की है। अब यहां के 25 गरीब बच्चे प्रत्येक साल देश ही नहीं विदेशों में भी उच्च शिक्षा प्रदान कर सकेंगे। समारोह में शिक्षा, रोजगार, नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, प्रदूषण आदि मुद्दों से भी फागू बेसरा व संजीव बेदिया को अवगत कराया गया। जिसमें अतिथियों ने कहा कि हर हाल में समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान जल, जंगल व जमीन की रक्षा का संकल्प भी लिया गया।

## समस्याओं को सूचीबद्ध करके 15 दिनों के अंदर दें, होगा समाधान : संजीव बेदिया

समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि यहां की मैनेजमेंट कान में कडुआ तेल डालकर सो गई है। इन्हें जगाने के लिए आंदोलन का रूख अख्तियार करना होगा। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी जनप्रतिनिधियों का चलने वाला नहीं हैं यहां सिर्फ जिनकी जमीन गई है उन्ही की चलेगी। श्री बेदिया ने कहा कि रैयत-विस्थापितों की हर समस्याओं का समाधान होगा। समस्याओं का सूची बनाकर लिखित में दें फागू बेसरा के माध्यम से सभी का समाधान होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया सीएम हेमंत सोरेन ने लाभुकों के लिए कई योजनाएं धरातल पर उतारी है जिसका सबों को लाभ मिल रहा है। इसके तहत फुलो-झाने, सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृति योजना सहित स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने 50 हजार से 5 लाख तक लॉन दे रही है। इसके लिए आवेदन करें और आर्थिक रूप से मजबुत बनें।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद**

मौके पर मंडली के अध्यक्ष सोनाराम मांझी, झामुमो केंद्रीय सदस्य सूरज बेसरा, संजय करमाली, झामुमो जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग गणेश गंझू, रविंद्र सोरेन, उप मुखिया जितन मुंडा, सचिव विस्थापित समिति मोहन सोरेन, सचिव रैयत विस्थापित मोर्चा युवराज सोरेन, शाखा अध्यक्ष विस्थापित रैयत विनोद हेंब्रम, शाखा सचिव विस्थापित मोर्चा राजू करमाली, संतोष कुमार सिंह, विस्थापित नेता मनोज मुंडा, विश्वनाथ मांझी, सजय वर्मा, मुकेश राउत, उदय मालाकार, शंकर मांझी, बिहारी मांझी सहित उपस्थित लोगों में बभनी देवी, पंचायत समिति सदस्य पोटंगा पश्चिम फूलमती देवी, वार्ड सदस्य अनीता मरांडी, रीना देवी, पूनम देवी, सावित्री देवी, मुनिया देवी, अंजली देवी, क्रांति किस्कु, तारा देवी, बुधनी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, सविता देवी, अनीता देवी, अनीता हांसदा, ममता देवी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थीं।

# जविप्र दुकानदार कर रहे मनमानी काट रहे लाभुकों का राशन

क्षेत्र के लाभुकों में नाराजगी और मायूसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत अंतर्गत कई गांवों में जन वितरण प्रणाली दुकानदारो द्वारा पीएच, ग्रीन राशन कार्ड धारी लाभुकों से प्रति राशनकार्ड 2 से 3 किग्रा काटा जा रहा है। क्षेत्र के लाभुकों में नाराजगी और काफी मायूसी देखा है। जिले भर के कई प्रखंडों से अब तक ज.वि. प्र. के दुकानदारों की शिकायत हिंदी दैनिक अखबारों में प्रकाशित किया जा चुका है। लेकिन दुर्भाग्य है। अब तक जिला एवं प्रखंड क्षेत्र के कोई भी सबंधित अधिकारी गणों ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच तक नही किया। लोंगो में सन्देह बना है कि आखिरकार राशन दुकानदार लाभुकों को राशन लेने से पूर्व एक अलग बोरा या पैकेट में नमक और चावल प्रति यूनिट के हिसाब से तौलकर रख लेते हैं। बाद में पुनः उसमें तौलने के दौरान कटौती की जा रही है। मामले को सुनने के बाद भी अधिकारी गण चुप्पी साधे है। लाभुकों ने नाम नही लिखने के शर्त पर यह बातें बताया और कहा यदि अखबार में नाम प्रकाशित किया गया तो डीलर हमलोगों के राशन कार्ड को काट या कटवा देंने की संभावना हो सकता है। चुकी सबंधित शिकायत को कई बार टाटीझरिया एमओ आलोक कुमार से ग्रामीणों द्वारा बोला गया लेकिन वे क्षेत्रीय लोंगो की डांटते फटकार कर अभद्र व्यवहार करते हैं। अब तक जविप्र दुकान दारो ने सररकार के नियमों को ताख में रख दिये है।

# लापता युवक का शव कुएं से बरामद, हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के एक युवक के अपहरण होने की प्राथमिकी 27 जनवरी को दर्ज कराई गई थी। युवक का शव 30 जनवरी को एक कुंए से बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक प्रियांशु का शव एक कुएं में मिलने की सूचना गोला थाना पुलिस को सुबह में दी गई। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा प्रियांशु के सिर में गहरा जख्म है। जिसके आधार पर कहा जा रहा है कि उसकी हत्या कर शव कुंए में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि 27 जनवरी को गोला थाना अंतर्गत डभातु निवासी मनोज कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने अपने 18 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार के अपहरण होने की आशंका व्यक्त की थी। प्राथमिकी में लिखा था कि प्रियांशु कुमार 26 जनवरी की शाम 7:30 बजे के लगभग अपने डीवीसी चौक स्थित दुकान के लिए निकला था। कुछ देर के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया था। मैंने सीसीटीवी कैमरा में देखा कि वह मोबाइल पर बात करते जा रहा था। लेकिन सीसीटीवी कैमरा में वह वापस लौटता नजर नहीं आया। जिससे मुझे शक है कि मेरे पुत्र का अपहरण कर लिया गया है।

## एक नजर में

## आदर्श क्लब के सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के सरवाहा सिरकोल में आदर्श क्लब के द्वारा सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,झामुमो नेता निलकठ महतो पंचायत समिति निरंजन महतो और समाजसेवी कुंती देवी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर और दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिकता को बढ़ाती है।साथ ही लोगों में मेलमिलाप होता है। हमारे जीवन में नृत्य गीत संगीत काफी अनमोल है। हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। मनुष्य के तनाव को दूर करने का बेहतरीन उपाय है। उन्होंने लोगों से अपील करते है कि बुराई, नशा,व्यभिचार के खिलाफ आवाज उठाएं। गांव में सद्भाव भाईचारा और विकाश के लिए कार्य करें। मौके पर मुख्य संयोजक घनु आदित्या,उतम कुमार, करमू कुमार, बबलू कुमार, प्रभु कुमार,सनू कुमार, रवि कुमार, रमेश कुमार, विनोद महतो, हेमंत कुमार, कार्तिक महतो, कामेश्वर महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## राणा विश्वकर्मा सेवा समिति झारखंड के 6 वर्ष पूर्ण होने पर बैठक का आयोजन

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में राणा विश्वकर्मा सेवा समिति झारखंड के 6 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने के कारण केंद्रीय सचिव कामेश्वर राणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा,सचिव गोपाल राणा,कोषाध्यक्ष अशोक राणा एवं बरही प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर राणा मुख्यरूप से मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सचिव कामेश्वर राणा ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि समिति को निर्वाधरूप से 6 वर्ष पूरे होने के कारण बहुत खुशी का एहसास हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि इसी प्रकार संगठन को आगे बढ़ाने बक लिए हमसभी को संगठित होकर आपसी सहयोग के साथ पूरे भारत मे संगठन को एकजुट करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि संगठन मजबूत होने से राजनीति में हमारी पैठ मजबूत होगी और हमारे संगठन के सहयोग से युवाओं को एक नई दिशा मिलेगी,लोग रोजगार से जुड़ेंगे। समाज की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा,जिससे समाज के लोग मजबूत होंगे।वहीं प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर राणा ने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज मे फैली कुरीतियों को संगठित रूप से दूर किया जायेगा। जिनमे दहेजबक बहिष्कार के अलावे लोगों में शिक्षा का विकास किया जायेगा। मौके पर चौपारण प्रखंड सचिव सुभाष राणा,इटखोरी सचिव मोतीलाल राणा,पिंटू राणा,मनोज शर्मा,राहुल राणा,संजय राणा,सोनू राणा के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने कार्यकर्ताओं के संग सुनी पीएम की मन की बात

**बरही।** प्रखंड के भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा कार्यकताओं एवं अपने समर्थकों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 97वां संस्करण का सीधा प्रसारण टीवी के माध्यम से देखा।प्रधानमंत्री के मन की बात में पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि मन की बात में पीएम मोदी जी ने पद्म पुरस्कार विजेताओं की बात की। पीएम ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं में बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों की है। पीएम ने कहा कि आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है और चुनौतिपूर्ण भी है, लेकिन इसके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहते हैं। उन्होंने मन की बात में बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है। लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, रामचंद्र यादव, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, एसटी एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार साव, बिपिन कुमार सिन्हा, बरही पश्मी मुखिया समसेर आलम, अवधेश कुमार, पंकज वर्णवाल, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, मनोज राणा, आकाश कुमार राज, केदार पाण्डेय, इमरान खान, अनिल पाण्डेय, अवधेश कुमार, रविंद्र पाण्डेय, नईम अंसारी बिरंचि पाण्डेय, मुखिया प्रतनिधि मंसुर अंसारी, ब्रजेश कुमार, सागीर अंसारी, हफीजुल रहमान, कार्तिक भगत, धर्म देव यादव, कैलाश यादव, राजु कुमार, सियाराम सिंह, असगर अली, प्रदीप पाण्डेय, सरयू तिवारी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बाल सभा का आयोजन



बाल सभा में शामिल छात्र।

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमर में मुखिया ममता देवी की अध्यक्षता में बाल सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन सबकी योजना सबका विकास अभियान-2023 के तहत किया गया। सभा में विभिन्न आवश्यकताओं के बिंदु पर चर्चा की गयी।सभा में उपस्थित पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद ने विद्यालय में व्याप्त समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बाल सभा में सैनेटरी पैड लगाने, पानी फिल्टर लगाने, पेवर्स ब्रिक्स लगाने, क्रिकेट कीट, फुटबॉल बूट और जर्सी, पंखा, ट्यूबलाइट, दर्री, झूला, प्ले गार्डन समेत कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बाल सभा में रोजगार सेवक अरूण रवि, मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक, हरिनाथ यादव, चंदन ठाकुर, सोनु सिंह, झमन प्रजापति, प्रमोद सिन्हा, साहिर अंसारी, सिमरण भारती, पूजा, लक्ष्मी, सुनयना, भरत कुमार, पवन कुमार, सुरज कुमार, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# नामांकन की तैयारियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जायजा लेतीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा व अन्य।

**रामगढ़।** आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ का निरीक्षण कर नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन से अब तक नामांकन हेतु की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली । जिसके उपरांत उन्होंने नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने नामांकन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने परिसर में सुरक्षा बल तैनात करने, नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने व बैरिकेडिंग करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। गौरतलब है कि रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के लिए 31 जनवरी 2023 को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा। 7 फरवरी 2023 तक नामांकन किया जा सकेगा। उम्मीदवारों के स्कूटनी का कार्य 8 फरवरी 2023 को किया जाएगा एवं नाम वापसी के लिए आखिरी तिथि 10 फरवरी 2023 तक होगी। मतदान 27 फरवरी 2023 को एवं मतगणना 2 मार्च 2023 को होगी । चुनाव की प्रक्रिया 4 मार्च 2023 तक पूरी कर ली जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारियों, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

# पार्टी की नीति को जन-जन तक पहुंचायें कार्यकर्ता : जयंत सिन्हा

## भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में शामिल सांसद जयंत सिन्हा व अन्य।

**रामगढ़।** घाटों के बंजी क्लब में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमे मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा,मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल,पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,जिला प्रभारी शशिभूषण भगत , पूर्व सांसद प्रो.यदुनाथ पांडेय उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री खिरोधर साहू ने किया। बैठक में मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने प्रत्येक मंडल के सभी बूथों के शक्ति संतुलन पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की मेरे तीन विधानसभा चुनाव में जीत का एकमात्र कारण है की मैने हर चुनाव में अपने बूथ पर वोटों की संख्या को बढ़ाते हुए अपनी जीत दर्ज करवाई । साथ हीं हमें जमीनी स्तर पर अपने हर कमजोर बूथ पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिससे उपचुनाव के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा अपनी महत्वपूर्ण जीत दर्ज करवा सके। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश द्वारा निर्देशित डाटा प्रबंधन से हर बूथ और मंडल अध्यक्षों को जोड़ते हुए आने वाली चुनौतियों हेतु तैयार रहने का सुझाव दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की तैयारी करने के साथ लोकसभा चुनाव के लिए भी तैयारी करनी है और पांच लाख वोटों से जीत दर्ज करवाते हुए हमे पांचों विधानसभा सीटें जीतना है। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की भाजपा का संगठनात्मक रचना इतना सुदृढ है की प्रदेश और केंद्र के पदाधिकारी हर बूथ स्तर के कार्यकर्ता से संवाद कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि शशिभूषण भगत ने कार्यसमिति में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा की हमें बूथ निर्माण के साथ बूथ समिति का निर्माण भी करना है जिसके तहत पन्ना प्रमुख प्रदेश द्वारा तय समय सीमा तक पूर्ण करना है।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक,मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, इलरानी पाठक, अमरेंद्र गुप्ता, छोटन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, आनंद बेदिया, अखिलेश प्रसाद, बलराम महतो, आशुतोष सिंह, स्नेहलता चौधरी, मंत्री वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, राजू कुशवाहा, किरण देवी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, संतोष शर्मा, प्रवीण सोनू, धीरज साहू, कीर्ति गौरव व अन्य मौजूद थें।

## हर हाल में गरीब लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा : विजय मुंडा



**बासल।** पीवीयूएन सामुदायिक विकास के तहत सोमवार को बलकुदरा पंचायत में 125 जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इसका वितरण पंचायत के मुखिया विजय मुंडा व पंसस राजू मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विजय मुंडा ने कहा कि पीवीयूएन सीएसआर द्वारा जरूरतमंद परिवारों का सहयोग करना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि हर हाल में गरीब-जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। मौके पर सुमंती देवी, मुनी देवी, राधा देवी, कलावती देवी, गुलचंद मुंडा, रंजीत उरांव, अजय यादव मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पिरुटोला के समाजसेवी के निधन पर शोक



**पिठोरिया।** पिरुटोला निवासी समाजसेवी अनीसुर्रहमान 60 वर्ष का निधन हो गया। पिरुटोला के अंजुमन कमेटी के संरक्षक सहित कई सामाजिक संगठनों से जुड़े थे। सोमवार की अहले सुबह 7ः30 बजे अपने आवास में थे और हार्ट अटैक हुआ। परिजनों ने आनन फानन में मेदांता अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इन्हें पिरुटोला स्थित कब्रिस्तान में रात 8 बजे सुपेर्द खाक कर दिया गया। मौके पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, सुरेश कुमार बैठा, सरपंच अईनुल हक अंसारी, उपमुखिया गुफरान अंसारी, जावेद अख्तर अंसारी, शेख सहाबुद्दीन, मंजुर अहमद, सईद अंसारी, मजीद अंसारी, मोजिबुल अंसारी, हकिम अंसारी, नैयर इकबाल, आजम अहमद समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया।

## लाभुकों के बीच मुर्गी चूजे का वितरण

**नामकुम।** प्रखंड के हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में सोमवार को प्रखंड के हरातू गांव के विनोद कुमार मुण्डा को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पांच सौ ब्रायलर मुर्गे और मुर्गी फार्म लगाने का सामान प्रदान किया गया। प्रखण्ड पषुपालन पदाधिकारी अमरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में अन्यदस लाभुकों को भी बत्तख के पंद्रह चुजे प्रदान किए गए। मौके पर मुख्य रूप से विभाग के सचिव, निदेशक पशुपालन, मंत्री के आप्त सचिव, जिला पशुपालन पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## सिल्ली में जंगली हाथियों के गांव में पहुंचने से दहशत

**सिल्ली।** सिल्ली के मयाराम जराडीह, दोबाडू, आडाल तथा लोटा एवं धरमपुर इलाकों में जंगली हाथियों का झुंड रविवार को देर शाम अचानक आ धमकने से इलाके में दहशत है। बाजार से देर से घर लौटने वाले ग्रामीणों को घर जाने के लिये रास्ते बदलकर जाना पड़ा। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक चालीस हाथियों का झुंड 10 अथवा 15 के झुंड में अलग इलाकों में शरण लिये हुए है। ग्रामीण हाथियों के आने की खबर से रतजगा कर रहे है। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की घटना की सूचना नहीं है। वनपाल जय प्रकाश साहू ने बताया कि हाथियों की संख्या करीब चालीस है। ये तीन चार के समहू में बंटे हुए है। विभाग की ओर से हाथियों पर निगरानी रखी जा रही है। इनको खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## बेड़ो: फंदे पर झूल युवक ने की आत्महत्या

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के इडरी गांव निवासी 28 वर्षीय दिनेश कुमार सिंह उर्फ तनु सिंह पिता उपेंद्र सिंह ने रविवार की शाम लगभग 6 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक दिनेश कुमार सिंह खेती.बाड़ी व मजदूरी कर किसी तरह अपना परिवार का भरण पोषण करता था। किसी बात को लेकर परिवार के लोगो से आपस में हल्का विवाद होने के बाद गुस्से में आकर घर के अंदर कमरा में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद से ही पत्नी सरस्वती देवी दो बच्चा लड़का प्रियांशु सिंह व बेटी परिनिधि कुमारी का रो रो के बुरा हाल है। पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मनाया गया शहादत दिवस

**अनगड़ा।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को अनगड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष नरायण मुण्डा के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी किशोर नायक सह प्रभारी मीनू सिंह, अंजू कुजूर, मुमताज खान, मिनहाज आलम, विश्राम महतो, शहनाज खातून, मुन्ना मुंडा, शमशाद अंसारी, बरतू मुंडा, विजय खलखो, तिवारी भोगता, शफीक अंसारी, विशाल स्वांसी मौजूद थे।

# सनातन संस्कृति को बचाने के लिए करें सत्संग

### ओरमांझी में यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा आयोतिज दुर्गा महादेव मंदिर की पांच दिवसीय यज्ञ वर्षिक महोत्सव के दूसरे दिन कथावाचक अयोध्या के व्यास आचार्य पंडित रमोज जी वत्स ने सतसंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित सैकड़ों श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध व भावविभोर हो सत्संग व कथा का रसपान किया।



ओरमांझी में कथा सूनाते पं रमोज जी वत्स।

वहीं मथुरा व वृंदावन के कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। कथावाचक आचार्य पं रमोज जी वत्स ने कहा कलयुगी प्रवृति के लोग शुरू से ही सतसंग का विरोध करते आए हैं। बावजूद भारत की सभ्यता व सनातन संस्कृति को बचाने व देश को विष्व पटल पर स्थापित करने के लिए सतसंग करना जरूरी है। उन्होने कहा पुत्र सतसंग में न जाए और अपने माता पिता की बातों का अनुसरण न करे, तो समझो घर में कलयुग का प्रवेस हो गया है। उन्होंने अपने बच्चों को सतसंग में शामिल कराने की अपील की और कहा जिनके बच्चें सत्संग करते हैं उनके माता पिता का तिरस्कार नही होगा। उन्होंने 84 योनियों में मानव जीवन को अनमोल और माता-पिता व गुरुजनों की सेवा को जीवन का मूल मंत्र बताया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का उदाहरण दी और कहा बच्चों को प्रतिदिन प्रातः अपने माता-पिता के चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लेने की संस्कार दें। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने आरती कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

### प्रवचन कार्यक्रम में थे शामिल

मुख्य संरक्षक नंदगोपाल साहू, पूर्व प्रमुख जयगोविंद साहू उर्फ लालू साहू, अध्यक्ष सतनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहू, सरोज देवी, अजय सिंह, हरिशचंद्र महतो, डा प्रदीप कुमार, नरेश मेहता, अनिल कुमार, सुरेश मेहता, धनेश महतो, संतोष कुशवाहा, भीम मुंडा, पारस मुंडा, जोगेंद्र मुंडा, सत्यमराज कुशवाहा, रितेश साहू, कृतिकांत साहू, आशीष साहू व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रेमिका से कोर्ट में की शादी अब अपनाने से किया इनकार

### एक बच्चे की मां है रीना, बुढ़मू का है उत्पल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रेमी को प्रेमिका तब तक सुंदर लगती हैए जब तक दोनों विवाह के बंधन में बंध नहीं जाते। शादी के बाद जैसे ही वह मां बनती हैए पति को बोझ सी लगने लगती है। प्रेम-प्रसंग के दौरान उनके लिये जाति और धर्म मायने नहीं रखता। बुढ़मू के कटंगदिरी निवासी गणपत लोहरा की पुत्री 20 वर्षीया रीना कुमारी के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। वह मांडर कॉलेज की छात्रा है। उसी गांव के बालगोविंद महतो के पुत्र 26 वर्षीय उत्पल महतो से उसकी दोस्ती हो गयी। वह आजीविका मिशन रातू में सीसी के पद पर कार्यरत्त था, लेकिन चार दिन पहले उसने बीपीओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रेलवे में उसकी सरकारी नौकरी हो गयी है। उत्पल अपनी पत्नी और बच्चे को अपनाने से इंकार कर रहा है। मामले को लेकर पीड़िता रातू थाने पहुंच न्याय की गुहार लगायी है।

**जानें क्या है मामला**

उत्पल ने चोरीछिपे एक अप्रैल 2021 को रीना संग कोर्ट में शादी कर ली। परिवार वालों की डर से उसने पत्नी को रातू ब्लॉक स्थित सरना नगर में किराये के मकान में रखा। जैसे ही वह मां बनी जच्चा-बच्चा दोनों उसके लिये बोझ बन गये। घर मालिक को किराया देना बंद कर दिया। कुछ दिन रीना बच्चे के साथ ठाकुरगांव बंसरी में अपनी दोस्त के यहां रही। फलहाल संजय नगर में है।

# सिकिदिरी: घर में घुसकर युवतियों और महिलाओं से छेड़खानी, घसीट कर पीटा

दोनों पक्ष ने लिखित आवेदन दिया है। मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।
**थाना प्रभारी, सिकिदिरी।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के बक्सीडीह में युवकों ने घर में घुस कर युवतियों व महिलाओं के साथ छेड़खानी मारपीट, गली-गलौज व अभद्र व्यवहार किया। घटना शुक्रवार की रात करीब नौ बजे की है। इस संबंध में सिकिदिरी थाना में सीमा कुमारी समेत सात युवतियों ने लिखित शिकायत की है। वहीं दूसरे पक्ष के गूंज देवी ने भी आठ लोगों पर मारपीट करने व कपड़ा फाड़ने का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया है। इस मामले में अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के संज्ञान में मामला आ गया है। अब कार्रवाई होगी।

**क्या है मामला**

सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान जूलुस में शामिल कुछ युवक जूलुस को मुस्लिम टोला से होकर ले जाने की जिद पर अड़े थे। इस दौरान विवाद बढ़ गया और मारपीट की नौबत आ गई। तत्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान शिवधर रजवार ने सिकिदिरी पुलिस को दी। मौके पर पुलिस के पहूंचने से विवाद करने वाले युवक फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने अपने संरक्षण में मूर्ति विसर्जित करवाया। पुलिस को सूचना देने से विवाद कर रहे युवक किशोर रजवार उसका भाई शंकर रजवार, पिता पुरन रजवार, सूरज रजवार उसका भाई सागर रजवार, पिता प्रदीश रजवार नाराज हो गए और ग्राम प्रधान के महिला रिश्तेदार के साथ गली-गलौज करने लगे। महिलाओं ने जब इसका विरोध किया तो सभी महिला व युवती के साथ उक्त युवक मारपीट कर घसीटने लगे। अपनी जान बचाकर घर की ओर भागने लगे। उक्त चारो युवक उनका पीछा करते हुए घर के अन्दर घुस कर युवतियों के साथ छेड़खानी, मारपीट, गली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने लगे। चार बेटियों को बचाने गई महिला अनिता देवी के अतिरिक्त कुनुवा देवी व बबिता देवी के विरोध करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। आसपास की महिलाओं को जुटता देख सभी युवक भाग खड़े हुए। युवतियों व महिलाओं ने रोते हुए कहा की उन्हे न्याय नहीं मिला तो वे मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे।


# बुढ़मू में सर्च अभियान: गोली खोखा और वॉकीटॉकी जब्त

### नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में चली थी 36 राउंड गोली

**बुढ़मू।** गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकरी पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र के सुमू जंगल से 777 जिंदा गोली, 31 खोखा, 7 वॉकीटॉकी, चार्जर जब्त किया। जानकारी के अनुसार एसएसपी को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर विक्रम जी अपने दस्ते के रंजीत महतोए गुरूदेवए छोटन तुरी व संगठन के अन्य सदस्यों के साथ सुमू के पास के जंगल में एकत्रित होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही डीएसपी अनिमेश नैथानी के नेतृत्व में टीम का गठन कर सुमू जंगल पहुंचे जहां पुलिस को देखते ही संगठन के सदस्यों ने पुलिस पर फायरिंग कर दिया। पुलिस ने फायरिंग करते हुए 36 राउंड गोली चलाई। पुलिस को भारी पड़ता देख अंधेरे का लाभ उठाते हुए जंगल की ओर भाग गए। भागने के दौरान जंगल में सर्च करते हुए पुलिस ने 777 जिंदा गोली, 31 खोखा, 7 वाकी टाकी चार्जर सहित जप्त किया। पुलिस द्वारा गठित टीम में डीएसपी अनिमेष नैथानी, थाना प्रभारी कमलेश राय, ठाकुरगांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, विशेष छापामारी दल के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रवीण तिवारी, विनय टेटे, कृष्णा उरांव, खलारी की सैट टीम, बुढ़मू और ठाकुरगांव थाना का सशस्त्र बल शामिल था।

एक नजर में

## राहे: 23 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती नष्ट



**राहे।** राहे ओपी क्षेत्र होटलो पंचायत के फुलवार एहोटलो ओर बेहराबेड़ा गांव के आसपास जंगल में राहे ओपी पुलिस और एसएसबी 26 वी बटालियन के जवानो के संयुक्त अभियान में 23 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। अभियान में एसएसबी 26 वी बटालियन के उप कमांटेड दिनेश कुमार, सोनाहातू इंस्पेक्टर रमेश कुमार, राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान की टीम, एसएसबी 26 वी बटालियन कम्पनी के इंस्पेक्टर रविशंकरए हरदीप सिंहएदीपक कुमारए सहित जवान उपस्थित थे।राहे ओपी क्षेत्र में अभी तक 72 एकड़ में पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। विशेषज्ञों कहना है कि पोस्ते की खेती में अभी अफीम निकलने का समय हो रहा है।

## इटकी प्रखंड कांग्रेस ने गांधी चौक पर फहराया तिरंगा



**इटकी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को इटकी गांधी चौक में राष्ट्रीय झंडा फहराया गया। मौके पर पार्टी की 11 फरवरी से प्रस्तावित हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली के अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में बलराम गोप, अबू माज, राजन किस्पोट्टा, अबरार इमाम, स्वेता मिंज, रहमान अंसारी, निमाजन, मंजर, विष्णु महली व इमरान शामिल थे।

## पिपरवार: भुइयां कल्याण समिति का वनभोज सह मिलन समारोह



**पिपरवार।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति एनके एवं पिपरवार क्षेत्र का सामूहिक मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को मानिक सफी नदी के तट पर समिति के अध्यक्ष मनोज भुईयां एवं सचिव गणेश भुईयां के नेतृत्व में किया गया। समिति के वरिष्ठ संरक्षक स्वर्गीय रतिया भुईयां की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। इस समारोह के दौरान समिति के सदस्य द्वारा सबरी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मनीष भुईयां, मुकेश भुईयां, अनुज भुईयां, रवि भुईयां, मुनेश भुईयां, अशोक भुईयां, तिलक भुईयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लापुंग: टेंपो पलटा, तीन लोग घायल

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर ककरिया सड़क पर फतेहपुर मोड़ में एक टेंपो के तीव्र गति में असंतुलित होकर पलटने से टेंपो में सवार कोयनारा के तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में 50 वर्षीया वृद्ध महिला कुसुम उरांव उर्फ कुसु, 35 वर्षीय झुमडा.उरांव तथा 55 वर्षीय फगुआ उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को फतेहपुर के समाजसेवी और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता संदीप कुमार साहु ने घटनास्थल पहुंचकर उठाया और 108 एंबुलेंस बुलाकर लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

## कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि: विधायक

**ओरमांझी।** महात्मा गांधी की 75वीं पुन्यतिथि पर सोमवार को ओरमांझी में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को सफल बताया। उन्होंने अगला कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को भी सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से अपील की और नरेंद्र मोदी सरकार की असफलता को जनता तक पहुंचाने को कहा। उन्होने कार्यकर्ताओं को संगठन रीड़ बताया और कहा कार्यकर्ताओं के बदौलत ही विधायक व सांसद बनाए जा सकते हैं। पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बिरसा उरांव, सुरेश प्रसाद साहू, अशोक गुप्ता, रमेशचंद्र उरांव, तुलषी खरवार, बाबूलाल महली बलराम बेदिया, देवेंद्रनाथ ठाकुर व कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बेड़ो: अज्ञात अपराधियों ने युवक के सिर में मारी गोली, रिम्स रेफर

### प्राइवेट फाइनांस कंपनी का हैं कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता


**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली और बेड़ो के सीमावर्ती छापर जंगल के पास निमार्णाधीन बायपास रोड के निकट चचकोपी निवासी तथा एपेलाइन प्राइवेट फायनेंस कंपनी में काम करने वाले कर्मी एजेंट 27 वर्षीय रंजन मिंज नामक युवक को देर शाम लगभग 7.00 बजे अज्ञात युवकों के द्वारा गोली मार दी गई है। गोली रंजन के सिर में लगी है। गंभीर स्थिति में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। गोली सिर में फंसी हुई बताई जा रही है। घटना के समय रंजन मिंज अपने निमार्णाधीन घर में पानी पटवन कर रहा था। बताया जाता है कि रंजन मिंज मूल रूप से चचकोपी का रहने वाला है और बेड़ो बस्ती के निकट सरना स्थल के पास परमेश्वर उरांव के घर में किराए में रह रहा था। रंजन मिंज ने हरिहरपुर जामटोली में एक युवती के साथ प्रेम विवाह किया था। वह अपनी पत्नी और अपने बच्चे के साथ पिछले 5 वर्षों से परमेश्वर उरांव के घर में किराए में रह रहा था। बताया जाता है कि उसका नानी घर हरिहरपुर जामटोली में ही है। रिम्स में उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना के संदर्भ में बेड़ो पुलिस जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी है।

# झारखंड के जायके का दिल्ली वालों ने लिया मजा

### आईएचएम रांची का दिल्ली में उम्दा प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची का दिल्ली में उम्दा प्रदर्शन। पर्यटन मंत्रालय द्वारा लाल किला में 26 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित लोक उत्सव में झारखंड के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया पारंपरिक व्यंजन चावल की चाय, कुड़रूम शोरबा, आलू चने की सब्जी, मड़ुआ वेज मोमो, मड़ुआ चिकन मोमो, टमाटर की चटनी, पथ पैदा चिकन, माड़ झोर पुटकल साग, चमति साग, मड़ुआ छिलका रोटी, देसी मुर्गी झोर, सदना बॉडी, गोदा चौर भात, उड़द दाल की डुबकी, डूम्बु, अरसा पिता, धनिया पत्ता चटनी, कुल्थी चटनी इत्यादि जिसे देशभर के पर्यटक भारत पर्व भ्रमण के दौरान झारखण्ड स्टॉल में पारम्परिक व्यंजनों खासकर चावल की चाय, धुस्का एवं पुटकल साग के स्वाद का लुफ्त उठाते हुए इसकी काफी सराहना की। साथ ही इस आयोजन में पलाश आजीविका दीदी कैफे नगड़ी की महिलाएं भी आईएचएम के सहयोग से झारखण्ड के पारम्परिक व्यंजनों को बनाकर बिक्री कर रहीं हैं।



**झारखंडी व्यंजनों को राष्ट्र स्तरीय बनाने की ओर अग्रसर**

उपस्थित लोगों ने झारखंडी व्यंजनों को राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर के लोगों के बीच पहुंचाने हेतु आईएचएम रांची के पूरी टीम का तहे दिल से शुक्रिया की तथा आईएचएम रांची द्वारा साफ .सफाई के साथ अच्छी सजावट से सुसज्जित लगाई गयी प्रदर्शनी को बाकी राज्यों की तुलना में काफी सराहा भी। ज्ञात हो की आयोजित भारत पर्व में झारखंड के नोडल अधिकारी के रूप में अंजलि यादव, आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार, समन्वयक, अलोक अस्वाल, निरक्षण अधिकारी रजनीश कुमार सिंह, सहायक निरक्षण अधिकारी के रूप में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# चिराग स्कूल के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

### ओलंपियाड

**सिल्ली।** चिराग नर्सरी स्कूल काशीडीह मुरी के छात्राओं का ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन रहा। जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार महतो ने बताया कि पिछले अक्टूबर माह में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन दिल्ली के द्वारा सामान्य ज्ञान की परीक्षा में हमारे विद्यालय से कुल 26 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें कुल 14 छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया।

इसमें कक्षा पहली से राजवी, कृतिका, देवर्ष, नोबिका, श्रद्धा और कक्षा दूसरी से मनन, हरीश कक्षा तीसरी से याशिका, मिताली कक्षा चौथी से अंकित, हर्षदीप, जरशील, पूर्णोश्री और कक्षा पांचवी से मानवी ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। सामान्य ज्ञान में देश विदेश, कला संस्कृति, खेल, करंट अफेयर्स पर्यावरणीय जैसे जरुरी मुद्दे शामिल होते हैं। विद्यालय के बिनीता, सरस्वती, स्मिता, अंजु, रितु, सुनीता, सुमन, रीता, पुष्पा, मनीषा, काजल, बबिता, रोशनी, शालु, धीरेन महतो एवं दिनेश महतो आदि शिक्षक गण ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### फुटबॉल लीग: रामावतार केरकेट्टा सम्मानित

**नामकुम।** सोमवार को ऑस्ट्रेलियन फुटबॉल लीग संयुक्त पूर्वी,उतर क्षेत्रीय चैम्पियनशिप 2023 रविवार को मोरहाबादी स्थित मंदिर ग्राउंड में खेला गया। टूनार्मेंट में जुनियर ग्रुप में झारखंड की टीम विजेता रही एवं बंगाल की टीम उपविजेता रही। वहीं सीनियर ग्रुप में बंगाल टाइगर की टीम विजेता एवं झारखंड की टीम उपविजेता रही। झारखण्ड फूटी एसोसिएशन आरफाई व उम्मीद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस एकदिवसीय नॉक आउट टूनार्मेंट मे कुल 18 मैच खेले गये। टूर्नामेंट में कुल छह राज्यों की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया।

# अनगड़ा: टुसू मेला में ढोल नगाड़े की ताल पर झूमे लोग

**अनगड़ा।** स्वर्णरिखा नदी के किनारे सालहन पतरा मैदान में सोमवार से तीन दिवसीय मॉ शक्तिपीठ टुसू मेला का पूरे उत्साह और हर्षो उल्लास से शुरू हुआ मेला का समापन बुधवार को होगा। सोवार को मेला में बालक और बालिका फुटबॉल मैच सहित टुसू प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र था। मुख्य अतिथि मेयर आशा लकड़ा ने फुटबॉल मैच का उदघाटन करते हुए कहा कि फूट बॉल काफी लोकप्रिय खेल है। इसे प्राथमिकता देना जरूरी है खेलो इन्डिया के माध्यम से कई होनहार खिलाड़ी निखर कर सामने आए है। मेला में उपस्थित अतिथियों ने टूसू के साथ नगाड़ा बजाए और खूब झूमें मेला मे मुख्य अतिथि आशा लकड़ा सहित मेला के संस्थापक पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जैलेन्द्र कुमार रणधीर चौधरी, जाकीर खान खालीक खान, कुलदीप कुमार सिंह, राजेश गुप्ता विक्रम कुमार, अजय मुंडा अमीत सिंह, प्रमोद सिंह, प्रभूदयाल बड़ाईक, नीलकंठ चौधरी, संतोष महतो, वीरेन्द्र सिंह, भोक्ता सलीम अंसारी, राजेन्द्र महतो, हिमांसू शेखर, चौधरी उपस्थित थे।



# यज्ञ महोत्सव में पर्वोत्सव पत्रिका का विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी के वार्षिक यज्ञ महोत्व के कथा मंच से तिथि पर्वोत्सव पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के साथ उपस्थित अतिथियों ने विमोचन करते हुए पत्रिका की सरहाना की। आदित्य साहू ने कहा इस पत्रिका के माध्यम से सनातन धर्म के लोग अपने पर्व त्योहार कैसे व कब होते हैं, इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पत्रिका में सूर्य नक्षत्र विवरण सहित कई जानकारी दी गई है। वहीं आचार्य पं रमोज जी वत्स ने बताया मां कामख्या ग्रामोत्थान ट्रस्ट के संस्थापक डॉ अमरनाथ उपाध्याय द्वारा यह पत्रिका पंचांग के अधार पर तैयार किया गया है। इसमें व्रत, पर्व, मुहर्त, भद्रा, मृत्युबाण आदि की जानकरी दी गई है। इस पत्रिका का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी सरहाना की गई है। बाद में पत्रिका का निःशुल्क वितरण उपस्थित श्रोताओं के बीच किया गया। पत्रिका मिलने के बाद स्त्रोतागण काफी हर्षित हुए।



पत्रिका का विमोचन करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व अन्य।

### पत्रिका का विमोचन करने वालों में थे शामिल

पत्रिका का विमोचन करने वालों में पूर्व प्रमुख जयगोविंद, समिति के मुख्य संरक्षक नंदबोपाल साहू, अध्यक्ष सतनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुगाशंकर साहू, अजय सिंह, हरिशचंद्र महतो, डॉ प्रदीप कुमार, नरेश मेहता, अनिल कुमार, अमरनाथ चौधरी, अनिल कुमार व संतोष कुशवाहा आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### बिष्टुपुर चैंबर भवन में होगा मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु आगामी सात फरवरी मंगलवार को होने वाले चुनाव हेतु बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम चेम्बर भवन में सुबह 10.30 से शाम 04.30 बजे तक मतदान होगा। यह जानकारी सोमवार को मुख्य चुनाव पदाधिकारी विजय खेमका ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सभी मतदाताओं को मतदान के समय मारवाड़ी सम्मेलन या फिर सरकार द्वारा निर्गत अपना सचित्र परिचय पत्र मूलप्रति साथ में रखना अनिवार्य हैं।

### बीएसीईटी : दुर्गेश और रोहित का सॉफ्टवेयर कंपनी में प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र दुर्गेश साहू और रोहित मंडल का चयन कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव के पद पर अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनी मेसर्स स्क्यला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है और इनका कार्य क्षेत्र जमशेदपुर है। दोनों छात्रों की सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

### वीर युवा सेना ने बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा की सफाई की




**जमशेदपुर।** वीर युवा सेना ने किया बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा की साफ-सफाई व माल्यार्पण गणतंत्र दिवस के अवसर पर घाटशिला के स्थित जोजो गोडा.जगन्नाथपुर स्थापित बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा की साफ-सफाई की साफ-सफाई वीर युवा सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष वीर सिंह देवगम की अध्यक्षता में संपन्न हुई इसके दौरान वीर युवा सेना के केन्द्रीय उपाध्यक्ष जगत मुर्मू, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष अंजलि पूर्ति, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनोद कुमार ठाकुर, बबलू कालन्डीया, आदि उपस्थित थे इस इस मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष वीर सिंह देवगम ने बताया कि शहीदों को सम्मान देने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है इस काम में बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर मरले पन की गई हैं उन्होंने कहा है कि लोग शहीदों को केवल उसकी जयंती या शहीद दिवस पर ही उनकी उन्हें याद करते हैं बाकी दिन भूल जाते हैं लेकिन वीर युवा सेना हमेशा उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई और माल्यार्पण करने का संकल्प ली है।

### रेडक्रॉस : मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर 32 रोगियों को दी विदाई



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्व. कलावती देवी भाउका-स्व. बैजनाथ जी भाउका के पुण्य स्मृति में आयोजित नेत्र शिविर के अंतिम दिन आज यहां बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपित कराये 32 नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने की, जिसके पश्चात उन सभी को नेत्र शिविर के संयोजक सत्यनारायण भाउका तथा मुरारीलाल भाउका ने चश्मा पहनाया।

# झारखंड के देवघर जिले में इफको लगायेगा नैनो यूरिया प्लांट

➲ सूबे में 400 करोड़ रुपये निवेश करेगी कंपनी : राकेश कपूर

**सत्येन्द्र कुमार/विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रसायनिक खाद के उत्पादन, विपणन और बिक्री के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कोऑपरेटिव कॉरपोरेट कंपनी इफको झारखंड के देवघर जिले में 400 करोड़ की लागत से नैनो यूरिया प्लांट लगा रही। कंपनी ने इसके लिए जमीन का अधिग्रहण कर लिया है और चारदीवारी निर्माण के पश्चात अगले 3 साल के भीतर इस प्लांट को तैयार करके नैनो यूरिया का कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू कर दिया जाएगा। इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर ने खबर मंत्र के साथ एक विशेष बातचीत में उक्त जानकारी दी है। राकेश कपूर आज जमशेदपुर के दो दिवसीय प्रवास पर यहां पहुंचे और अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच **खबर मन्त्र** से विस्तृत बातचीत की।

उन्होंने बताया कि 1967 में स्थापित इफको का गठन 57 सहकारी समितियों को मिलाकर किया गया है जो खेतों के लिए रसायनिक खाद उत्पादन करने वाली आज दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। इफको का सालाना टर्नओवर 42000 करोड़ रुपये हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी झारखंड में अपना पहला रसायनिक खाद कारखाना देवघर जिले में स्थापित करने जा रही है जिसमें 2025-26 तक नैनो एरिया का कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। इस प्लांट की क्षमता सालाना 6 करोड़ बोतल नैनो यूरिया का उत्पादन करने की होगी। इस प्लांट के बनने से देवघर जिले के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और किसानों को नैनो यूरिया मिल सकेगा।



संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर।

संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर ने कहा कि झारखंड खनिज एवं वन संपदा से परिपूर्ण राज्य हैं और इस राज्य के किसानों की प्रति एकड़ उपज बढ़ाने की दिशा में मदद करने के लिए इफ को आने वाले दिनों में और प्रभावी तरीके से काम करेगी। कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर का कहना है कि नैनो यूरिया भारतीय खेती किसानी के लिए गेम चेंजर प्रोडक्ट है जो लागत में कम और फसलों को हरियाली बनाए रखने में डबल क्षमता प्रदान करता है और पौष्टिकता भी बहुत ज्यादा प्रदान करता है।

### क्या है नैनो यूरिया

नैनो यूरिया इफको का शोध एवं विकास डिवीजन का अत्याधुनिक तरल यूरिया है । आधे लीटर की बोतल में नैनो एरिया पैक रहता है जो 45 किग्रा वाली एक बोरी यूरिया के बराबर उर्वरक क्षमता रखता है। नैनो यूरिया इफको का पेटेंट कराया हुआ उत्पाद है और इफको दुनिया की पहली कंपनी है जिसने नैनो यूरिया का विकास उत्पादन एवं विपणन शुरू किया है। यह विशिष्ट उत्पाद 2022 से किसानों के बीच उपलब्ध कराया जा रहा है।

**नैनो यूरिया के फायदे :** नैनो यूरिया 45 किलोग्राम के पुरे में बंद यूरिया के बराबर क्षमता रखता है किंतु इसका बोतल मात्र आधा किलो वजन का होता है। यानी किसानों को इसे खेत तक पहुंचाना आसान है। नैनो यूरिया के चलते खेतों की उपज 10% तक बढ़ जाती है और यह बोरा बंद यूरिया की तुलना में 25 रुपया सस्ता है।नैनो यूरिया फसलों पर स्प्रे किया जाता है इसलिए इससे जल स्तर के प्रदूषित होने का खतरा नहीं होता और फसल तक 80% तक नाइट्रोजन सफलतापूर्वक पहुंचने की गुंजाइश रहती है। भारत सरकार विदेशों से हर साल बड़ी मात्रा में बोरा बंद यूरिया आयात करती है जो किसानों को 260 रुपये प्रति बोरा की दर से उपलब्ध कराया जाता है जबकि भारत सरकार प्रति बोरा रुपया 2700 से अधिक की सब्सिडी वह सहन करती है। नैनो यूरिया पूरी तरह स्वदेशी है और इस पर किसी तरह का सब्सिडी बोझ भारत सरकार को नहीं पड़ता है इसलिए इसे भारत सरकार उत्साहित कर रही है।

# आज जमशेदपुर को हवाई सेवा और आरओबी की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

- पूर्वी सिंहभूम-सरायकेला की विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा
- जोहार खतियानी यात्रा रैली गोपाल मैदान में, सीएम गिनायेंगे सरकार की उपलब्धियां
- सुरक्षा की रहेगी चुस्त दुरुस्त व्यवस्था, 7 जोन बांटकर 68 दंडाधिकारी व 65 पुलिस पदाधिकारी किये गये प्रतिनियुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरायकेला में खतियानी जोहार रैली को संबोधित करने और योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करने के पश्चात देर शाम जमशेदपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने रात्रि भोज सहयोगी दलों एवं झामुमो के वरिष्ठ नेताओं के साथ सर्किट हाउस में किया और रात्रि विश्राम भी यहीं किये। अगले दिन 31 जनवरी को जमशेदपुर में उनका व्यस्त कार्यक्रम है। 31 जनवरी को मुख्यमंत्री सुबह पौने 10 बजे सोनारी एयरपोर्ट से जमशेदपुर-कोलकाता-भुवनेश्वर हवाई सेवा की शुरूआत करेंगे। यह सेवा भारत सरकार के प्रधानमंत्री उडान योजना के तहत इंडिया एयर वन एविएशन कंपनी द्वारा शुरु की जा रही है जिसके सीइओ अरुण कुमार सिंह और ज्वाइंट सीइओ विंग कमांडर प्रेम कुमार गर्ग हैं। उद्घाटन समारोह में नागरिक उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कंपनी के सीइओ अरुण कुमार सिंह विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। एयरपोर्ट के कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात मुख्यमंत्री जुगसलाई ओवरब्रिज का उद्घाटन, डीबीएमएस स्कूल में समीक्षा बैठक करेंगे तथा इसके बाद गोपाल मैदान में सभा को संबोधित करने कार्यक्रम है।



समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, साथ में हैं अन्य मंत्री।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमशेदपुर आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तैयारियों की समीक्षा को लेकर डीसी श्रीमती विजया जाधव एवं एसएसपी श्री प्रभात कुमार ने समाहरणालय सभागार में प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों तथा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला खरसांवा के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ डीबीएमएस, सभागार में आहूत समीक्षा बैठक को लेकर सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं बीडीओ- सीओ को पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी एक घंटे पहले बैठक स्थल पर पहुंचकर अपना स्थान ले लेंगे। साथ ही सरायकेला खरसावां के पदाधिकारियों को भी उचित स्थान पर बैठाने में सहयोग करेंगे। डीबीएमएस सभागार में किस गेट से किस जिले के पदाधिकारी की इंट्री होगी, वीआईपी का वाहन पार्किंग तथा पदाधिकारियों के वाहन पार्किंग को लेकर स्थान की जानकारी दी।

### सीएम ने की तितिरबिला जाहेर स्थान में पूजा

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सरायकेला के तितिरबिला जाहेर स्थान में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पाहनों ने मुख्यमंत्री एवं उनके साथ आए अतिथियों को विधिवत पूजा कराया। साथ ही ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक रूप से नृत्य गान कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता,मंत्री श्री चंपई सोरेन, मंत्री श्री बन्ना गुप्ता,विधायक श्री दशरथ गागराई, विधायक श्रीमती सविता महतो एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी को मिला यूजीसी के 2 एफ का दर्जा, अधिसूचना शीघ्र



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के सिंडिकेट की तीसरी बैठक सोमवार को संपन्न हुई। यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैंपस के कॉन्फ्रेंस हॉल में अपराह्न 02.00 बजे से आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने की। माननीय कुलपति ने कुलसचिव डॉ. अविनाश कुमार सिंह और वित्त पदाधिकारी डॉ. जावेद अहमद के पदभार ग्रहण करने के बाद सदन की बैठक में उन्हें औपचारिक बधाई दी। सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि पिछली बैठक के निर्णयों के आधार पर सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं।इसके बाद उन्होंने सर्वप्रथम सिदगोड़ा कैंपस की तकनीकी जरूरतों को सामने रखा। इसके अन्तर्गत सिदगोड़ा कैंपस के आइसीटी कार्यों को शीघ्र पूरा करने करने संबंधी निर्णय लिये गये। सदन के सदस्यों ने 2(एफ) का दर्जा मिलने की कुलपति की घोषणा का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि यूजीसी की 2(एफ) का दर्जा प्राप्त करने के बाद यूनिवर्सिटी अब एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू) का हिस्सा बन पाएगी। एक मान्यता प्राप्त भारतीय संस्थान के रूप में अब इंटरनेशनल एक्सपोजर मिल पाएगा। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से हम सीधे सीधे एमओयू कर पाएंगे। एनइपी झ 2020 के विजन में संस्थानों के अंतरराष्ट्रीयकरण और वैश्विक मानदंडों के अनुकूल बनाना शामिल है। यह दर्जा हमारे उस स्वप्न को साकार करने का आधार प्रदान करेगा। साथ ही आशा है कि शीघ्र ही यूनिवर्सिटी को 12(इ) का दर्जा भी प्राप्त हो जायेगा। बैठक में माननीय कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता, गवर्नर नॉमिनी प्रो. सतीशवरप्रसाद सिन्हा, कुलसचिव डॉ. अविनाश कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. किश्वर आरा, कुलानुशासक डॉ. सुधीर कुमार साहू, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. जावेद अहमद एवं विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान, डॉ सबीहा युनुस शामिल हुए। सदस्यगण का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ अविनाश सिंह ने किया।

### वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने दर्जनों दिव्यांगों को दिया अत्याधुनिक व्हील चेयर



- पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की पहल पर व्हील चेयर पाकर खिले सभी के चेहरे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जरूरतमंद की सेवा में त्वरित रूप से सक्रिय रहने वाले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने फिर एक बार मानवता का संदेश दिया है। सोमवार को पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के पहल पर जिले के अनेकों जरूरतमंद दिव्यांगों को त्वरित सहायता मिली। पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों के जरूरतमंद दिव्यांगों को संस्था वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से अत्याधुनिक व्हील चेयर प्रदान किये गए। जिले के कई स्थान जैसे पोटका से कोंदी खण्डवाल, सीखा रानी मंडल, जमशेदपुर से प्रेम कुमार तिवारी, समीर कुमार शर्मा, संजय कुमार यादव, घाटशिला से विशाल मंडल, तरुण मंडल, पटमदा से रवि शंकर महाली समेत कई अन्य लोगों को व्हील चेयर मुहैया कराया गया।

# बिन दूल्हे की बारात लेकर घूम रहे सीएम हेमंत सोरेन : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को जमशेदपुर में खतियानी जोहार यात्रा करने जा रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा पर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा निकालकर झारखंड की भोली-भाली जनता की आंखों में धूल झोंकने का असफल प्रयास कर रहे हैं। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जमशेदपुर में किसी भी निवासी के पास 1932 का खतियान नही है। ऐसे में सीएम हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा बिन दूल्हे के बारात की भांति है। गुंजन यादव ने हेमंत सोरेन से जमशेदपुर में उनके वादे एक वर्ष में पांच लाख युवक-युवतियों को रोजगार की याद दिलाते हुए कहा कि वादा पूरा नहीं होने पर राजनिति से सन्यास लेने की घोषणा उन्होंने ही झारखंड आंदोलन के अग्रणीय नेता रहे श्रद्धेय शहीद निर्मल महतो के पुण्यतिथि पर कही थी। एक शहीद के नाम पर राजनीति कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अब तक युवाओं के साथ धोखा ही किया। रोजगार नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ते के रूप में 5000 और 7000 रुपए देने की घोषणा की गई थी लेकिन तीन वर्ष बाद भी युवाओं को ना कोई रोजगार मिला।



महानगर भाजपा अध्यक्ष गुंजन यादव।

### निराला जयंती पर जलेस ने हरींद्र प्रसाद सिंह हरेंद्र को सम्मानित किया



**जमशेदपुर।** भोजपुरी भवन गोलमरी में जनवादी लेखक संघ का निराला जयन्ती सह सम्मान समारोह समपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुख्यात कवि एवं पत्रकार दिनेशवर प्रसाद सिंह 'दिनेश' उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा कवि एवं संस्कृतिकर्मी हरीन्द्र प्रसाद सिंह 'हरेन्द्र' को शाल, मोमेंटो, मान पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान नन्द कुमार उन्मन जी के नाम से प्रत्येक वर्ष जलेस द्वारा दिया जाता है। हरेन्द्र जी का परिचय कराते हुए विदूषक के संपादक अरविंद विद्रोही ने उन्हे आम जनता का कवि कहा एवम जनवादी मूल्यों पर सतत संघर्षशील बताया। इसी बहाने दिवंगत साथी नन्द कुमार उन्मन,प्रो राघव आलोक, निर्मल मिलिंद विनायक राव आदि याद किये गए। मुख्य अतिथि ने हरेन्द्र जी को बडा कवि बताते हुए उनसे चालीस साल पुरानी मित्रता की बात कही एवं रेलवे स्कूल, बाघबेडा आदि में उनके द्वारा कराए गये कार्यक्रमों को याद किया।अपने उद्गार व्यक्त करते हुए हरेन्द्र ने नन्द कुमार उन्मन को अपना अभिन्न मित्र बताया। जलेस के पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होने सिद्ध नाथ सिह मदन, राम निवास, गोपाल प्रसाद, अली इमाम खां, रघुनाथ प्रसाद, डा मृणाल आदि को स्मरण किया एवं जलेस के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व निराला के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि ने निराला को छायावाद काल का सबसे लोकप्रिय रचनाकार बताया और कहा कि मुक्त छन्द कविता में भी एक प्रवाह होती है,निराला ऐसी कविता के भी पक्षधर थे। अजय मेहताब ने भिक्षुक और वह तोडती पत्थर कविता की समीक्षा प्रस्तुत की एवं निराला को प्रगतिशील चेतना का बडा चितेरा बताया। कवि राजदेव सिन्हा ने निराला का लघुपरिचय देते हुए 'जागो फिर एक बार 'कविता का सुन्दर पाठ किया। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम हुआ जिसमे यमुना तिवारी व्यथित, साबिर नवादवी, लता प्रियदर्शनी, विमल किशोर,रश्मि रंजन, रमेश हंसमुख, हरिहर राय चौहान, देवाशीष बनर्जी, शिवनन्दन सिह, शोभा किरण, नजीर अहमद नजीर, सुरेश दत्त पांडे,संध्या सूफी आदि कविगण ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डा उदय हयात ने किया।

# युवाओं को रोजगार या बेरोजगारी भत्ता तो दे दीजिये सीएम साहब : आजसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की मुख्यमंत्री से सवाल किया और कहा कि मुख्यमंत्री जी आप जब शहर आए है तो स्वागत करने की जिमेदारी मेरी भी बनती है जो जनता के जनांक्षाओ को पूरा करेंगे। उम्मीद है आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम के द्वारा उठाए सवाल जो जनता से जुड़ा है जवाब दे दीजिएगा।

### आजसू की मुख्य मांगें

1) युवाओं को रोजगार या बेरोजगारी भत्ता की शुरआत कर दीजिए
2) आपकी पार्टी के जिलाध्यक्ष सह घाटशिला विधायक द्वारा जुगसलाई विधानसभा स्थित सहारा सिटी में हुई तालाबंदी पर क्या कार्रवाई करेंगे
3) राज्य में स्थानीय नीति और नियोजन नीति स्पष्ट रूप से बता दीजिए की क्यू नही जनता इसे छलावा समझे
4) आपके 1932 के के खतियान आधारित स्थानीय नीति कब से और कौन कौन से विभाग में लागू हुए है इसे भी स्पष्ट करें
5) राज्य का स्वास्थ्य विभाग भी इतना चरमराया है कि आपके मंत्री इलाज कराने चेन्नई और हैदराबाद जाते है तो आम जनमानस का क्या
6) जिस पुल के उद्धाटन में आए है इसमें इतनी बिलंब क्यू जबकि आपके उद्धाटन से पूर्व जनता जाम से जूझ रही है, और इसके दोनो तरफ कोरिडोर का निर्माण कब तक होगा
7) अगर इन विषयो पर जबाव नहीं दिए तो लोकतांत्रिक तरीके से आजसू पार्टी हर मोर्चे पर आपका विरोध करेगी ।



आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह।

### एक्सएलआरआइ में एक्सओएल के दूसरे बैच की एडमिशन प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में मास्टर्स स्तर के तीन कोर्स को पिछले साल लांच किया गया। एक्सएलआरआइ प्रबंधन ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट ( पीजीडीबीएम), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिनांस (पीजीडीएफ) और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (पीजीडीएचआरएम) कोर्स की शुरूआत हुई है। उक्त तीनों कोर्स वर्चुअल मोड में पढ़ायी जायेगी। एक्सओएल (एक्सएलआरआइ लर्निंग प्रोग्राम) कोर्स के एक बैच के सफलता पूर्वक संचालन होने के बाद दूसरे बैच में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। एक्सएलआरआइ प्रबंधन की ओर से बताया गया कि कोर्स की अवधि दो साल की होगी। इस कोर्स को नयी शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। वर्चुअल मोड में पूरी पढ़ाई होगी। कोर्स की अवधि दो साल की होगी।



### लोयोला स्कूल में महात्मा गांधी की शहादत पर फोटो प्रदर्शनी संपन्न



**जमशेदपुर।** गांधी शांति प्रतिष्ठान और सर्व सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर 29 जनवरी को नौरदर्न टाउन सेंट्रल एवेन्यू में तीन बजे से पांच बजे संध्या तक संगीतांजलि कार्यक्रम में भजन एवं देश भक्ति गीतों से बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। बापू के चित्र पर पुष्पांजलि के पश्चात आरम्भ इस कार्यक्रम में रमण,चंदन,संदीप गोप, सुजल, वर्षा, रौशनी, आलोक, अमीर अजहरी, कामरेड शशि ने गीत और कविताओं से गांधीजी के प्रति भाव सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन और संचालन में अंकुर सारस्वत, रमण मूर्ति, अर्पिता श्रीवास्तव, जगत, गौतम गोप और शशांक शेखर आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# जयनंदन को आज मिलेगा वर्ष 2022 का श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान

- कंपनी के ज्वाइंट एमडी राकेश कपूर प्रदान करेंगे 11 लाख रुपये को चेक और प्रशस्ति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उर्वरक क्षेत्र की अग्रणी सहकारी संस्था इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) द्वारा वर्ष 2022का श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान कथाकार श्री जयनंदन को 31 जनवरी, 2023 को जमशेदपुर के रवीन्द्र भवन सभागार में एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। मंगलवार 31 जनवरी को दिन के 10.30 बजे रवींद्र भवन में इसके लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कंपनी ने किया है। इस अवसर पर देश भर से प्रमुख साहित्यकार जुट रहे हैं और इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर खुद अपने हाथ से यह सम्मान सह पुरस्कार राशि जयनंदन को प्रदान करेंगे।



देश के नामी हिंदी कथाकार जयनंदन।

उनका जन्म 26 फरवरी 1956 में बिहार के नवादा जिले के मिलकी गॉव में एक मध्यवर्गीय परिवार में हुआ। अब तक उनकी दो दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें श्रम एव जयते, ऐसी नगरिया में केहि विधि रहना, सल्तनत को सुनो गांववालो, विघटन, चौधराहट, मिल्कियत की बागडोर, रहमतों की बारिश जैसे उपन्यास तथा सन्नाटा भंग, विश्व बाजार का ऊंट, एक अकेले गान्ही जी, कस्तूरी पहचानो वत्स, दाल नहीं गलेगी अब, घर फूंक तमाशा, सूखते स्रोत, गुहार, गांव की सिसकियां, भितरघात, मेरी प्रिय कथायें, मेरी प्रिय कहानियां, सेराज बैंड बाजा, संकलित कहानियां, चुनी हुई कहानियां, गोड़पोछना, चुनिंदा कहानियाँ आदि कहानी संग्रह प्रमुख हैं। इसके अलावा उन्होंने नाटक और निबंध भी लिखे हैं। बिहार सरकार राजभाषा विभाग सहित अनेक साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है।

### बारीडीह सामुदायिक विकास केंद्र में राजयोग शुरू



**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज बारीडीह शाखा के द्वारा मोची बस्ती बारीडीह सामुदायिक विकास केंद्र में सात दिवसीय निशुल्क राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 30 जनवरी से लेकर 5 फरवरी तक सुबह 11:00 से 12:00 तक चलेगी। बारीडिह शाखा की बहन राजवंती ने राजयोग मेडिटेशन के लाभ के बारे में विस्तार से समझाया। विशिष्ट अतिथि प्रमोद मिश्रा ने तनाव मुक्त जीवन के लिए सहज योग ध्यान के लाभ के विषय पर प्रकाश डाला। सेंटर की बहन पुष्पा ने धन्यवादज्ञापन किया।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर गांधीजी को किया याद

**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड कार्यालय परिसर मे कांग्रेसियों ने गांधी जी की पुण्यतिथि मनाया। राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व मे महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्य तिथि के मौके पर बापू को याद किए। वहीं अध्यक्ष श्री कुमार ने उपस्थित कांग्रेसियों को सम्बोधित करते हुए कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की बताये गए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर कुलदीप राम, मुकेश राम, निरंजन यादव, मुना उरांव, मो. हदीस, मो रसीद, मो. तबारक, मो. जफरुद्दीन, आशीष कुमार, मो. मुमताज, राजीव भगत, जगदीश उरांव सहित अन्य कांग्रेसियों ने बापू जी की चित्र पर मलार्यपण व पुष्प अर्पित किया।

### रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक संपन्न

**बारियातू।** प्रखंड के टोटी हेसला मे शांतिपूर्ण व हर्षोउल्लास के साथ रविदास जयंती मनाने को लेकर पपु कुमार राम की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे अध्यक्षता कर रहे श्री राम ने संत शिरोमणि रविदास जी के सम्बन्ध मे चर्चा करते हुए कहा की रविदास जी संतो के संत महा संत थे। जाति-पात छुआ-छूत कुपार्थ रूढ़िवादी को समाप्त करने के लिए पूरा जीवन संघर्ष करते आए। उनके बताए गए मार्ग पर चलने से ही मानव को कल्याण हो सकता है। वहीं सर्वसम्मति से पपु कुमार राम को अध्यक्ष, विजय राम को सचिव व कोषाध्यक्ष बब्लु राम चुने गए। मौके पर दिलीप राम, प्रभु, रामदेव, प्रदीप, मुकेश, संतोष, धना, महेंद्र, रतन, डब्लू, राहुल, अंकित, वीरेंद्र, कृष्ण राम सहित कई रविदास समाज के लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया कंबल का वितरण

**बालूमाथ।** सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बालूमाथ कांग्रेस कमिटी ने एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया। इस दौरान मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं पुण्यतिथि के अवसर पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड के बालू गाँव में गरीब, असहाय, जरूरतमंदों के बीच प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात के द्वारा कंबल का वितरण किया गया और कांग्रेस की विचारधारा के बारे में लोगों को बताया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन, प्रेम, भाईचारा और सत्याग्रह जैसी विरासत हमे बापू से मिली है। जिसकी राह पर चल कर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत किया।

### एसडीएम ने दीप प्रज्वलित कर किया अभियान का शुभारंभ

**महुआडांड़।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ रोगी खोज अभियान का शुभारंभ किया गया. जहां सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन एवं प्रमुख कंचन कुजूर एवं उप प्रमुख अभय मिंज ने सबसे पहले महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कुष्ठ रोगी खोज अभियान का शुभारंभ किया। चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमित खलखो ने कहां कि स्पर्श कुष्ठ रोगी खोज अभियान जो 30 जनवरी से 15 फरवरी तक स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से प्रखंड के सभी ग्राम में चलाया जा रहा है. एसडीएम श्री सुरीन ने कहा कि इस रोग से डरे नही, कुष्ठ रोगियों के साथ सामन्य रोगियों की तरह व्यवहार करें, इसका पूर्णत: उपचार संभव है। कुष्ठ रोग की शंका होने पर शीघ्र पास के स्वास्थ्य केंद्र आये अथवा पोषक क्षेत्र के सहिया को बताये. मौके पर बीपीएम सुमन बीएम, विनय कुमार, पीएम डब्लू मनीष कुमार रवि प्रधान लिपि अमित एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### मनिका प्रखंड में हुई राष्ट्रीय मानवाधिकार की बैठक

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी के निदेर्शानुसार प्रखंड कमेटी मनिका के द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रखंड अध्यक्ष संदीप राम की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर,दिन सोमवार को विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में हो रही विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु और राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रखंड कमेटी विस्तार कर जन संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने कहा कि सिंजो विद्यालय में 70 क्विंटल चावल का घोटाला किया गया है जिसकी लोगों के द्वारा हमें लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई थी। जिस पर हम लोगों ने विद्यालय जाकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से पूछताछ किया तो काफी कमियां पाई गई। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने 8.5 क्विंटल चावल बच्चों के बीच वितरण करवा दिया था। शेष चावल का अभी तक पता नहीं चल पाया है। यहां तक की मीडिया एवं अखबार में मामले प्रकाशित होने के बाद भी अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### गांधीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित

**लातेहार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पुण्य तिथि पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त भोर सिंह यादव, आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा समेत जिले के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। उन्होने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के विचारों और उनके आदर्शो को अपने जीवन में स्मरण करते हुए उनके बताये मार्गों व आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्रनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

---

उपायुक्त ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान का किया शुभारम्भ

# दाग में सूनापन होने पर अविलंब डॉक्टर से जांच करवायें : भोर सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने सदर अस्पताल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित कर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023 का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उपायुक्त लातेहार ने कहा कुष्ठ उन्मूलन के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी 2023 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023 चलाया जाएगा। उन्होंने कहा शरीर में दाग और उस दाग में सूनापन होना कुष्ठ रोग का लक्षण है। शरीर में ऐसे लक्षण होने पर अविलम्ब डॉक्टर से जांच करवाएं। दवा खाने से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से अपील किया कि कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्ति को जांच एवं ईलाज कराने हेतु प्रेरित करें। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि कुष्ठ रोग की वजह से कई तरह की शारीरिक समस्या हो सकती है। शरीर में कुष्ठ रोग के लक्षण होने पर छुपायें नहीं, नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जाँच करवाएं। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कुष्ठ रोगी के साथ छुआछूत या भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं करें। सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार ने जानकारी दिया कि दिनांक 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले अभियान के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा खोजी दल के घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। इसके पश्चात उन व्यक्तियों की जाँच की जाएगी। जाँच में कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर उसका ईलाज प्रारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन ने लोगों को जिले से कुष्ठ रोग के उन्मूलन में अपना योगदान देने की शपथ दिलाया। उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने हरी झंडी दिखाकर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एसपी शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित थे।



रथ रवाना करते डीसी व अन्य ।

---

# सिकनी वन क्षेत्र से धड़ल्ले से हो रहा है अवैध कोयले का खनन



जमा किया गया अवैध कोयला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा-लातेहार सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत सिकनी वन क्षेत्र से इनदिनों अवैध कोयले का उत्खनन व परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है। दिन भर वन क्षेत्र से अवैध रूप से कोयले को निकालकर मोटर साइकिल व साइकल में लोड कर सिकनी-बनहरदी ग्रामीण मार्ग पर पैन बांस के पास सड़क से कुछ दूर जंगल मे कोयले को जमा किया जाता है, उसी कोयले को रात के अंधेरे में ट्रैक्टर में लोड कर दूसरे स्थानों पर सफ्लाई किया जाता है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो प्रतिदिन 5 से 7 ट्रैक्टर अवैध कोयले की तस्करी की जाती है।

इतने बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का कारोबार फलने फूलने के बावजूद अबतक संबंधित विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नही होने से साठ गांठ का संदेह लोगो ने जताया है। मामले को लेकर पूछे जाने पर वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि विभाग के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, अगर ऐसा कोई मामला है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

---

पंचायत समिति की बैठक में अयूब खान ने उठाया टोरी आरओबी निर्माण का मुद्दा

# संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो प्रखंड मुख्यालय में ही धरने पर बैठे

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सोमवार को चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में आहूत पंचायत समिति के बैठक में पंसस अयूब खान ने लंबे समय से अधर में लटके टोरी आरओबी निर्माण का मुद्दा उठाया। बैठक में उपस्थित बीडीओ सह सीओ विजय कुमार से ब्रिज निर्माण में हो रही परेशानी को लेकर सवाल जवाब किया। इस दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नाराज होकर अयूब खान प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य द्वार पर ही भूख हड़ताल पर बैठे गए। इस दौरान वे लगभग 5 घंटे तक प्रखंड मुख्यालय में ही धरने बैठे रहे।

देर शाम बीडीओ विजय कुमार ने उनसे वार्ता किया, इस दौरान उन्होंने आरओबी निर्माण से संबंधित जानकारी को लेकर वरीय अधिकारियों को पत्राचार करने व जनता को हो रही समस्याओं को अवगत कराने का भरोसा दिया। जिसके बाद अयूब खान ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि टोरी में आरओबी निर्माण को लेकर लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही शिलान्यास हुआ, लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक ब्रिज निर्माण की दिशा में कोई काम नहीं हुआ। आए दिन टोरी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम में आपातकालीन वाहन फंस रहे हैं और लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ रही है व लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। अब समस्या जनता के बर्दाश्त से बाहर हो चुका है अगर जल्द ब्रिज निर्माण की दिशा में पहल नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



धरने पर बैठे पंसस अयूब खान।

---

# आग लगने पर क्या करने चाहिए इस संबंध में दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को फायर ब्रिगेड पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, लीडिंग फायर मैन अग्नि शमालय प्रभारी, गौरी शंकर पांडे फायरमैन एवं सत्येंद्र प्रसाद फायरमैन के द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच आग लग जाने के पश्चात कैसे बुझाया जाए प्रयोग कर दिखाया गया तथा छात्र-छात्राओं एवं आचार्य दीदी के माध्यम से भी प्रयोग कराया गया। आगे बताया गया कि रसोईघर के गैस सिलेंडर में आग लग जाने पर हमें घबराना नहीं है इसे कपड़ा भीगाकर गैस सिलेंडर के चारों तरफ लपेट देने पर आग बुझ जाती है, या बाल्टी से पूरी तरह ढक देने पर भी आग बुझ जाती है। यदि आग पर हमारा नियंत्रण है तो यह वरदान है। परंतु नियंत्रण से बाहर होने पर जान -माल की क्षति तो होती ही है, साथ में बहुत कुछ बर्बाद हो जाता है। आग बुझाने के लिए बड़े-बड़े भवनो में फायर सिलेंडर लगा होता है इसके प्रयोग से आग का संपर्क ऑक्सीजन से टूट जाता है और आग बुझ जाती हैं।

यदि कहीं भी आग लग गई हो तो उसकी सूचना हमें तुरंत फायरमैन को देनी चाहिए। जिससे कि आग पर नियंत्रण पाया जा सके। इस प्रकार आग को बुझाने के भिन्न भिन्न प्रकार के प्रयोग काफी आकर्षक रहा, छात्र-छात्राओं इस कार्यक्रम को देखकर काफी खुश एवं उत्साहित हुए। ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में आत्मनिर्भरता, साहस, व संकट के समय में आगे बढ़ कर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने फायर ब्रिगेड लातेहार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं को जागरूक करते फायर ब्रिगेड पदाधिकारी।

---

# शिरोमणि संत गुरु रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक के समीप दिन सोमवार को रविदास समाज के लोगों ने आगामी 5 फरवरी को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायत स्तरीय शिरोमणि संत गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता अंबेडकर चेतना मंच महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दास ने किया और संचालन राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रखंड अध्यक्ष संदीप राम के द्वारा किया गया। बैठक में एकजुटता और भाई चारे के साथ शिरोमणि संत गुरु रविदास की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने हेतु कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से अध्यक्ष अवधेश कुमार, उपाध्यक्ष रिंकू कुमार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार व बबलू कुमार,सचिव राजीव कुमार,उप सचिव संतोष कुमार रवि,सहयोगी अखिलेश कुमार, और महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दास, उपाध्यक्ष सुशीला देवी,कोषा अध्यक्ष गायत्री देवी,सचिव कविता देवी,उपसचिव पुष्पा देवी को बनाया गया। मौके पर युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,राजू राम,गणेश राम, अरविंद राम, शशी राम,सोनू राम,विनोद राम, अकाश कुमार,रोहित कुमार,सरोज कुमार, मनोज कुमार ,मिथिलेश कुमार,राजा कुमार, राजेंद्र कुमार, बबलू कुमार रवि, समेत कई लोग उपस्थित थे।

---

# सीएससी परिसर में कुष्ठ रोग को लेकर कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को कुष्ठ रोग को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माला पहनाकर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश राम, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद, समाजसेवी वीरेंद्र गुप्ता ने किया। वहीं चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश राम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया जाता है। कार्यशाला के बाद स्वास्थ्य कर्मियों व जनप्रतिनिधि व सामाजिक व्यक्तियों द्वारा कुष्ठ रोग को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जो बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से प्रारंभ होकर थाना चौक, शहीद चौक, बालूमाथ ब्लॉक, मुरपा मार्ग होते हुए पुनः सीएचसी पहुंची। मौके पर एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, एएनएम रीता टोप्पो, बिमला कुमारी, मालती कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग मिटाने को लेकर इस अभियान को सफल बनाने को लेकर शपथ दिलाई गई।

---

## एक नजर में

### पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख मनीषा उरांव ने की। बैठक में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। प्रमुख श्रीमती उरांव ने बरवाटोली पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय टाटा में अब तक शिक्षकों के तबादला नहीं होने का मामला उठाया। बताया कि वहां पति-पत्नी ही शिक्षक है। किसी भी दिन दोनों एक साथ स्कूल नहीं आते है। उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने सिकिदरी गांव में अब तक विद्युत सुविधा बहाल नहीं होने का मामला उठाया। कहा कि सिंकिदरी एवं अम्बाटॉड गांव में लाखों रुपए खर्च कर स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन बना दिया गया है जबकि विभाग में यह दोनों भवन सेंशन ही नहीं है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से यहां एएनएम की बहाली कर केंद्र को संचालित करवाने की मांग की है। इसके अलावा अन्य पंचायत समिति सदस्यों ने जल नल योजना के तहत कई जानकारी मांगी। उक्त योजना के तहत कहां-कहां कितने काम हुए हैं इससे संबंधित अद्यतन जानकारी स्पष्ट करने की मांग की। बैठक में राजस्व कर्मचारी के स्थानांतरण नहीं होने पर भी चर्चा की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा की ग्रामीणों की शिकायत पर पहली बैठक में ही यह मामला लिया गया था बावजूद इस पर कोई काम नहीं किया गया। बैठक में विद्युत,वन विभाग,लघु सिंचाई,पीएचडी,पशुपालन समेत कई विभागों के लोग उपस्थित नहीं हुए थे। इस पर पंचायत समिति सदस्य ने काफी नाराजगी जताई। इससे संबंधित जानकारी उपायुक्त को देने की बात कही। आंगनबाड़ी केंद्र हरैया में रास्ता नहीं होने पर बीडीओ ने राजस्व कर्मचारी से इससे संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडेय, बीपीओ रतन शाहदेव,प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार समेत सभी पँचायत समिति सदस्य मौजुद थे।

### प्राथमिकी अभियुक्त पप्पू लोहरा व लवलेश गंझू के घर में लातेहार पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**लातेहार।** लातेहार पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित जेजेएमपी के उग्रवादी संगठन के प्राथमिकी अभियुक्त पप्पू लोहरा पिता बिरजू उर्फ गरजू उर्फ रामवृक्ष लोहरा ग्राम बिनगड़ा कोने, लवलेश गंझू पिता प्रधान गंझू ग्राम कुरियामखुर्द बालूमाथ के घर में सोमवार को इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ लातेहार थाना कांड संख्या 183/2020, दिनांक 21.07.2020 धारा 452/ 364/ 147/ 148/149/ 323/ 324/ 307/ 302/ 201/ 504/ 506 /379 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट के कल्टू उरांव के हत्या तथा इस्तेयाज अंसारी को जख्मी कर देने के आरोप में मामला दर्ज है। बता दें कि प्रमिला देवी नामक महिला ने अपने पति स्व. कल्टु उरांव (ग्राम मुगीडीह लातेहार) को मारपीट कर हत्या करने तथा इम्तियाज अंसारी को जख्मी कर देने के आरोप लगाया था। इस संदर्भ में प्रमिला देवी के द्वारा थाना में दिए आवेदन के माध्यम से बताया था कि लाजवंती देवी पति सूर्यदेव तूरी ग्राम मुगीडीह, तबरेज अंसारी पिता इदरिश मियां ग्राम मनकेरी, पप्पू लोहरा पिता बिरजू उर्फ गरजू उर्फ रामवृक्ष लोहरा ग्राम बिनगड़ा कोने, लवलेश गंझू पिता प्रधान गंझू ग्राम कुरियामखुर्द बालूमाथ एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध व प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादियों के द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आवेदन दिया गया था। मौके पर पुअनि अजय कुमार दास, पुअनि रोहित कुमार महतो एवं सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

---

# जन शिकायत कोषांग जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा

### उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार में आए लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग अजय कच्छप को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शिकायतों का समाधान कराएं। उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन संबंधित मामलों पर विचार विमर्श कर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही सावित्रीवाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को देने निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, डीआरडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी अजय कच्छप, बीडीओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते पदाधिकारीगण।

---

### आम जनता के लिए खुला अर्द्धसैनिक कैंटीन

**चंदवा।** चंदवा स्थित देवी मंडप मुहल्ले में सोमवार को आम जनता के लिए अर्ध सैनिक बल कैंटीन का शुभारंभ हुआ। पंडित श्रद्धानंद पाठक के द्वारा विधिवत पूजन के उपरांत चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सीआरपीएफ बी-11 वाहिनी के सहायक कमांडेंट चंद्र शेखर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंटीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर कैंटीन के संचालक लोकेश यादव ने बताया कि यह कैंटीन जनता के लिए समर्पित है। कैंटीन में दैनिक उपयोग की वस्तु, मसाले, इलेक्ट्रॉनिक, ड्राई फ्रूट्स, कॉस्मेटिक की वस्तुएं आम जनता को कैंटीन डिस्काउंट रेट पर उपलब्ध होगा। अर्ध सैनिक कैंटीन से खरीददारी करने पर कुछ अंश शहीद सैनिकों के परिजनों के उत्थान में जायेगा।




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोमवार को 75वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधी स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंची।


# चमक रहा है भारत! नाइट टाइम लाइट्स में 43 फीसदी की बढ़ोत्तरी

## इसरो की रिपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हाल ही में इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा एक रिपोर्ट जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि भारत में एक दशक के भीतर नाइट टाइम लाइट्स में 43 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। दो वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि नाइट टाइम लाइट्स की वृद्धि में तीन प्रमुख कारण हो सकते हैं, जिनमें सौभाग्य योजना, उज्जवला योजना और राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण शामिल हैं। दुनिया भर के क्षेत्रों के आर्थिक विकास को ट्रैक करने के लिए अर्थशास्त्रियों द्वारा नाइट लाइट का उपयोग किया जाता है।

## सौभाग्य योजना से एनटीएल में हुई वृद्धि



नाइट टाइम लाइट में बढ़ोत्तरी होने पर ये सवाल लाजिम है कि क्या सौभाग्य योजना के तहत 2017 से भारत में लगभग तीन करोड़ घरों का विद्युतीकरण और 2014 से लगभग 50,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण ने पिछले एक दशक में भारत में नाइट टाइम लाइट्स की वृद्धि में योगदान दिया है? एनआरएससी की रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने साल 2012 से 2021 तक राष्ट्रीय स्तर और जिला स्तर पर लाइट में आए बदलाव को लेकर एक गहन स्टडी की है।

### बिहार में तेजी से हुई बढ़ोत्तरी

इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) द्वारा जारी एनटीएल एटलस के मुताबिक, पिछले एक दशक में कुछ राज्यों में नाइट टाइम लाइट में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। बड़े राज्यों में नाइट टाइम लाइट में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई थी. बिहार (8.36% से 47.97%), उत्तर प्रदेश (26.96% से 43.5%), गुजरात (20.69% से 32.68%), मध्य प्रदेश (8.99% से 14.95%), मणिपुर, केरल और लद्दाख में 2012 में 17.53% से बढ़कर 2021 में 22.96% हो गई।

### योजनाओं का प्रभाव

मोदी सरकार ने अक्टूबर 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना – 'सौभाग्य' लॉन्च की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी अविद्युतीकृत घरों और शहरी क्षेत्रों में सभी गरीब परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान करना था। 31 मार्च, 2021 तक सौभाग्य योजना के लॉन्च के बाद से देश के सभी घरों को राज्यों द्वारा विद्युतीकृत किया गया है, जिसमें 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया है।

### साल 2014-15 से देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का रिकॉर्ड निर्माण

भारत की उच्च चमक का एक और कारण हो सकता है। भारत में अब कुल 63.73 लाख किलोमीटर का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा राजमार्ग नेटवर्क है। जबकि भारत में कुल राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 2014-15 में 97,830 किमी थी, वर्तमान में यह लगभग 1.45 लाख किमी है, जिसमें राजमार्ग अब लगभग 29 किमी प्रतिदिन बनाए जा रहे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि साल 2014 में यह गति 12 किमी/दिन थी।

## स्पीड न्यूज

### रामचरितमानस मामले में स्वामी प्रसाद मौर्य समेत 10 पर मुकदमा



**लखनऊ।** रामचरितमानस के पन्नों की प्रतियां जलाने के मामले में पीजीआई पुलिस ने रविवार देर रात स्वामी प्रसाद मौर्य समेत 10 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार सुबह पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में दबिश दे रही है।

### कोर्ट के आदेश के बाद लक्षद्वीप उपचुनाव पर रोक

**नयी दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने लक्षद्वीप संसदीय सीट पर होने वाले उपचुनाव पर रोक लगा दी है। केरल हाईकोर्ट के 25 जनवरी, 2023 के आदेश के बाद निर्वाचन आयोग ने यह फैसला किया। हाईकोर्ट ने लक्षद्वीप के पूर्व सांसद मोहम्मद फैजल पीपी की याचिका पर उनकी सजा को निलंबित कर दिया था।

### गुजरात के कच्छ में भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में सोमवार सुबह 6:38 बजे 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहले सुबह 5:18 बजे 3.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### सेंसेक्स 170 अंक चढ़ा

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शुरूआती उठापटक के बाद शेयर बाजार में निचले स्तरों से 801 अंक तक उछला। सोमवार को सेंसेक्स 169.51 अंक चढ़कर 59,500.41 अंकों पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी 44.50 अंकों की बढ़त के साथ 17,648.95 अंकों पर बंद हुआ।

## श्रीनगर : दादी और पिता को याद कर भावुक हुए राहुल गांधी, बोले

# मैंने अपनों को खोने का दर्द सहा

एजेंसी




**श्रीनगर।** भारी बर्फबारी के बीच राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को श्रीनगर में खत्म हो गई। राहुल ने क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में 35 मिनट लंबी स्पीच दी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान राहुल गांधी ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। वो इंदिरा, राजीव गांधी को याद करते हुए भावुक हो गए। राहुल गांधी ने खुलासा किया कि कांग्रेस यात्रा के दौरान उन्होंने टी-शर्ट क्यों पहनी थी। संबोधन के दौरान राहुल ने चार बच्चों की कहानी सुनाई, जिनसे वे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मिले थे, और कहा कि वे भिखारी थे, जिन्होंने स्वेटर नहीं पहने थे और सर्दियों में कांप रहे थे, जिसने उन्हें यात्रा के दौरान जैकेट नहीं पहनने के लिए प्रेरित किया। राहुल ने कहा मैंने उन्हें गले से लगा लिया। वे ठंडे और कांप रहे थे। शायद उनके पास खाना नहीं था। मैंने सोचा कि अगर उन्होंने जैकेट या स्वेटर नहीं पहने हैं, तो मुझे भी ऐसा नहीं पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे साथ चल रहे एक शख्स ने कहा किये बच्चे गंदे हैं, इनके पास नहीं जाना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि बच्चे आपसे और मुझसे ज्यादा साफ हैं। राहुल गांधी ने कहा, यात्रा के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला।

**बच्ची के मैसेज से दर्द हुआ खत्म**

उन्होंने कहा रास्ते में एक दिन दर्द हो रहा था, मैं सोच रहा था कि 6-7 घंटे और चलने हैं और मुझे लग रहा था कि मुश्किल है। तभी छोटी बच्ची आई, मेरे पास। उसने कहा कि आपके के लिए कुछ लिखा है, लेकिन इसे बाद में पढ़ना। फिर वो गले लगकर भाग गई। मैंने सोचा पढ़ता हूं, तो उसने लिखा था कि मुझे दिख रहा है कि आपके घुटने में दर्द है। आपके चेहरे पर दिख रहा है कि दर्द है। मैं आपके साथ कश्मीर नहीं चल सकती। क्योंकि मेरे माता पिता मुझे नहीं जाने दे रहे। लेकिन मैं दिल से आपके साथ चल रही हूं, क्योंकि मुझे पता है कि आप अपने लिए नहीं, बल्कि मेरे लिए चल रहे हैं। इसके बाद दर्द गायब हो गया।

**महिलाओं ने बताया अपना दर्द**

राहुल ने कहा, जब मैं चल रहा था, बहुत सारी महिलाएं रो रही थीं। ये महिलाएं मुझसे मिलकर रो रही थीं। कई महिलाएं ऐसी भी थीं, जिन्होंने बोला कि उनके साथ रेप हुआ है, उनका उत्पीड़न हुआ है। जब मैं उनसे बोलता था कि मैं पुलिस से कहूं, तो वे कहती थीं कि पुलिस को मत बताइये। हम चाहते थे कि आपको बताएं, लेकिन आप पुलिस को मत बताएं।

**भावुक हुए राहुल :** गांधी उन पलों को याद करते हुए भावुक दिखे जब उन्हें फोन कॉल पर उनकी दादी और पिता, पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या के बारे में बताया गया था, उन्होंने कहा कि हिंसा भड़काने वाले उस दर्द को कभी नहीं समझ पाएंगे। राहुल ने कहा, जो हिंसा भड़काते हैं- जैसे मोदीजी, अमित शाहजी, भाजपा और आरएसएस इस दर्द को कभी नहीं समझेंगे। ये बात सेना के जवान का परिवार समझेगा, पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों का परिवार समझेगा, और कश्मीरी समझेंगे।

### अनुराग ठाकुर के राहुल से कई सवाल

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस, राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्रा पर सोमवार को जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल से कई सवाल किए। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी जी 1953 में कांग्रेस के शासन काल में भारत जोड़ने की सशक्त आवाज श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कश्मीर में संदेहजनक मृत्यु हुई। जिम्मेदार कौन! उन्होंने पूछा कि 1992 में कांग्रेसराज में मुरली मनोहर जोशी के साथ नरेंद्र मोदी ने लाल चौक पर तिरंगा संगीनों के साये में कड़ी सुरक्षा में फहराया। जिम्मेदार कौन1 उन्होंने पूछा कि 2011 में भाजयुमो की राष्ट्रीय एकता यात्रा, जिसमें देश के कोने कोने से लाखों युवा लाल चौक पर झंडा फहराने निकले, उन युवाओं को कांग्रेस सरकार के इशारों पर पीटा गया, जेलों में बेरहमी से ठूसा गया। जिम्मेदार कौन1 उन्होंने पूछा कि 20 जनवरी 2011 को मनमोहन सिंह ने कहा अनुराग ठाकुर को लाल चौक जाकर तिरंगा नहीं फहराना चाहिए, क्षेत्र में माहौल खराब हो सकता है। जिम्मेदार कौन! उन्होंने पूछा कि क्लॉक टॉवर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की प्रथा जो 1990 से बीएसएफ या सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा साइट पर डेरा डाले हुए थी, को 2009 में राजनीतिक महत्व नहीं होने के कारण यूपीए की सरकार ने बंद किया। जिम्मेदार कौन!

## बीबीसी के डॉक्यूमेंट्री बैन के खिलाफ याचिका सुनने को तैयार सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** गुजरात दंगों पर आधारित बीसीसी की डॉक्यूमेंट्री पर केंद्र की तरफ से बैन किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 6 फरवरी को सुनवाई का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट में बीसीसी की इंडियाः द मोदी क्वेश्चन नामक डॉक्युमेंट्री को केंद्र द्वारा ब्लॉक किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की गई है और केंद्र सरकार द्वारा डॉक्यूमेंट्री पर लगाए बैन को याचिका में चुनौती दी गई है। इस मामले में एक अर्जी एडवोकेट एमएल शर्मा ने दायर की है, जबकि अन्य अर्जी सीनियर जर्नलिस्ट एन राम और वकील प्रशांत भूषण की ओर से दायर की गई है।

## भोजपुर : उपेंद्र कुशवाहा के काफिले पर हमला

**आरा।** जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के काफिले पर पथराव हुआ है। सोमवार को बक्सर से लौटने के क्रम में भोजपुर के जगदीशपुर नयका टोला मोड़ से हरनही जाने के क्रम में पथराव किया गया। साथ में चल रही एस्कॉर्ट पार्टी के जवानों ने छिपे लोगों को खदेड़ा पर किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। इस पथराव में किसी के चोटिल होने की सूचना अभी नहीं है। जब उपेंद्र कुशवाहा का काफिला गुजर रहा था, तो कुछ लोग काले झंडे दिखा रहे थे। इस पर काफिले में शामिल समर्थकों ने गाड़ी से उतरकर मारपीट की, जिसमें दो लोगों का सिर भी फट गया है। हालांकि काफिले में शामिल पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने पथराव का आरोप लगाया है।

## मर जाऊंगा, पर अब भाजपा के साथ नहीं जाउंगा : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सम्मेलन में बड़ा फैसला लेते हुए कहा था, भाजपा बिहार में अब किसी भी कीमत पर नीतीश कुमार के साथ समझौता नहीं करेगी। बिहार में भाजपा की सरकार बनाई जाएगी। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने कहा था, हमने बहुत दिनों तक दूसरों को माथे पर ढोया, अब बीजेपी खुद सरकार बनाएगी। इस पर सीएम नीतीश कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ कभी नहीं जाएंगे। बता दें कि सीएम नीतीश कुमार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पटना के गांधी घाट पर पहुंचे थे, यहां पर उन्होंने भाजपा पर जुबानी हमला किया। सीएम ने कहा, नई पीढ़ी को कभी भी महात्मा गांधी के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। सबको याद रखना है और अगर ये लोग हमारे बीच झगड़ा करवाना चाहेंगे तो अपना समझेंगे।

**भाजपा के साथ जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता**

सीएम ने कहा, मर जाना कबूल है, लेकिन भाजपा के साथ जाना कबूल नहीं है। सब बोगस बात है। इतना मेहनत और हिम्मत करके हमें अपने साथ लाया था। क्या-क्या नहीं किया गया था, लालू पर केस कर दिया गया था।

अब हम फिर से गठबंधन खत्म करके अलग हुए हैं तो फिर से कुछ करने के चक्कर में हैं। कैसे सबको इधर से उधर करें, यही सब चक्कर में हैं।

## बिहार से जुड़े गुजरात पेपर लीक कांड के तार

**पटना।** गुजरात में एटीएस और क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पेपर लीक मामले में 16 परीक्षा माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में सात लोग बिहार के हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें मुख्य साजिशकर्ता भास्कर चौधरी बिहार का रहने वाला है। इसके अलावा पटना के कमलेश कुमार मोहम्मद फिरोज बेगूसराय का मुरारी नालंदा का मुकेश कुमार लखीसराय का प्रभात कुमार और मुजफ्फरपुर का मिंटू भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए लोगों में गुजरात के 6 दिल्ली और ओडिशा के एक आरोपी शामिल है। 29 जनवरी को गुजरात पंचायत सेवा चयन बोर्ड के जूनियर क्लर्क की परीक्षा आयोजित की गई थी।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में वो...

राज्य के बुजुर्गों ने जल जंगल जमीन और अपने हक अधिकार के लिए अलग राज्य की लड़ाई लड़ी है। झारखंडी होने के वजूद को बचाने के लिए प्राणों की आहुति दी है। ऐसे में राज्य को बर्बाद तो नहीं ही होने देंगे।

**हमारा हक भी नहीं दे रहा केंद्र :** केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि साढ़े आठ लाख आवास के लिए पैसे मांगे तो केंद्र सरकार ने नहीं दिये। क्या पैसा नहीं देना संवैधानिक हैं, क्या जीएसटी के कारण 5000 करोड़ का नुकसान राज्य को हो रहा है। 40 साल लग गया राज्य बनाने में और 20 वर्ष आदिवासी मूलवासी को सत्ता हासिल करने में लगा। बाकी समय गुजरात दिल्ली को चलाने वालों ने सरकार चलाया। जनसभा को मंत्री चंपई सोरेन, बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता ने भी संबोधित किया। इसके अलावा खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने भी खातियानी जोहार यात्रा में जनसभा को संबोधित किया.

**हर जगह मिल रहा भारी समर्थन :** सीएम ने कहा, महीने भर से आधा दर्जन से अधिक जिलों में खतियानी जोहार यात्रा की। एक दर्जन से अधिक जिलों में घूमा। इस जोहार यात्रा में जिस तरह लोगों का साथ मिल रहा है। सरायकेला में भी लोगों की अपार भीड़ थी। उन्होंने कहा, जब देश आजादी का सपना नहीं देखता था उससे पहले से हमारे पूर्वज सपना देखते थे। इस राज्य के सोच के विपरीत यहां का राज्यपाल जा रहा है ऐसा नहीं है। कई ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा की सरकार जहां नहीं वहां राज्यपाल यह कर रहे हैं। सीएम ने कहा, यहां आने से पहले मैं राज्यपाल के साथ था लेकिन मुझे पता नहीं था कि विधेयक को लेकर यह फैसला लिया गया है। मैं अखबार नहीं पढ़ता क्योंकि मैं लोगों के साथ रहता हूं वही मेरे लिए खबर है। मैं गरीबों का चेहरा पढ़ता हूं।

भारत सरकार कानून बनाये : सीएम ने कहा, मैं यहां से वापस लौट कर देखूंगा कि राज्यपाल ने क्या लिखा। मैं कहा कह रहा हूं सब राज्य का अधिकार है। सीएनटी- एसपीटी राज्य सरकार ने बनाया। आंदोलन ने केंद्र सरकार को मजबूर किया। हम भी वही करेंगे। हमने कहा, भारत सरकार कानून बनाये। यह राज्य हमें छिन कर मिला है। मांगने से नहीं मिला।

### पहले दिन आर्थिक ...

सर्वदलीय बैठक में सरकार ने सहयोग मांगा : संसद सत्र के पूर्व सोमवार को सर्वदलीय बैठक में सरकार ने स्पष्ट किया कि वह संसद में नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। सदन सुचारू रूप से चलाने में सभी का सहयोग चाहती है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद कहा, सरकार संसद में नियमों के तहत हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है, हम विपक्ष का सहयोग चाहते हैं। जोशी ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में 27 राजनीतिक दलों के 37 नेताओं ने हिस्सा लिया।

**विपक्ष ने कई मुद्दे उठाये :** सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने अदाणी समूह, जाति आधारित गणना और महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने का मुद्दा उठाया। बैठक में आप के संजय सिंह, राजद के मनोज झा सहित द्रमुक, वाम दलों आदि ने अदाणी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाया और संसद सत्र के दौरान इस पर चर्चा कराने की मांग की। वहीं टीआरएस और द्रमुक जैसे दलों ने विपक्ष के शासन वाले राज्यों में राज्यपाल के व्यवहार का मुद्दा उठाया। राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित आर्थिक गणना कराने की मांग की। बैठक में इसमें राकांपा के शरद पवार, नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला, टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय और अन्नाद्रमुक के थम्बीदुरै भी शामिल थे। सरकार ने बजट सत्र से पहले विभिन्न विषयों पर आम राय बनाने के लिये सोमवार (30 जनवरी) को राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलायी थी।

### आज से नामांकन...

इस सीट पर शुरुआत से आजसू पार्टी का कब्जा रहा है। **झापा प्रत्याशी घोषित, लोजपा ने भी लड़ने का दिया संकेत :** रामगढ़ उपचुनाव के लिए झारखंड पार्टी ने संतोष महतो को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, लोजपा भी रामगढ़ से लडने की तैयारी में है। जदयू चुनाव लड़ेगी या नहीं, इसे लेकर अभी तक पार्टी का स्टैंड क्लीयर नहीं है।

### पाक की मस्जिद में...

इसके करीब ही आर्मी की एक यूनिट का ऑफिस भी है। इलाके में टीटीपी का खासा दबदबा है और पिछले दिनों इसी संगठन ने हमले की धमकी भी दी थी।

**ब्लड डोनेशन की अपील :** सभी घायलों का इलाज पेशावर के लेडी हार्डिंग अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल की तरफ से जारी बयान में कहा गया- आम लोग जितना हो सके, उतनी जल्दी ब्लड डोनेट करने अस्पताल पहुंचें। मिलिट्री डॉक्टरों का एक दल भी अस्पताल पहुंचा। हेल्थ डिपार्टमेंट ने पेशावर जिले के सभी डॉक्टर्स और सपोर्ट स्टॉफ के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

**पिछले साल शिया मस्जिद में हुआ था धमाका :** पेशावर में पिछले साल मार्च में एक शिया मस्जिद में धमाका हुआ था। तब हमले में 62 लोग मारे गये थे। ये सभी शिया समुदाय के लोग थे। धमाके के वक्त मस्जिद में जुमे की नमाज चल रही थी। इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट खोरासान ग्रुप (आइएस-केपी) ली थी। 16 दिसंबर 2014 को पेशावर के आर्मी पब्लिक स्कूल पर भी आतंकी हमला हुआ था, जिसमें इसमें 148 लोग मारे गए थे। इनमें 141 स्कूली बच्चे थे।

**टीटीपी के निशाने पर पाकिस्तान :** पाकिस्तान में टीटीपी के हमले लगातार तेज होते जा रहे हैं। इनकी जद में राजधानी इस्लामाबाद भी आ गयी है। पिछले महीने इस्लामाबाद में एक फिदायीन हमला हुआ था, जिसमें एक पुलिस अफसर मारा गया था और 6 लोग घायल हो गये थे।

# बजट 2023 : नियामकीय ढांचा और करों में स्पष्टता की उम्मीद

## क्या रहेगा 'क्रिप्टोकरेंसी' पर सरकार का रुख!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण (वित्तीय वर्ष 2023-24) में अब कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। अधिकतर जानकारों का मानना है कि चुनावी साल के एक वर्ष पहले सरकार आम आदमी की पसंद का बजट पेश करना चाहेगी।

बाजार के हर हितधारक की बजट से अपनी-अपनी अपेक्षाएं हैं। क्रिप्टोकरेंसी बाजार भी बड़ी उम्मीदों के साथ केंद्रीय बजट 2024 का इंतजार कर रहा है। क्रिप्टो बाजार सरकार से कर व्यवस्था में बदलाव के साथ ऐसे कदमों की उम्मीद कर रहा है जिससे देश में उसकी मांग में वृद्धि हो। वर्ष 2022 क्रिप्टोबाजार के लिए एक कड़वा साल रहा। इस साल क्रिप्टो करेंसी मार्केट को भारी गिरावट, लिक्विडिटी की कमी, प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंजों का दिवालियापन, ट्रेडिंग वॉल्यूम में तेज गिरावट और अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। भारत में क्रिप्टो बाजारों को दोहरे कर झटके का सामना करना पड़ा है। सरकार ने यहां 30% से अधिक अधिभार और उपकर के साथ-साथ आभासी डिजिटल मुद्रा पर 1% टीडीएस कटौती की घोषणा कर रखी है। जिससे बाजार और निवेशक दोनों प्रभावित हुए हैं।

## लेनदेन पर लगने वाले टैक्स और टीडीएस में कटौती की उम्मीद




ऐसे में वर्तमान वर्ष में क्रिप्टो निवेशक आभासी मुद्रा पर सरकार के रुख का इंतजार कर रहे हैं। क्रिप्टो बाजार के जानकारों का मानना है कि डिजिटल मुद्रा में निवेश करने वालों को केंद्रीय बजट 2023-24 के बजट भाषण से क्रिप्टोबाजार के भविष्य के संबंध में अहम संकेत मिलेंगे। सरकार 2024 के बजट में क्रिप्टोकरेंसी पर अहम घोषणाएं कर सकती हैं। बाजार को वित्त मंत्री से कर व्यवस्था में छूट, नए नियामकीय ढांचे और लेनदेन पर लगने वाली टीडीएस में कटौती की उम्मीद है। कॉइनएक्स के संस्थापक पुनीत अग्रवाल के अनुसार अगर 2023 के बजट में क्रिप्टो निवेशकों के लिए एक बेहतर और अधिक अनुकूलित कर व्यवस्था की घोषणा की जा सकती है। अग्रवाल के अनुसार भारत ने पिछले एक साल में कई बार क्रिप्टो से संबंधित एक नियामकीय ढांचे की बात कही है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन में भी विशेष रूप से निगमित और गैर निगमित बाजारों पर चर्चा होनी है। हालांकि कॉइनएक्स के संस्थापक मानते हैं कि ना केवल नियामकीय ढांचे क्रिप्टो निवेशकों के लिए एक आसान टैक्स ढांचे की भी बाजार अपेक्षा रखता है। अगर बजट के दौरान सरकार की ओर से ऐसी कोई घोषणा की जाती है तो इससे क्रिप्टो बाजार में नए निवेशक आकर्षित होंगे। इसके अलावे इस बार के बजट में सरकार क्रिप्टो के लेनेदेन पर लगने वाले टीडीएस में कमी की भी उम्मीद कर रही है।

### 2032 तक देश की जीडीपी में 1.1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है क्रिप्टोबाजार


जेबपे के सीइओ राहुल पगीदिपति के अनुसार वर्ष 2022 वेब3 और क्रिप्टोकरेंसी बाजार के लिए अहम साल रहा। नया और गैरआजमाया हुआ बाजार होने के बावजूद बीते साल भारत में क्रिप्टो बाजार में तेज वृद्धि दिखी। क्रिप्टो में निवेश करने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है। एफआइसीसीआइ की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2032 तक ह्यु 3.0 और ब्लॉकचेन भारत की जीडीपी में 1.1 ट्रिलियन डॉलर की राशि जोड़ सकता है।

### कैपिटल गेन टैक्स और टीडीएस के दर स्टॉक्स और बॉण्ड्स में निवेश के समान करने की मांग

जेबपे के सीइओ राहुल पगीदिपति उनके अनुसार भारत सरकार केंद्रीय बजट 2023 में क्रिप्टोबाजार के नियमन से जुड़ी बड़ी घोषणा कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह पूरे बाजार के लिए राहत भरा होगा। उन्होंने कहा, 'सरकार से हमारी मांग है कि क्रिप्टोबाजार के लिए एक प्रगतिशील रेग्युलेटरी फ्रेमवर्क बनाया जाए। क्रिप्टो पर लगने वाले करों में भी स्पष्टता आनी चाहिए। ऐसा टीडीएस और कैपिटल गेन्स टैक्स की दरों में दूसरे असेट्स क्लास जैसे स्टॉक्स और बॉण्ड्स की तरह घटाकर किया जा सकता है।' भारत के दूसरे सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज बाययूकॉइन के सीइओ शिवम ठकराल का भी मानना है कि क्रिप्टो सेक्टर को सरकार से तत्काल मदद की जरूरत है। इससे क्रिप्टो बाजार का माहौल बिजनेस की दृष्टि से आसान होगा और भारत में ब्लॉकचेन कंपनियों को विकसित होने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विभिन्न मंचों पर क्रिप्टोकरेंसी बाजार पर सर्वमान्य पॉलिसी बनाने के लिए वैश्विक पहल शुरू करने की बात कहती रहीं हैं।

## स्पोर्ट्स

### मुरली विजय ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज मुरली विजय ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने सोमवार को ट्विटर पर बताया कि वह अब विदेशी लीगों में अपनी किस्मत आजमाएंगे। विजय ने भारत के लिए आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेला था। उन्होंने 61 टेस्ट, 17 वनडे और नौ टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। विजय ने 61 टेस्ट में 3982 रन, 17 वनडे में 339 रन और नौ टी20 मैचों में 169 रन बनाए थे। उन्होंने टेस्ट में 12 शतक लगाए थे। मुरली क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में सफल रहे। उन्होंने 38.28 की औसत से रन बनाए। विजय का उच्चतम स्कोर 167 रन रहा। उन्होंने टेस्ट में 15 अर्धशतक भी लगाए। वह टेस्ट जैसी सफलता वनडे और टी20 में हासिल नहीं कर पाए।

### हॉकी : भारतीय कोच ग्राहम रीड का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने इस्तीफा दे दिया है। हाल ही में ओडिशा में हुए हॉकी विश्व कप में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद रीड ने अपने पद से हटने का फैसला लिया। उनके अलावा एनालिटिकल कोच ग्रेग क्लार्क और साइंटिफिक एडवाइजर मिचेल डेविड पेम्बरटन ने भी इस्तीफा दे दिया है। हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम नौवें स्थान पर रही। रीड को अप्रैल 2019 में भारत का कोच नियुक्त किया गया था। उनकी देखरेख में भारत ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। 58 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई रीड ने भुवनेश्वर में विश्व कप के समापन के एक दिन बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

# मुख्यमंत्री ने गम्हरिया के खरकई नदी पर बराज निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## कहा बराज निर्माण के शेष कार्य यथाशीघ्र पूरे किये जायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे सरायकेला-खरसावां लोगों ने किया जोरदार स्वागत किया। सीएम ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने दुर्गा मंदिर, गोपबंधु चौक और तितिरबिला जाहेर स्थान में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर राज्य की उन्नति, अमन चैन, सुख-शांति और सदभाव की कामना की। इस दौरान सीएम ने लोगों की सुनी समस्याएं व उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण से संबंधित शेष कार्य यथाशीघ्र पूरे किए जाएं यथोचित निराकरण का दिया भरोसा। सरकार की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत से रूबरू होने तथा जनता से संवाद को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जिला भ्रमण कार्यक्रम जारी है। इस कड़ी में सोमवार को उनका आगमन सरायकेला खरसावां हुआ। यहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों को जहां सरकार के कार्यए गतिविधियों प्राथमिकताओं से अवगत कराया। वहीं, जनता की समस्याओं से भी वाकिफ हुए।

मुख्यमंत्री ने सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत गम्हरिया के गंजिया में खरकाई नदी पर चल रहे बराज निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण से संबंधित शेष कार्य यथाशीघ्र पूरे किए जाएं। इस मौके पर उन्होंने यहां स्थापित भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने सरायकेला के गोपबंधु चौक स्थित दुर्गा मंदिरए हरि मंदिर दुग्धा और तितिरबिला जाहेर स्थान में पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की।

### समस्याओं का करने आए हैं निराकरण : सीएम

मुख्यमंत्री के भ्रमण को लेकर जिले के डुमरडीहा, चांवर बाला समेत कई जगहों पर लोगों का हुजूम अभिवादन के लिए मौजूद था। मुख्यमंत्री ने सभी के अभिवादन को स्वीकार किया और उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली । उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यह सरकार आपने बनाई है। ऐसे में आपकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है । मुख्यमंत्री के काफिले में मंत्री चम्पाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता और बन्ना गुप्ता तथा विधायक सुखराम उरांव, दशरथ गागराई, सविता महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान मनोज कुमार, डीआईजी अजय लिंडा, उपायुक्त अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश मौजूद थे।

## ज्ञान विज्ञान समिति ने मनाई राष्ट्रपिता बापू गांधी की 75 वीं पुण्यतिथि

**धनबाद।** सोमवार को सियालगुदरी, पुटकी ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा सामुदायिक शिक्षण केंद्र, सियालगुदरी में राष्ट्रपिता बापू मोहन दास करम चंद गांधी की 75 वीं पुण्य तिथि मनाई गई।पुण्यतिथि में मुख्य रूप से ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव भोला नाथ राम, जिला कार्यकारिणी मधेश्वर नाथ भगत,प्रखण्ड कार्यकारिणी सोमा नियोगी मौजूद थी। सर्व प्रथम बापू गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात गांधी के संक्षिप्त जीवनी पर चर्चा करते हुए भोला नाथ राम द्वारा कहा गया की 30 जनवरी 1948 को शाम को प्रार्थना के बाद बिड़ला हाउस में नाथूराम गोडसे द्वारा महात्मा गांधी का हत्या कर दिया गया था। भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी का पुण्यतिथि पूरे देश में मनाई जाती है। महात्मा गांधी को उनके व्यक्तित्व, योगदान के लिए महात्मा गांधी , बापू जैसे नामों से संबोधित किया जाता है। महात्मा गांधी सफाई सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते थे आदि बातों पर चर्चा की गई। इस पुण्यतिथि में सुनीता देवी, ध्रुबा देवी,निशा देवी, सजहां खातून, बिजली पासी, राम अवतार सिंह, राम बाबू जायसवाल आदि लोग मौजूद थे।

## सरस्वती प्रतिमा के साथ आपत्तिजनक हरकत करने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी**

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र स्थित केनमन काठी पंचायत में सरस्वती प्रतिमा के साथ आपत्तिजनक हरकत का वीडियो वायरल होने के बाद देवघर डीसी मंजूनाथ ने संज्ञान लिया है। डीसी ने सोमवार को मामले में संबंधित अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को एफआईआर दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीसी के निर्देश पर आरोपित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के अलावा गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के केनमन काठी पंचायत में पूर्व मुखिया अमरनाथ दास सरस्वती पूजा को लेकर बनाए गए पंडाल में जाकर सरस्वती प्रतिमा के साथ आपत्तिजनक कृत करने लगता है। वायरल वीडियो में वहां मौजूद लोग उसे उकसाते दिख रहे हैं और वीडियो में उक्त शख्स सरस्वती प्रतिमा के साथ गंदी-गंदी हरकते करने लगता है, जिसके पश्चात इस पूरी घटना के दौरान मौजूद लोगों ने मोबाइल में वीडियो बना ली और किसी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। 53 सेकेंड का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

पूरा मामला केनमन काठी पंचायत के केनकम काठी गांव का है, जहां ग्रामीणों ने मिलकर सरस्वती पूजा की थी। इसके लिए पंडाल बनाकर मां शारदा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। उसी दिन शाम को शराब के नशे में धुत पूर्व मुखिया अमरनाथ दास ने लोगों के उकसावे पर सरस्वती प्रतिमा के साथ गंदी हरकतें की।

# पूरे परिवार को हादसे में मारने का प्रयास

**एजेंसी**



**दुमका।** दहेज प्रताड़ना और विदाई के लिए किए गए केस में सोमवार को व्यवहार न्यायालय पेशी के लिए आए देवघर के एक ही परिवार के पांच सदस्यों को सड़क हादसे में जान से मारने का प्रयास किया गया। फोर्ड कार की टक्कर से दो महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। वहीं एयरबैग खुल जाने की वजह से वाहन की अगली सीट में बैठे दो लोग बाल बाल बच गए। सभी ने कार सवार लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

देवघर के दुगार्पुर निवासी जियारल अंसारी ने बताया कि वह कुर्सी बनाने का काम करते हैं। 13 अप्रैल 19 को उसकी शादी दुमका जिले के तालझारी थाना क्षेत्र की रहने वाली अफसाना बीबी से हुई। ससुर फजल हक अंसारी चाहते थे कि जिस तरह से उसका साढू घर जमाई बनकर साथ रहता है, उसी तरह से वह भी रहे। इंकार करने पर पिछले साल मई माह में जबरन पत्नी को लेकर चला गया। किसी तरह से विदा कर लाया तो अगस्त में फिर लेकर चला गया।

देवघर के कुटुंब न्यायालय में विदाई के लिए केस किया तो उसे जान से मारने की धमकी मिलने लगी। कई बार मारपीट का प्रयास किया। केस होने के बाद पत्नी ने भी तालझारी थाना में दहेज प्रताड़ना का केस कर दिया। उसी केस में सोमवार को दुमका के कुटुंब न्यायालय में उसकी, मां सुफेदा बीबी, पिता हदीश अंसारी, मौसी रकीबा बीबी व भाई मिकाइल अंसारी को पेश होना था। बोलेरो से सभी लोग दुमका आए। वहीं फोर्ड कार में ससुर फजल हक, साला सरफराज, साढू नाजिर अंसारी, पड़ोसी चिंटू, दो युवक व एक पुलिस वाला भी दुमका आया। कोर्ट के बाहर गाली गलौज किया। वापस जाने के क्रम में पीछा किया और जामा थाना क्षेत्र में पालोजोरी मार्ग में सुनसान जगह पर ओवरटेक कर बोलेरो को साइड से टक्कर मार दी। गति तेज होने के कारण बोलेरो सड़क किनारे ईंट के ढेर से टकराकर पलटने से बच गई। एयर बैग खुल जाने की वजह से उसकी और वाहन चला रहा भाई बाल बाल बच गया। जबकि मां, पिता और मौसी घायल हो गए। इसके बाद कार सवार लोगों ने उसके और भाई के साथ मारपीट की। मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया। पति जियारल अंसारी का आरोप है कि पत्नी के घर वाले सभी की जान लेना चाहते थे। लगातार पीछा कर रहे थे। सड़क हादसे के बहाने जान लेने के लिए बोलेरो में ठोकर मारी।

मेडिकल कालेज अस्पताल में पीड़ितों ने जामा थाना की पुलिस के आने का काफी इंतजार किया। चार बजे तक पुलिस नहीं आई तो सभी बेहतर इलाज के लिए देवघर चले गए।

## पांडुपुडिंग जलप्रपात में मिला युवक का शव

**एजेंसी**

**खूंटी।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पांडुपुडिंग जलप्रपात से सोमवार को फिर एक युवक का शव बरामद किया गया। रांची के लोअर बाजार थाना के पत्थल कुदवा चर्च नेल का रहने वाला था सन्नी बारला अपने दोस्तों के साथ रविवार को पिकनिक मनाने आया था और वह गायब था। सन्नी के गुम होने पर दोस्तों ने काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक के पिता अब्राहम बारला ने बताया कि उनका बेटा सन्नी बारला रविवार सुबह नौ बजे अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने की बात कह घर से निकला था।

22 वर्षीय सन्नी बारला अपने दोस्तों के साथ बस से रविवार को ही पांडुपुडिंग पहुंचा था। उसके दोस्तों ने बताया कि पिकनिक के दौरान सन्नी अचानक गायब हो गया था। काफी खेजने के बाद भी नहीं उसका कोई अतापता नहीं चला। सन्नी के पिता ने बताया कि रात नौ बजे तक जब सन्नी घर नहीं आया, तो उसके दोस्तों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिकनिक स्थल से कहीं चला गया था और खाना खाने भी नहीं आया था। देर तक उसकी खोजबीन की, जब उसका कुछ पता नहीं चला तो रात नौ बजे बस सभी को लेकर वापस रांची लौट गई। सन्नी के परिजन पिता के साथ सोमवार को सुबह ही पांडुपुडिंग पहुंचे और आसपास के जंगली क्षेत्रों में उसकी खाजबीन की। कुछ पता नहीं चलने पर स्थानीय युवको की मदद से पानी की गहराई में खोज की गई, तो सन्नी का शव एक चट्टान पर फंसा पाया गया। सन्नी रांची के संत पॉल कॉलेज में स्नातक दूसरे वर्ष का छात्र था।

उल्लेखनीय है कि पांडुपुडिंग जलप्रपात में कुछ ही दिनों में चार लोगों की मौत हो जाने से लोगों में डर उत्पन्न होने लगा है। 21 जनवरी को सेल्फी लेने के दौरान पैर फिसल कर गिरने से हजारीबाग निवासी शिवम मिश्रा नामक युवक की मौत हो गई थी। 29 जनवरी को ही खूंटी कटहल टोली निवासी 13 वर्षीय किशोर रौनक कुमार माथुर की मौत नहाने के दौरान डूबने से हुई थी। इससे कुछ दिन पहले मछली मारने दौरान डेरांग कें रहने वाले एक युवक की मौत हो गई थी। सोमवार को सन्नी का शव मिलने से पांडुपुडिंग के पर्यटन मित्रों के चेहरे पर उदासी छा गई है। पर्यटन समिति के मित्रों ने कहा कि दुर्घटना रोकने के लिए कड़े नियम बनाने की जरूरत है। खतरनाक स्थानों पर निदेशिका और बैरिकैटिंग करना बहुत जरूरी है।

## ममता के नक्शे कदम पर चल रही हेमंत सरकार : सांसद

**एजेंसी**




**धनबाद।** धनबाद मंडल कारा में बंद भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो से मिलने सोमवार को पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो पहुंचे। सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी कार्यकर्ता के साथ-साथ विधायक ढुल्लू महतो उनके पुराने साथी व लोकप्रिय विधायक हैं। यह उनकी औपचारिक मुलाकात है, क्योंकि वह पार्टी कार्यकर्ता के नेता हैं और लोकप्रिय विधायक भी है, इसलिए उनकी हाल चाल और कुशलता की जानकारी लेने वे यहां पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के नक्शे कदम पर चल रही है। बंगाल में ममता बनर्जी किस तरह अलोकतांत्रिक तरीके से सरकार चला रही है यह सभी को पता है। उसी के नक्शे कदम पर यहां की वर्तमान सरकार भी चल रही है। हम लोग कानूनी प्रक्रिया से लड़ाई लड़ रहे हैं और निश्चित तौर पर सत्य की ही जीत होगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा विपक्ष के सभी दलों को एकजुट किये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले राहुल गांधी कांग्रेस को तो एकजुट कर लें।

## धनबाद एवं प्रखंड के सभी पंचायत स्तर तक होगा संगठन विस्तार: विश्वहिंदू परिषद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** सोमवार विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल कतरास प्रखंड कार्यसमिति बैठक माँ लिलोरी स्थान श्री शंकर धर्मशाला में हुआ बेठक शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया बेठक अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष श्री शंकर जायसवाल ने किया ओर संचालन अनूप रॉय ने किया। बैठक में मुख रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत गौ रक्षा सह प्रमुख कमलेश सिंह जी रहे श्री सिंह ने कहा सनातन हिंदू समाज सबल, संपन्न एवं समृद्ध समाज है। समाज के पास उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से हम समाज को समरस करते हुए संगठित समाज बनाना ही हम कार्यकताओं का मुख्य लक्ष्य है। बैठक में उपस्थित धनबाद महानगर विहिप मंत्री सोनु गिरी जी का कतरास प्रखंड द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया ओर मंत्री सोनु गिरी ने संगठन का कार्यक्रम के बारे में बिस्तार रूप से जानकारी दिया ओर कतरास प्रखंड के नवीन दायित्य का घोषणा किया, ओर कहाँ संगठन को पूरे धनबाद महानगर के हर प्रखंड में जा कर संगठन को मजबूर करने का कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित विहिप सह मंत्री रंजित रवानी बजरंग दल धनबाद महानगर सह संयोजक तापस कुमार दे,सह संयोजक सोनु सिंह,महानगर अखाड़ा प्रमुख अनूप रॉय,धर्मप्रसार प्रमुख अनिल महतो,दुर्गा वाहिनी कतरास प्रखंड संयोजिका नेहा रवानी,प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख चित्ररंजन कुमार सिंह, नवीन दायित्य दिया गया। जिसमें कतरास प्रखंड विहिप उपाध्यक्ष मोनोज रॉय जी को एबं मंत्री सुजित रवानी जी को सह मंत्री राम चरित्र रॉय एबं विनोद चौहान जी को बनाया गया।

कतरास प्रखंड संयोजक राजकुमार बॉर्मन सह संयोजक मोनोज केशरी,मिलन केंद्र प्रमुख मनीष सिंह, सत्संग प्रमुख अज्जु बजरंगी,प्रचार प्रसार प्रमुख मनु गोप, गौ रक्षा प्रमुख रविकांत बरनवाल,धर्म प्रसार प्रमुख शंकर केवट,सुरक्षा प्रमुख जीत कुमार,सामाजिक समरस्ता प्रमुख राखोंहरि पटवा जी को बनाया गया। महानगर सह संयोजक तापस दे ने कार्यकर्ताओ को संबंधित करते हुए कहा कि आप सभी नवीन दायित्यवान कार्यकर्ता का हार्दिक अभिनंदन है।

## स्पीड न्यूज



दिनांक 30/01/2023 को ई/112 वी वाहिनी सीआरपीएफ कर्मडीह थाना छिपादोहर लातेहार के समवाय अधिकारी निरीक्षक सतपाल सिंह द्वारा कमांडेंट श्री प्रमोद कुमार साहू के दिशा निदेर्शों के अनुसार स्वीक एक्शन प्रोग्राम के तहत गरीबों तथा स्कूल के बच्चों में कंबल और खेल के सामानों का वितरण किया।

### घर को चोरों ने बनाया निशाना 20 लाख के जेवरात ले उड़े

**कतरास।** बीती रात चोरों ने एक बन्द घर को निशाना बनाते हुए लगभग 20लाख के जेवरात ले उड़े।घटना कतरास थाना क्षेत्र में कोलडम्प कॉलोनी का है।जहाँ एक बीसीसीएल कर्मी के बन्द घर में बीती रात चोरों ने दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर घर के आलमीरा में रखे जेवरात और पाँच हजार रुपये की चोरी कर ली।भुक्तभोगी पवन देवी ने बताया कि कल उनकी बहू शादी समारोह में शामिल होने के लिये मायके गयी और सास पवन देवी कुछ दूरी ओर रह रही अपनी बेटी के घर ही रुक गयी।और जब आज अपने घर वापस लौटी तब जाकर घटना का पता चला। घटना के सम्बंध में पुलिस को लिखित शिकायत दे दी गयी है,जिसके आधार पर जांच जारी हो गयी है।

### बाइक के धक्का से महिला घायल

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा बाजार मोड़ के समीप सोमवार के शाम 6:00 के करीब तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद खुद बाइक के पीछे पीछे करीब 20 मीटर तक घसीटाते हुए चला गया। घटना के बाद महिला तथा बाइक सवार युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही पुलिस और ग्रामीणों के मदद से दोनों को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल दोनों की स्थिति स्थिर है। वही पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जाता है कि तेज रफ्तार से बाइक सवार फिल्मी स्टाइल में इधर उधर कट मारते हुए मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क पार कर रही हुडमुड गांव की समुन्द्री कुंवर नामक महिला को चपेट में लेते हुए करीब 20 मीटर दूरी तक बाईक आगे- आगे तथा चालक उसके पीछे-पीछे सड़क पर उल्टाते पलटाते हुए जा पहुंचा। वही महिला टक्कर के बाद बीच सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई। पुलिस घटना के छानबीन करने में जुटी हुई है।

### महात्मा गाँधी के योगदान को याद रखेंगे भारतवासी

**केवट।** बेरमो ध्विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने सोमवार को करगली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कियाण्उन्होने कहा कि भारतवासी आजादी की लड़ाई में गांधी जी के योगदान को सदियों तक याद रखेंगेण कहा कि गाँधी जी की हत्या एक विचारधारा ने की थी जो आज भी हमारे धर्मनिरपेक्ष तानेबाने और भाईचारे को खंडित करने पर तुली हुई है ण्इस विचारधारा की शिनाख्त करने और बेनकाब करने की जरूरत हैण उन्होने कहा कि गांधीजी के विचारों ने दुनिया भर के लोगों को न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि करुणाए सहिष्णुता और शांति के दृष्टिकोण से भारत और दुनिया को बदलने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ण्कहा कि गांधीजी ने अपने जीवनकाल में दुनिया भर के हाशिये पर स्थित समूहों और उत्पीड़ित समुदायों की आवाज उठाने में भी अतुलनीय योगदान दियाण्उन्होने कहा कि न्यू इंडिया के निर्माण में महात्मा गांधी की भूमिका और उनका प्रभाव निर्विवाद हैण वर्तमान इक्कीसवीं सदी में भी एक व्यक्ति और एक दार्शनिक के रूप में गांधीजी उतने ही प्रासंगिक है जितने कि वे पहले थेण गांधीजी के सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत ने सभी धर्मों के प्रति सद्भावना को स्थापित किया ण्इस सिद्धांत को आत्मसात करने की जरूरत हैण्मौके पर मो जहांगीरए अशोक महतोए विरेन्द्र करमालीए चंद्रदेव महतो एचुनीलाल आदि थे।

## एक नजर में

### दुगार्पुर पंचायत में बाल सभा का आयोजन



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत सचिवालय भवन सभागार में सभी सरकारी विद्यालयों के बच्चों की सभा स्थानीय मुखिया अमरेश कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई।बच्चों ने अपने अपने विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं सहित सांस्कृतिक एवं खेलकूद के लिए जरूरी समस्याओं पर मुखिया का ध्यान आकृष्ट कराया। उत्क्रमित मध्य डुंडाडीह के बच्चों ने खेलकूद का मैदान एवं खेल सामग्रीए वाद्य यंत्र की मांग रखी तो कुरकोए हरलाडीहए मेढ़ा व रांगामाटी के बच्चों ने हैंडवासए सेनेटरी पैड की मांग सहित कंप्यूटर सेटए शौचालय मरम्मती तथा पेयजल की समस्या रखी। मुखिया ने बच्चों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समाधान का भरोसा दिलाया है। मौके पर उप मुखिया पंचानन महतोए वार्ड सदस्य संजू देवीए कुंती देवीए विनिता को देवीए पबिता देवीए रंजू देवीए रबिता देवीए सोनी देवीए भीम महतोए सनातन महतोए मिथलेश महतोए दीपक महतोए मनरेगा मैट समेत सैकड़ों स्कूली बच्चे एवं शिक्षक मौजूद थे।

### डीडीसी ने बिचना में किया बंबू क्राफ्ट मेकिंग यूनिट का उद्घाटन

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के तेजस्विनी क्लब, बिचना में सोमवार को बंबू क्राफ्ट मेकिंग यूनिट का शुभारंभ हुआ। उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने बंबू क्राफ्ट मेकिंग यूनिट का उद्घाटन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने परियोजना के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता को उम्दा बनाने के लिए क्लब की किशोरियों और युवतियों को बीच आवश्यक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही आय सृजन गतिविधियों में तेजी लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बनी हुई सामग्री की बिक्री के लिए स्थानीय बाजार के साथ ऑनलाइन बिक्री, मार्ट इत्यादि से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्विनी परियोजना द्वारा आय सृजन गतिविधि के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों एवं युवतियों को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। परियोजना प्रबंधक ने कहा कि तेजस्विनी परियोजना द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत में तेजस्विनी क्लब बिचना की किशोरियों एवं युवतियों को स्थानीय बाजार की मांग के अनुरूप आय सृजन गतिविधि के माध्यम से बांस से बनने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे बांस के गुलदस्ते, बांस की टोकरी, सजावट के समान, कुर्सी, टेबल इत्यादि के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत तेजस्विनी क्लब, बिचना की 10 किशोरियों एवं युवतियों ने बांस की सामग्री बनाना शुरू किया।

### खूंटी में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की शुरूआत, जागरुकता रथ रवाना

**खूंटी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सोमवार को खूंटी जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की शुरूआत हुई। सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र समीर कुजूर और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों को कुष्ठ उन्मूलन से संबंधित शपथ दिलाई गई। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर सदर अस्पताल परिसर से कुष्ठ जागरुकता रथ को रवाना करने के साथ अभियान का शुभारंभ का हुआ। यह अभियान 13 फरवरी तक चलेगा। आइये कुष्ठ रोग से लड़ें और कुष्ठ रोग को एक इतिहास बनाएं की परिकल्पना को लेकर जागरुकता रथ द्वारा विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत संबंधित स्वास्थ्य सहिया गांवों में आयोजित होनेवाली ग्रामसभा में जाकर लोगों को कुष्ठ के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों के प्रति जागरूक करेंगी। लोगों को बताया जाएगा कि कुष्ठ रोग भी अन्य रोगों की तरह एक आम बीमारी है। इलाज के पश्चात रोगी पूर्णतः ठीक हो सकता है। इस रोग का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क किया जाता है।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद

**बोकारो।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सभी स्तर से कार्यक्रम की सुचारू व समुचित व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुट गया है। एमडीए कार्यक्रम के लिए जिलान्तर्गत अन्तर्विभागीय सहयोग हेतु प्रथम जिला समन्वय समिति की बैठक डीडीसी कीर्ती श्री जी की अध्यक्षता में सीएमओए भीबीडीओए आरसीएचओए जिला यक्ष्मा पदाधिकारीए जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारीए डॉ अभिषेक पॉलए एनटीडी डब्लयूएचओए मोण्कलाम खानए पीसीआईए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीए सभी सीडीपीओए अन्य निकायों के चिकित्सा पदाधिकारी तथा कार्यक्रम में संलग्न एनजीओए एनसीसी कैडेट के पदाधिकारियों तथा डीपीएमए सलाहकार भीबीडीण जिला सहिया समन्वयकए सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक तथा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में हुई। फाइलेरिया उन्मूलन हेतु विभिन्न सम्बद्ध विभागों के प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु कार्ययोजना बनायी गई है। इसके तहत लक्षित जनसंख्या को आवश्यक दवा की एकल खुराक खिलाने की व्यवस्था की गई है।

### गोमिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस मनाई गई

**बेरमो ध्गोमिया।** गोमिया के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस मनाई गई। गोमिया प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ कपिल कुमारए सीओ संदीप अनुराग टोपनो सहित प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। ललपनिया में टीटीपीएस के जीएम अनिल कुमार शर्मा ने गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इधर गोमिया कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित की गई। यहां कांग्रेस पार्टी के गोमिया विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह ने सर्वप्रथम झंडोत्तोलन किया। इसके बाद गांधी जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अंसारीए जिला महासचिव रामकिशुन रविदासए एनुल होदाए एकराम वारसीए राहत इमामए अभय सिन्हाए कृष्णा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। स्वांग डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### एग्जाम नजदीक, बिजली गुल, कैसे होंगी एग्जाम की तैयारी: छात्राये



**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र में दस दिनों से बिजली नहीं रहने से परेशानी झेल रहे 12वीं कक्षा की छात्राओं ने टुण्डु पंचायत के मुखिया विनोद नापित से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात कर बिजली से उनके पठन-पाठन में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। वहीं सभी छात्राओं ने जल्द-से-जल्द बिजली का समाधान हो इसके लिए लिखित शिकायत दिया। छात्राओं ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में करीब 10 दिनों से बिजली नहीं हैं, एग्जाम नजदीक हैं और ऐसे में हमारी पढ़ाई में असुविधा होती है। बिजली नहीं रहने से हम पढ़ नहीं पा रहे, उक्त बाते सभी छात्राओं ने मुखिया से कहा। छात्राओं ने पत्र में मुखिया से निवेदन किया हैं कि बिजली विभाग को शिकायत की जाय, साथ ही अन्य वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाय जिससे हमारी बिजली के कारण पढ़ने-लिखने के समस्या ठीक हो सके छात्राओं में रोजी परवीन, कुसुम कुमारी, जासमीन कुमारी, पर्मिला कुमारी, प्रियंका कुमारी, नंदनी कुमारी, आरती कुमारी, सुप्रिया कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।